* ओड़िशा संस्करण
17 जनवरी, 2024
पौष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 88

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

WILD WAADI PARK
An Entertainment Hub
एशिया का
तीसरा सबसे बड़ा फ्लावर पार्क
अब रांची में


HAJAM ROAD, RANCHI (JH.)
Contact Now : 9304816880

राम मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा काउंटडाउन
05 दिन शेष


FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand

Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

## विराट-अनुष्का को मिला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण



नयी दिल्ली । भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल होने का आमंत्रण मिला। मंगलवार (16 जनवरी) को कोहली के घर राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े लोग पहुंचे। इस दौरान विराट ने पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ आमंत्रण पत्र ग्रहण किया।

# रामलला का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू

## 22 को पीएम मोदी राम मंदिर का करेंगे उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** सात दिनों तक चलने वाले रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का अनुष्ठान मंगलवार से शुरू हो गया। सरयू नदी के किनारे दशविध स्नान, विष्णु पूजा और गाय का तर्पण किया गया। वहीं, दूसरी गुजरात के वडोदरा से लायी गयी 108 फीट लंबी धूपबत्ती का प्रज्जवलित की गयी। इस धूपबत्ती को अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा बाईपास पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने प्रज्जवलित किया। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अनुष्ठान की सभी प्रक्रियाओं को वाराणसी के आचार्य गणेशवर शास्त्री द्रविड़ और काशी के मुख्य आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के नेतृत्व में 121 आचार्य पूरा करायेंगे। 22 जनवरी को पीएम मोदी राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य यजमान होंगे। भव्य राम मंदिर समारोह के लिए मंदिर ट्रस्ट ने 7,000 से अधिक प्रतिष्ठित लोगों को न्योता भेजा है। राम मंदिर 21 और 22 जनवरी को भक्तों के लिए बंद रहेगा और 23 जनवरी को फिर से दर्शन-पूजन के लिए खुलेगा। रामलला के भव्य स्वागत के लिए अयोध्या नगरी दुल्हन की तरह सजी हुई है। इसी बीच अब वीवीआइपी के स्वागत के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गयी है।



### चौखट पर गणेश जी, दरवाजे पर गरुड़ जी

गर्भगृह में जिस स्वर्ण द्वार को लगाया गया है, वो चार हिस्सों में है। एक हिस्से की चौड़ाई करीब ढाई फीट है यानी द्वार की कुल चौड़ाई करीब 10 फीट है और ऊंचाई भी करीब 8 फीट है। दरवाजे के हर एक हिस्से पर गरुड़ जी विराजमान हैं। वहीं, द्वार की चौखट संगमरमर की जिसके ठीक बीच में भगवान गणेश की मूर्ति बनी हुई है।

### गर्भगृह में लगेगी 5 वर्ष के रामलला की मूर्ति

राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की जो मूर्ति स्थापित होगी, वो मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनायी है। गर्भगृह में रामलला की 5 वर्ष के बाल स्वरूप की मूर्ति लगेगी, जो कृष्णशिला पर बनायी गयी है। इसका वजन 150 से 200 किलो के बीच है।

### आज से 22 जनवरी तक प्राण प्रतिष्ठा का शेड्यूल

- 17 जनवरी
रामलला की मूर्ति लेकर जुलूस अयोध्या पहुंचेगा और मंगल कलश में सरयू का जल लेकर भक्त राम जन्मभूमि मंदिर पहुंचेंगे।
- 18 जनवरी
गणेश अंबिका पूजा, वरुण पूजा, मातृका पूजा, ब्राह्मण वरण और वास्तु पूजा के साथ औपचारिक अनुष्ठान शुरू होंगे।
- 19 जनवरी
पवित्र अग्नि जलाई जाएगी, उसके बाद ह्यनवग्रहह्न की स्थापना और ह्यहवनह्न किया जाएगा।
- 20 जनवरी
राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह को 20 जनवरी को सरयू के जल से स्नान कराया जायेगा जिसके बाद वास्तु शांति और अन्नाधिवास अनुष्ठान होगा।
- 21 जनवरी
रामलला की मूर्ति को 125 कलशों से स्नान कराया जाएगा और उन्हें आराम करने दिया जाएगा।
- 22 जनवरी
मुख्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे शुरू होगा जिसके बाद राम लला की मूर्ति का अभिषेक किया जाएगा। अभिषेक समारोह में 150 देशों के भक्तों के शामिल होने की संभावना है।

## हजारीबाग में छापेमारी के बाद इडी ने की कार्रवाई

# कोयला कारोबारी इजहार अंसारी गिरफ्तार

- इडी ने इजहार के तीन ठिकानों पर छापेमारी के बाद किया है गिरफ्तार
- ठिकानों से मिले हैं 13 लाख रुपये नकद व शेल कंपनियों से संबंधित दस्तावेज
- तत्कालीन खान एवं भूतत्व विभाग की सचिव पूजा सिंघल का था करीबी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ईडी ने मनरेगा घोटाले में गिरफ्तार निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के करीबी हजारीबाग के बड़े कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। वह कहकशां ग्रुप ऑफ कंपनीज के अलावा कई शेल कंपनियों का संचालक है, जिनके माध्यम से काले धन का संचालन कर रहा था। ईडी ने मंगलवार को इजहार अंसारी के हजारीबाग, रामगढ़ के कुजू सहित तीन ठिकानों पर दिनभर चली छापेमारी के बाद उसे गिरफ्तार किया है।

**13 लाख नकदी और दस्तावेज बरामद :** उसके ठिकानों से 13 लाख रुपये नकदी के अलावा विभिन्न शेल कंपनियों व काले धन के निवेश से संबंधित दस्तावेज मिले हैं, जिसका ईडी सत्यापन कर रही है। ईडी ने जहां छापेमारी की है, उनमें हजारीबाग के लोहसिंघना थाना क्षेत्र के मिल्लत कालोनी स्थित आवास, रामगढ़ के कुजू ओपी क्षेत्र में इजहार की फैक्ट्री व एक अन्य ठिकाना शामिल है। इजहार अंसारी ईडी के पूर्व में भेजे गए समन की अवहेलना कर रहा था और पूछताछ में उपस्थित नहीं हो रहा था। अब ईडी उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इजहार पर तत्कालीन खान एवं भूतत्व विभाग की सचिव पूजा सिंघल के सहयोग से अवैध तरीके से कोयले का आवंटन लेकर करोड़ों रुपये की काली कमाई का आरोप है।





### आइएएस अधिकारी की मदद से की काली कमाई

ईडी की छानबीन में यह खुलासा हुआ है कि कोयला कारोबारी इजहार अंसारी ने तत्कालीन खान एवं भूतत्व विभाग की सचिव पूजा सिंघल की मदद से कोयले के धंधे में खूब काली कमाई की। अवैध कमाई का हिस्सा उसने पूजा सिंघल तक उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमन कुमार की मदद से पहुंचाया।मनरेगा घोटाले में वर्ष 2022 में पूजा सिंघल के चार्टर्ड अकाउंटेंट के पास से ईडी ने 19.76 करोड़ रुपये बरामद किए थे। इसके बाद ईडी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट से लंबी पूछताछ की थी, जिसमें यह खुलासा हुआ था कि पूजा सिंघल तक कोयले के अवैध खनन का पैसा भी पहुंचता था। इसमें इजहार अंसारी कोयले के धंधे में सर्वाधिक काला धन पूजा सिंघल तक पहुंचाता था।फर्जी कंपनियों के नाम पर कोयला उठाकर खुले बाजार में बेचते थे ईडी की यह छापेमारी कोल लिंकेज से संबंधित थी। इजहार अंसारी पर आरोप है कि उसने फर्जी कंपनियों के नाम पर रियायती दर पर कोयला उठाया और उसे खुले बाजार में बेचा। ईडी को उसके ठिकानों से विभिन्न फर्जी कंपनियों से संबंधित दस्तावेज भी मिले थे, जिसके बारे में ईडी ने गत वर्ष उससे पूछताछ भी की थी।

गत वर्ष ईडी ने तीन मार्च 2023 को इजहार अंसारी के ठिकानों पर पहली बार छापेमारी की थी। उस वक्त ईडी को इजहार अंसारी के मिल्लत कालोनी स्थित आवास से तीन करोड़ 58 लाख रुपये नकदी व भारी मात्रा में कोयले के अवैध धंधे से संबंधित दस्तावेज मिले थे।


# शारदा ग्लोबल स्कूल में विन्टर कार्निवल यूफोरिया की धूम

## बच्चों एवं अभिभावकगण ने उठाया भरपूर लुत्फ

राँची। 14 जनवरी 2024 शारदा ग्लोबल स्कूल में चिरप्रतिक्षित 'विन्टर कार्निवल यूफोरिया का आयोजन पूरे जोश एवं उत्साह से सम्पन्न हुआ जिसमें विद्यालय एवं विद्यालय से इतर छात्रों, बच्चों एवं अभिभावकगण ने कलरफुल गेम स्टॉल्स, राइड्स, स्पोर्ट एक्टीविटिज, रैम्पवॉक, फोटो बूथ, टैटू स्टॉल फोटो शूट के साथ-साथ लजीज व्यञ्जनों के साथ-साथ पतंगबाजी का जमकर आनन्द उठाया तथा अभिभावकों ने इनमें हिस्सा लेकर अपनी बचपन की यादों को ताजा किया।

वास्तव में ऐसे आयोजनों से छात्रों को दिमागी और रोचक प्रशिक्षण मिलता है जहाँ बच्चे खेल-खेल में ही जीवनपयोगी क्रिया कलापों से परिचित हो जाते हैं जैसे कूपन लेकर खेलना और खिलवाना उन्हें कॉमर्स की सीख देता है क्योंकि प्रैक्टिकली किया कार्य बच्चे जल्दी सीख जाते हैं क्योंकि वह जीवन्त स्तर पर किया जाता है।

चित्रकला के लिए चित्रकला में रूचि रखने वाले छात्रों के लिए कैनवास और रंग उपलब्ध थे जहाँ बच्चों ने अपने अन्दर की प्रतिभा को चित्रों एवं रंगों के माध्यम से कैनवास पर साकार रूप दिया।





पेंटिंग करते बच्चे

पतंगबाजी जो बहुत पुराना और मनोरंजक खेल है लेकिन समय के साथ-साथ विलुप्त होता जा रहा है इसके द्वारा ऊपर हवा में कैसे बैलेंस बनाकर पतंग उड़ाई जाती है बच्चों को यह सीखने को मिला ।

इसी तरह तीरन्दाजी द्वारा बच्चों ने लक्ष्य साधने का अभ्यास किया। छात्रों ने स्कूल कैम्पस में उपलब्ध इस खेल में अति उत्साही बनकर भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में श्री करमवीर जी (संगठन महामंत्री, झारखण्ड स्टेट भाजपा), श्री विरन्ची नारायण (एम.एल.ए) बोकारो, श्री बालमुकुन्द सहाय (भाजपा झारखण्ड स्टेट महामंत्री) एवं डायरेक्टर इण्डियन बैंक रहे, इसके अतिरिक्त विद्यालय के चेयरमैन श्री संजय शारदा, डायरेक्टर श्री दीपक बंका तथा अनुज रंजन, विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ॰ (श्रीमती) रंजना स्वरूप, प्राचार्या महोदया जसमीत कौर, श्रीमती दीपा बंका तथा शिक्षकवृन्द उपस्थित थे।

अतिथिगण ने छात्रों के सभी स्टॉल्स का भ्रमण किया तथा स्टॉल्स की सजावट एवं उनके द्वारा आयोजित स्पोटर्स में भाग लेकर छात्रों की प्रशंसा तथा उत्साहवर्धन किया।



ट्रिक एंड ट्रिट

अतिथियों ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि शारदा ग्लोबल स्कूल छात्रों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र से परिचित करवा रहा है जहाँ एक ही जगह छात्र ज्ञान, विज्ञान खेल, चित्रांकन, तीरंदाजी आदि खेलों को रोचक ढंग से सीख रहे हैं ऐसा कार्यक्रम किसी और विद्यालय में देखने को नहीं मिलता है। यह अपने में बिल्कुल ही अनूठा है। वास्तव में सही शिक्षा वही है जो जीवन के लिए उपयोगी हो।




2024 का कैलेंडर जारी करते हुए अतिथिगण



डायरेक्टर दीपक बंका द्वारा मुख्य अतिथि करमवीर सिंह को मोमेंटो प्रदान करते हुए

विद्यालय के चेयरमैन श्री संजय शारदा, डायरेक्टर श्री दीपक बंका एवं श्री अनुज रंजन ने भी आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. (श्रीमती) रंजना स्वरूप एवं प्राचार्या महोदया श्रीमती जसमीत कौर का उचित एवं दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि यहाँ के छात्र सही निर्देशन एवं मार्गदर्शन में न केवल शिक्षण बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।







डायरेक्टर दीपक बंका द्वारा बोकारो एमएलए बिरंची नारायण को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए



बोकारो एमएलए बिरंची नारायण बैलुन शुट करते हुए



डायरेक्टर दीपक बंका द्वारा बाल मुकुन्द सहाय को मोमेंटो प्रदान करते हुए



स्ट्राईक गेम का लुत्फ उठाते हुए अभिभावक



तीरदांजी का आनन्द उठाते अभिभावक



मिक्की जंपिंग का आनन्द उठाते बच्चे

ADMISSIONS OPEN - 2024-25
CLASS PRE-NURSERY TO IX AND XI
HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR BOYS FROM CLASS 3 ONWARDS

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,900 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 17 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## श्री अयोध्या धाम और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर विशेष शृंखला:6

# जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कोर्ट में साबित किया था, जन्मभूमि यहीं है

## ■ वेदों और पुराणों के उद्धरणों के साथ दिया था जज के सवालों का जवाब

## ■ नेत्रहीन होने के बावजूद मंदिर निर्माण के रास्ते की हर रुकावट को दूर किया

श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर जिस भव्य मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को होगा, उसके निर्माण के रास्ते में कितनी बाधाएं और रुकावटें आयीं, इसकी कल्पना भी कठिन है। पांच शताब्दियों का इंतजार पूरा होने के रास्ते में आनेवाली इन रुकावटों को दूर करने में एक तरफ जहां संतों-धर्माचार्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, वहीं कारसेवकों के रूप में रामभक्तों के बलिदान के साथ सरकारी अधिकारियों और न्यायविदों ने भी अहम भूमिका निभायी। तरह-तरह के तर्क, दलील और वेदों-पुराणों के अध्ययन से जुटायी गयी जानकारी के हथियार से इस लड़ाई को न केवल लड़ा गया, बल्कि विजय हासिल की गयी, जिसकी परिणति मंदिर के रूप में हो रही है। मंदिर के रास्ते में आनेवाली रुकावटों को दूर करने में जिन संतों-धर्माचार्यों ने प्रमुख भूमिका निभायी, उनमें जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य का नाम सबसे पहले लिया जा सकता है। यह वही जगद्गुरु हैं, जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपनी गवाही के दौरान वेदों-पुराणों के उद्धरणों से साबित किया था कि भगवान श्रीराम की जन्मभूमि यहीं है। नेत्रहीन होने के बावजूद जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य ने मंदिर निर्माण के संकल्प को पूरा करने के लिए बहुत सारे काम किये। इनके अलावा एक और संत थे सत्यनारायण मौर्य, जिन्होंने पहली बार 'रामलला हम आयेंगे, मंदिर वहीं बनायेंगे' का नारा बुलंद किया था, जो मंदिर आंदोलन का सूत्रवाक्य बन गया। मंदिर आंदोलन की इन दोनों महान विभूतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

वह दृश्य था सुप्रीम कोर्ट का। श्रीराम जन्मभूमि के पक्ष में वादी के रूप में उपस्थित थे धर्मचक्रवर्ती, तुलसीपीठ के संस्थापक, पद्मविभूषण, जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी, जो विवादित स्थल पर श्रीराम जन्मभूमि होने के पक्ष में शास्त्रों से प्रमाण पर प्रमाण दिये जा रहे थे। न्यायाधीश की कुर्सी पर बैठे जज मुसलमान थे। उन्होंने सवाल किया, आप लोग हर बात में वेदों से प्रमाण मांगते हैं, तो क्या वेदों से ही प्रमाण दे सकते हैं कि श्रीराम का जन्म अयोध्या में उस स्थल पर ही हुआ था? जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी (जो प्रज्ञाचक्षु, यानी नेत्रहीन हैं) ने बिना एक पल भी गंवाये कहा, दे सकता हूं महोदय। और उन्होंने ऋग्वेद की जैमिनीय संहिता से उद्धरण देना शुरू किया, जिसमें सरयू नदी के स्थान, विशेष से दिशा और दूरी का बिल्कुल सटीक ब्योरा देते हुए श्रीराम जन्मभूमि की स्थिति बतायी गयी है। रामभद्राचार्य ने बताया कि अथर्ववेद के दशम कांड के 31वें अनु वाक्य के द्वितीय मंत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि आठ चक्रों और नौ प्रमुख द्वार वाली श्री अयोध्या देवताओं की पुरी है। उसी अयोध्या में मंदिर महल है। उसमें परमात्मा स्वर्ग लोक से आये। साथ ही यह भी लिखा है कि प्रभु राम के जन्मस्थान से तीन सौ धनुष की दूरी पर सरयू नदी बहती है। कोर्ट के आदेश से जैमिनीय संहिता मंगायी गयी और उसमें जगद्गुरु जी द्वारा निर्दिष्ट संख्या को खोल कर देखा गया और समस्त विवरण सही पाये गये। जिस स्थान पर श्रीराम जन्मभूमि की स्थिति बतायी गयी है, विवादित स्थल ठीक उसी स्थान पर है। और जगद्गुरु जी के वक्तव्य ने फैसले का रुख हिंदुओं की तरफ मोड़ दिया। मुसलमान जज ने स्वीकार किया, आज मैंने भारतीय प्रज्ञा का चमत्कार देखा। एक व्यक्ति, जो भौतिक आंखों से रहित है, कैसे वेदों और शास्त्रों के विशाल वाङ्मय से उद्धरण दिये जा रहा था। यह ईश्वरीय शक्ति नहीं तो और क्या है।

**सिर्फ दो माह की उम्र में आंख की रोशनी चली गयी, 22 भाषाएं आती हैं, 80 ग्रंथों की रचना कर चुके हैं :** सनातन धर्म को दुनिया का सबसे पुराना धर्म कहा जाता है। वेदों और पुराणों के मुताबिक सनातन धर्म तब से है, जब यह सृष्टि ईश्वर ने बनायी, जिसे बाद में साधुओं और संन्यासियों ने आगे बढ़ाया। ऐसे ही आठवीं सदी में शंकराचार्य आये, जिन्होंने सनातन धर्म को आगे बढ़ाने में मदद की। पद्मविभूषण रामभद्राचार्य जी एक ऐसे संन्यासी हैं, जो अपनी दिव्यांगता को हरा कर जगद्गुरु बने। जगद्गुरु रामभद्राचार्य चित्रकूट में रहते हैं। उनका वास्तविक नाम गिरिधर मिश्रा है। उनका जन्म उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में हुआ था। रामभद्राचार्य एक प्रख्यात विद्वान, शिक्षाविद्, बहुभाषाविद्, रचनाकार, प्रवचनकार, दार्शनिक और धर्मगुरु हैं। वह रामानंद संप्रदाय के वर्तमान चार जगद्गुरु रामानंदाचार्यों में से एक हैं और इस पद पर साल 1988 से प्रतिष्ठित हैं। रामभद्राचार्य चित्रकूट में स्थित संत तुलसीदास के नाम पर स्थापित तुलसी पीठ नामक धार्मिक और सामाजिक सेवा स्थित जगद्गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय के संस्थापक हैं और आजीवन कुलाधिपति हैं। जगद्गुरु रामभद्राचार्य जब सिर्फ दो माह के थे, तभी उनकी आंखों की रोशनी चली गयी थी। वह बहुभाषाविद् हैं और 22 भाषाएं, जैसे संस्कृत, हिंदी, अवधी, मैथिली सहित कई भाषाओं में कवि और रचनाकार हैं। उन्होंने 80 से अधिक पुस्तकों और ग्रंथों की रचना की है, जिनमें चार महाकाव्य (दो संस्कृत और दो हिंदी में) हैं। उन्हें तुलसीदास पर भारत के सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञों में गिना जाता है। वह न तो पढ़ सकते हैं और न लिख सकते हैं और न ही ब्रेल लिपि का प्रयोग करते हैं। वह केवल सुन कर सीखते हैं और बोल कर अपनी रचनाएं लिखवाते हैं। साल 2015 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मविभूषण से सम्मानित किया। अगस्त, 2000 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित सहस्राब्दी विश्व शांति शिखर सम्मलेन में भारत के आध्यात्मिक और धार्मिक गुरुओं में जगद्गुरु रामभद्राचार्य सम्मिलित थे। संयुक्त राष्ट्र को उद्बोधित करते हुए उन्होंने भारत और हिंदू शब्दों की संस्कृत व्याख्या और ईश्वर के सगुण और निर्गुण स्वरूपों का उल्लेख करते हुए शांति पर वक्तव्य दिया। इस वक्तव्य द्वारा उन्होंने विश्व के सभी विकसित और विकासशील देशों से एकजुट होकर दरिद्रता उन्मूलन, आतंकवाद दलन और निःशस्त्रीकरण के लिए प्रयासरत होने का आह्वान किया। वक्तव्य के अंत में उन्होंने शांति मंत्र का पाठ किया।

## जन्मभूमि का स्थान साबित किया

जुलाई 2003 में जगद्गुरु रामभद्राचार्य इलाहाबाद हाइकोर्ट के सम्मुख अयोध्या विवाद के अपर मूल अभियोग संख्या पांच के अंतर्गत धार्मिक मामलों के विशेषज्ञ के रूप में साक्षी बन कर प्रस्तुत हुए। उनके शपथ पत्र और जिरह के कुछ अंश अंतिम निर्णय में उद्धृत हैं। अपने शपथ पत्र में उन्होंने सनातन धर्म के प्राचीन शास्त्रों (वाल्मीकि रामायण, रामतापनीय उपनिषद्, स्कंद पुराण, यजुर्वेद, अथर्ववेद इत्यादि) से उन छंदों को उद्धृत किया, जो उनके मतानुसार अयोध्या को एक पवित्र तीर्थ और श्रीराम का जन्मस्थान सिद्ध करते हैं। उन्होंने तुलसीदास की दो कृतियों से नौ छंदों (तुलसी दोहा शतक से आठ दोहे और कवितावली से एक कवित्त) को उद्धृत किया, जिनमें उनके कथनानुसार अयोध्या में मंदिर के तोड़े जाने और विवादित स्थान पर मस्जिद के निर्माण का वर्णन है। प्रश्नोत्तर के दौरान उन्होंने रामानंद संप्रदाय के इतिहास, उसके मठों, महंतों के विषय में नियमों, अखाड़ों की स्थापना और संचालन और तुलसीदास की कृतियों का विस्तृत वर्णन किया। मूल मंदिर के विवादित स्थान के उत्तर में होने के प्रतिपक्ष द्वारा रखे गये तर्क का निरसन करते हुए उन्होंने स्कंद पुराण के अयोध्या महात्म्य में वर्णित राम जन्मभूमि की सीमाओं का वर्णन किया, जो कि न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल द्वारा विवादित स्थल के वर्तमान स्थान से मिलती हुई पायी गयी।



### कुल 441 प्रमाण दिये, 437 सही साबित हुए

स्वामी रामभद्राचार्य ने अयोध्या में प्रभु राम जन्म के 441 प्रमाण दिये थे। जब खुदाई हुई, तो उनमें से 437 प्रमाण सही साबित हुए थे। रामभद्राचार्य द्वारा प्रभु राम के जन्म के प्रमाण का यह वीडियो इस समय खूब वायरल हो रहा है।

### कहा, भगवान राम को देखा है

एक बार जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य से पूछा गया कि क्या आपने प्रभु राम को देखा है। इस पर उन्होंने एक घटना सुनायी। उन्होंने कहा कि लोगों ने तो प्रभु राम की केवल तस्वीरें और मूर्तियां देखी हैं, लेकिन मैंने उन्हें बहुत निकट से देखा है और वह अनुभव दिव्य था। एक बार मैं यूपी के उन्नाव में था। वहां मेरी कथा थी और हम टेंट में ठहरे हुए थे। सुबह के समय जब मेरे सभी विद्यार्थी अपने कामों में व्यस्त थे, तभी मुझे लघुशंका जाना था और मैं रास्ता भूल गया। उसी समय तीन साल का सुंदर बालक आया, उसने मेरा हाथ थामा और मुझे बाथरूम तक ले गया। बाद में वह मुझे लौटा कर टेंट तक भी लाया, लेकिन जब मैंने उसे पकड़ना चाहा, तो वह दूर हो गया। मैं आज भी उस समय को भूल नहीं पाया।

### राघवेंद्र सरकार ने लिया बदला

मंदिर निर्माण का रास्ता साफ होने पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने बताया कि राम मंदिर के निर्माण की उन्हें काफी सालों से प्रतीक्षा थी। जैसे एक माली को अपने रोपे पौधे में फल आने की प्रतीक्षा होती है। वहीं राम मंदिर आंदोलन को याद करते हुए रामभद्राचार्य ने बताया कि पुलिस की कठोर यातनाएं सहीं। जेल गये। पुलिस के डंडे सहे। पुलिस का एक डंडा ऐसा लगा कि मेरी दाहिनी कलाई टेढ़ी हो गयी, लेकिन भगवान की कृपा से राघवेंद्र (भगवान राम) सरकार ने अपने अपमान का बदला ले लिया।

### इंदिरा गांधी का प्रस्ताव ठुकराया

जगद्गुरु रामभद्राचार्य बताते हैं कि जब कोर्ट में राम मंदिर का साक्ष्य देने की बारी आयी, तो कोर्ट ने उनसे पूछा, आप तो दृष्टिबाधित हैं। कैसे साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे। मैंने शपथपत्र प्रस्तुत किया और कोर्ट से पूछा, आप किस विषय में साक्ष्य लेना चाहते हैं। कोर्ट ने कहा, शास्त्र के विषय में। मैंने कहा कि उसके लिए आंखों की जरूरत नहीं होती। शास्त्र ही सबका नेत्र होता है। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने आगे बताया, मुझे तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1974 में प्रस्ताव दिया कि वह मेरी आंखें बनवा सकती हैं। मैंने कहा कि यह संसार देखने योग्य नहीं है और मैंने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया।

## 'मंदिर वहीं बनायेंगे' का नारा देनेवाले बाबा सत्यनारायण मौर्य

22 जनवरी 2024 सोमवार को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। करीब पांच सौ साल से मंदिर बनने का सपना देख रहे हर रामभक्त की मुराद पूरी होगी। मंदिर बनने का सफर बहुत लंबा रहा। इसमें कई रामभक्तों ने अपने प्राण दिये, अनेक ने अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। एक ऐसे ही कारसेवक हैं बाबा सत्यनारायण मौर्य, जिन्होंने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान हिंदुओं में उत्साह का संचार करनेवाले कई नारे दिये। एक नारा 'रामलला हम आयेंगे, मंदिर वहीं बनायेंगे' ने पूरे देश में राम नाम की अलख जगाने में महती भूमिका निभायी। इस नारे के प्रणेता बाबा सत्यनारायण मौर्य एक भटकते हुए बाबा के रूप में भी पहचाने जाते हैं। फिलहाल इनका ठिकाना इंदौर, उज्जैन और मुंबई है। रामभक्ति में लीन रहने वाले बाबा मौर्य शुरुआती दिनों में पढ़ाई खत्म करने के बाद मंदिर आंदोलन से जुड़ गये और अयोध्या की गलियों में राम मंदिर निर्माण की अलख जगाने लगे। पेंटिंग के शौकीन बाबा ने गेरू की मदद से गली, मोहल्लों की हर दीवार पर नारे लिखना शुरू कर दिया। इन्हीं में से एक नारा था, 'रामलला हम आयेंगे, मंदिर वहीं बनायेंगे'। इस नारे ने हर रामभक्त में एक नयी ऊर्जा का संचार किया। श्रीलंका से भगवान श्रीराम की चरण पादुका लेकर यात्रा पर निकले बाबा मौर्य ने मंदिर निर्माण पूरा होने पर खुशी जतायी।

### ऐसे शुरू हुआ बाबा सत्यनारायण मौर्य का सफर

बाबा सत्यनारायण मौर्य को उज्जैन में पढ़ाई के दौरान मंदिर आंदोलन से जुड़ने का मौका मिला। वह यहां दीवारों पर नारे उकेरने लगे। 1990 में दोस्तों के साथ अयोध्या की ओर रुख किया। यहां भी दीवारों पर नारे लिखने लगे। उनके लिखे नारे जब विश्व हिंदू परिषद के प्रमुख अशोक सिंघल ने पढ़े, तो उन्होंने कहा कि इसे आगे बढ़ायें। जब बाबा के गाने और कविताओं के बारे में सिंघल को पता चला, तो उन्होंने दिल्ली भेज कर गाने और नारों की कैसेट रिकॉर्ड करवायी। ये नारे बाद में मंच पर गूंजने लगे। इसके बाद बाबा को धीरे-धीरे मंच प्रमुख घोषित कर दिया गया। उज्जैन में आयोजित एक कार्यक्रम में बाबा ने मंच से ही 'रामलला हम आयेंगे मंदिर वहीं बनायेंगे' का नारा दिया था। बाबा बताते हैं कि एक गीत था, 'सौगंध राम की खाते हैं, हम मंदिर वहीं बनायेंगे'। इसे गाते समय कई पंक्तियां जुड़ीं, लेकिन इसमें एक पंक्ति, 'रामलला हम आयेंगे, मंदिर वहीं बनायेंगे' खूब चली। बाबा ने 'रक्त देंगे, प्राण देंगे मंदिर का निर्माण करेंगे' जैसे कई नारे दिये। आज मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के सवाल पर बाबा कहते हैं कि हम एक सपना देखते हैं और उसे पाने के बाद कितने खुश होते हैं। उसी प्रकार रामलला का मंदिर प्रत्येक कारसेवक के जीवन का अमूल्य सपना है, जो अब पूर्ण होनेवाला है।

### बैनर के कपड़े से रामलला का अस्थायी मंदिर बनाया

1992 में जब ढांचा गिराया गया, उसके पहले से वह वहां पेंटिंग के लिए मौजूद थे। उन्होंने पूरे अयोध्या में बहुत सारे बैनर लगाये थे। उस समय चार फीट चौड़ा कपड़ा बहुत कम मिल पाता था। इसलिए वह उज्जैन से तीन-चार थान कपड़ा लेकर गये थे। पीले रंग का कपड़ा तो उन्होंने बैनर बनाने में इस्तेमाल कर लिया था। उन्हें नहीं पता था कि 6 दिसंबर को ढांचा गिराया जायेगा। ढांचा गिरने के बाद जब सरकार ने नये निर्माण पर रोक लगा दी, तो कारसेवकों ने कहा कि अब क्या करें। इसके बाद उन्होंने उसी मलबे में तख्त रख कर रामजी को बिठा दिया। इसके बाद पत्थर बराबर किये और लकड़ी गाड़ कर बैनर वाले गुलाबी कपड़े से अस्थायी मंदिर बना दिया। इसके बाद उन्हें दीवार बनाने का मौका मिला, तो उन्होंने हाथ से ही ईंट रखना शुरू कर दिया। आठ तारीख को केंद्रीय पुलिस आ गयी। सभी बड़े नेता अंडरग्राउंड हो गये।

### प्रोफेसर बनने निकले थे बाबा, बन गये कारसेवक

मौर्य मूलतः राजगढ़ के रहने वाले हैं। बाबा ने एम कॉम किया और एमए गोल्ड मेडलिस्ट रहे हैं। पिता टीचर थे। फिर भाई और दोनों बहनें भी टीचर बनीं। बाबा भी प्रोफेसर बनने निकले थे, लेकिन नौकरी में जाने के बजाय परमात्मा ने उन्हें कारसेवक बना कर अयोध्या पहुंचा दिया। जब वह वहां हाफ पैंट और बनियान में घूमते थे और लोगों को पता चलता था कि वह गोल्ड मेडलिस्ट हैं, तो वे हंसते थे। बाबा ने जो अस्थायी मंदिर उस समय बनाया था, वह आज तक बना हुआ है।

### पुलिस का डर था, पर कारसेवा से नहीं डिगे बाबा सत्यनारायण मौर्य

बाबा जब तक अयोध्या में रहे, लगातार झांकी, आकृति और नारे दीवारों पर बनाते रहे। उस समय यह ध्यान रखना होता था कि कहीं पुलिस तो नहीं आ रही है। इसी खतरे के कारण वह जल्द से जल्द आकृति बनाने लगे। 6 दिसंबर, 1992 को जिस मंच पर वह थे, वहां भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी समेत कई बड़े नेता थे। वही उसमें एक ऐसे थे, जिसे कोई नहीं जानता था। प्रसिद्ध नहीं होना ही उनके बचने का कारण था, क्योंकि उस दिन मंच का संचालन उन्होंने किया था। पूरे अयोध्या में पेंटिंग उन्होंने बनायी थी। मंदिर आंदोलन के प्रांत प्रचारक वह थे। रामचरण पादुका की कई कैसेट आंदोलन के लिए बनायी थी। उस समय जो 40 लोग पकड़े गये, वे सभी नेता बन गये। उनका नाम नहीं था, इसलिए वह बच गये।

### अमेरिका में 57 बार लगायी पेंटिंग

बाबा ने 57 बार राम की प्रदर्शनी अमेरिका में लगायी। वेस्टइंडीज में भी प्रदर्शनी लगायी। अशोक सिंघल के साथ सात साल और नरेंद्र मोदी के साथ काम किया। मध्यप्रदेश चुनाव प्रचार में मुंबई से आते थे। पांच साल तक टीवी में भी काम किया। दुनियाभर में जाने के कारण अब समय नहीं मिल पाता। वह कहते हैं, परमात्मा के काम के लिए पैदा हुए हैं, नाम के लिए नहीं। मेरे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार यही है कि प्रधानमंत्री नाम से जानते हैं। कई राज्यों के मुख्यमंत्री मुझे सम्मान देते हैं। विदेशों में राष्ट्राध्यक्ष मुझसे मिलते हैं।

### बाबा को आया न्योता

बाबा सत्यनारायण मौर्य को 22 जनवरी को अयोध्या के भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का न्योता मिला है, जो कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर अपने स्वप्न को यथार्थ बनते देखेंगे। वह कहते हैं कि यह उस समय का संघर्ष है, जब हमने कार सेवा की थी, जिसके कारण आज यह क्षण आया है।

## खिलाड़ी बन कर निकले कार सेवा करने अयोध्या तक दिया था पुलिस को चकमा

30 अक्तूबर 1990। राम मंदिर आंदोलन में विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर गोरखपुर से भारी संख्या में कारसेवक अलग-अलग जत्था बना कर अयोध्या के लिए निकले थे। इसमें एक जत्था ऐसा था, जिसके सभी सदस्य पुलिस को चकमा देने के लिए फुटबॉल खिलाड़ी बन कर निकले थे। रास्ते में पुलिस को चकमा देने में कामयाब भी हुए, लेकिन अयोध्या से कुछ दूर पहले ही पुलिस ने उन्हें रोक लिया। उनके द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बताये गये गांव की तस्दीक करायी गयी, जिससे मामला पकड़ में आ गया। पुलिस ने दोबारा न आने की हिदायत देकर छोड़ा। उस जत्थे में शामिल लोगों को अयोध्या न पहुंच पाने का मलाल हमेशा रहा, लेकिन अब राम मंदिर निर्माण से उस दौरान की निराशा खुशी में



बदल गयी है। उन कारसेवकों में शामिल सबल सिंह बताते हैं, गगहा ब्लॉक के गगहा गांव से 10 लोगों का एक जत्था अयोध्या जाने के लिए तैयार हुआ। सबने तय किया कि वे लोग साइकिल से निकलेंगे। एक स्थान पर साइकिल रख कर पैदल अयोध्या जायेंगे। तय हुआ कि करीब 20 किलोमीटर दूर नेवास गांव पहुंच कर रात्रि विश्राम करेंगे। 26 अक्तूबर को जब हम लोग निकलने लगे, तो मां ने थाली में दही-चंदन और रोरी का टीका लगा कर सभी कारसेवकों को विदा किया। इसमें उनका बेटा सबल सिंह भी शामिल था। तय रणनीति के तहत नेवास गांव में रात्रि विश्राम किये। दूसरे दिन ढेबरा गांव पहुंचे और वहां पर साइकिल रख कर पैदल ही अयोध्या के लिए रवाना हो गये। उस दौरान मेरी उम्र 19 साल थी। तीसरे दिन बस्ती जिले के एक गांव के मंदिर में जाकर रुक गये। भोर में उठे और मंजिल की तरफ बढ़ने लगे। एक गांव पार कर रहे थे, तब पता चला कि आगे रास्ते पर पुलिस ने नाकेबंदी कर दी है। हम गांव में ही रुक गये। दो रात तक वहीं ठहरे रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.2 °c | 6.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.27 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.18 बजे |



# ट्रांसजेंडर के लिए बनेगा बोर्ड, जिला स्तर पर भी कमेटी होगी गठित: कृपानंद झा

## महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने बतायी विभाग के चार वर्षों की उपलब्धियां और नवीन प्रयासों की दी जानकारी

**पेंशनधारियों में बीते चार सालों में 82 प्रतिशत की वृद्धि, 35 लाख से ज्यादा लाभार्थी**

**2023-24 में 10 लाख से ज्यादा कंबल का वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में 9 लाख बालिकाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में ट्रांसजेंडर्स के उत्थान के लिए बोर्ड का गठन किया जायेगा। साथ ही प्रत्येक जिला में उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया जायेगा। वर्तमान में ट्रांसजेंडरों को ओबीसी-टू का दर्जा दिया गया है और विभाग उनके उत्थान के लिए एक समेकित योजना तैयार कर रहा है। उक्त जानकारी महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव कृपानंद झा सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के कांफ्रेंस हॉल में पत्रकार वार्ता में कहीं।

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव कृपानंद झा ने बताया कि विभागीय स्तर पर सामाजिक उत्थान की दिशा में मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश पर विभिन्न स्तर पर सामाजिक सुरक्षा के तहत कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सर्वजन पेंशन योजना के तहत राज्य में कुल नौ योजनाएं चलायी जा रही हैं, जिनमें तीन योजनाएं केंद्र संपोषित हैं तथा छह योजनाएं राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पेंशनधारियों को ससमय लाभान्वित किया जा सके, इसके लिए सरकार ने अलग से 100 करोड़ का रिवॉल्विंग फंड का इंतजाम किया है। चार वर्षों में राज्य के पेंशनधारियों में 82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। 2023 में आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कुल 6 लाख 56 हजार से ज्यादा पेंशन के आवेदन प्राप्त हुए हैं। 50 से 60 आयु वर्ग की एससी-एसटी महिलाएं भी वृद्धावस्था पेंशन के लिए पात्र होंगी। अतिरिक्त लाभार्थी की अपेक्षित संख्या लगभग 18 लाख है।

### जल्द भरी जायेंगी रिक्तियां

**विभाग के अधीन बाल विकास परियोजना के रिक्त पदों में विरुद्ध 64 पदों पर तथा महिला पर्यवेक्षिकाओं के रिक्त पदों के विरुद्ध 444 पदों पर नियुक्ति संबंधी कार्रवाई की जा रही है। इन रिक्त पदों को भरने के लिए जेपीएससी और जेएसएससी की सहायता ली जायेगी।**

राज्य में सावित्रीबाइ फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत किसी कारणवश ड्रॉप आउट हो रही बच्चियों को प्रोत्साहित करने के लिए और उन्हें शिक्षित बनाने के लिए 2023-24 में अब तक 6 लाख 21 हजार लाभार्थियों को योजना से आच्छादित किया गया है। वहीं बीते 2022--23 में 7 लाख 28 हजार से ज्यादा बच्चियों एवं किशोरियों को लाभान्वित किया गया था।

**6850 आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में किया जायेगा विकसित :** श्री कृपानंद झा ने बताया कि राज्य में कुल 378 हजार 432 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 6850 केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित किया जायेगा। साथ ही 29 हजार से ज्यादा सेविकाओं को स्मार्ट मोबाइल उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 10 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन का निर्माण डीएमएफटी/ सीएसआर फंड के तहत कराने की योजना है।

सेविकाओं और सहायिकाओं को सुविधा देने के साथ केंद्रों में प्रदाय सेवाओं को ज्यादा प्रभावकारी बनाने का प्रयास भी विभाग की ओर से किया जा रहा है। मातृ किट वितरण की योजना सरकार ने शुरू की है। साथ ही सेनेटरी नैपकिन का भी वितरण किया जायेगा। चालू वित्तीय वर्ष में 11 हजार 880 कन्याओं को विवाह पर आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी गयी है। विधि के उल्लंघन में लिप्त बच्चों के मामलों के निपटारा हेतु सृजित किशोर न्याय बोर्ड को बढ़ा कर 26 किया गया है, ताकि ऐसे मामलों में उचित एवं त्वरित निपटान किया जा सके। चाइल्ड इन कंफ्लिक्ट विद ला के लिए रांची जिले में 1107.23 लाख से 50 शैय्या वाले एक प्लेस आफ सेप्टी के निर्माण की योजना है। इसके तहत राज्य के तीन जिला दुमका, पलामू और लातेहार में ऐसे तीन होम तैयार किये जाने की योजना है, जिसमें एक ही कैंपस में ओल्ड एज होम और चिल्ड्रेन होम होंगे।

### निवेश कुमार फिर से तीन दिनों की इडी रिमांड पर

**रांची।** पीएलएफआइ उग्रवादी दिनेश गोप के सहयोगी निवेश कुमार को पांच दिनों की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया था। इडी ने फिर से पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए उसकी रिमांड अवधि बढ़ाने का आग्रह कोर्ट से किया। इसके बाद विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने निवेश कुमार से पूछताछ के लिए तीन दिन की और रिमांड इडी को प्रदान की है। बता दें कि धुर्वा निवासी निवेश कुमार ने दिनेश गोप को विदेशी हथियार दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी की थी।

# जनता में आक्रोश, इडी चेत जाये नहीं तो परिणाम भुगतना होगा : सुप्रियो

## प्रेस कांफ्रेंस कर झामुमो महासचिव ने इडी और भाजपा पर लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में इडी को लेकर राजनीति रुक नहीं रही है। इडी नेताओं और अधिकारियों को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुला रही है, पर इसका असर अब दूसरा ही देखने को मिल रहा है। राज्य में इंडी गठबंधन की सरकार इसे बदले की भावना की कार्रवाई बता रही है। बीजेपी इसे राज्य में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर करारी चोट बता रही है।



वहीं इडी की ओर से जारी समन पर जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 2024 चुनावी वर्ष है। तीन से छह महीना उसके लिए महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान राजनीतिक दल की ओर से किये गये कामों का प्रचार-प्रसार किया जाता है। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया मई तक पूरी कर लेनी है। लेकिन इससे ठीक पहले केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई पूरी तरह से दर्शाता है कि पहले धर्म के नाम पर, संप्रदाय के नाम पर और इडी की कार्रवाई के नाम पर डराया जा रहा है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद भी इडी की कार्रवाई चलती रही। जिसका फायदा बीजेपी को मिला और ऐसा ही अब झारखंड में किया जा रहा है। हम लड़नेवाले लोग हैं और लड़ते रहेंगे। इडी के समन/नोटिस की जानकारी बाहर कैसे निकल कर सामने आती है। जबकि यह जानकारी पब्लिक डोमेन में नहीं डाली जाती है। इससे यही जाहिर होता है कि राज्य सरकार को परेशान करने के लिए किया जाता है। राज्य की जनता के बीच इडी की इस कार्रवाई को लेकर आक्रोश है। इडी सिर्फ भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है। 14 जनवरी को इडी ने समन जारी किया जबकि इस दिन सीएम कितना व्यस्त होते हैं, लेकिन उसके बाद भी समन जारी किया गया। इडी जानकारी दे कि किसके पास से क्या बरामद हुआ है। इडी के साथ हमें राजनीतिक लड़ाई लड़ने को मजबूर किया जा रहा है। इडी के खिलाफ लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कहीं लोगों का आक्रोश बाहर न निकल कर आ जाये।

## जेएमएम ने रैली निकाल किया प्रदर्शन

# झामुमो का इडी की कार्रवाई के खिलाफ आज साहिबगंज बंद



आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी से मिल रहे समन के विरोध में मंगलवार को झामुमो ने शहर के रेलवे जेनरल इंस्टिट्यूट से विशाल मशाल रैली निकाल प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी ने किया। रैली स्टेशन चौक, पटेल चौक, बाटा चौक, गांधी चौक, चौक बाजार, बड़ी धर्मशाला चौक, एलसी रोड, बादशाह चौक चौक पटेल चौक होते हुए वापस स्टेशन चौक पहुंची। पटेल चौक पर झामुमो के वरिष्ठ नेता हेमलाल मुर्मू ने कहा कि केंद्र सरकार जनता की चुनी हुई हेमंत सोरेन की सरकार को अस्थिर करने में लगी है। भाजपा की केंद्र सरकार लोकतंत्र की हत्यारी है। झामुमो इसका विरोध करेगा। बुधवार को साहिबगंज जिला में शांतिपूर्ण बंदी की जायेगी। रेल चक्का जाम भी किया जायेगा।

**हेमंत झुके हैं, न झामुमो झुकेगा :** स्टेशन चौक पर राजमहल सांसद विजय हांसदा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की छवि धूमिल करना चाह रही है। सम्मान को ठेस पहुंचाने व चरित्र पर दाग लगाने की उनकी कोशिश को झामुमो बर्दाश्त नहीं करेगा। केंद्र सरकार होश में आये नहीं तो पत्थर व कोयला बंद हुआ तो पूरे देश में हाहाकार मच जायेगा। केंद्र सरकार इस बात को समझ जाये कि न हेमंत झुके हैं, न झामुमो झुकेगा।

### ये रहे मौजूद

**मौके पर सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम, सुरेंद्र, राजू अंसारी, राजाराम मरांडी, केताबुद्दीन शेख, दिलावर रहमान, स्टीफन मुर्मू, गोपाल यादव, अरुण सिंह, प्रो मोजम्मिल हक, सुरेश टूडू, संजय गोस्वामी, रूपक दत्ता, मुजीबुर रहमान, फणीभूषन साह, चरण हांसदा, शक्तिनाथ अमन, जेठा मरांडी, जेम्स किस्कू, नीरज चौरसिया, नीलेश कुमार, घिशु शेख, तमरुद्दीन शेख, रहमान अंसारी, संजय मिश्रा, गफूर शेख, महेश,चरण हांसदा, अनीस अहमद, जाबिर, अखिलेश यादव, बमबम, बारीक सेख, मिस्टर, साह, रूपेश यादव, एजाज अंसारी, बमबम कुमार सहित अन्य मौजूद थे।**

पूर्व तट रेलवे

(1) निविदा सूचना सं.SBP-ELECT-2024-T-190
कार्य का नाम : सम्बलपुर मण्डल के लखोली-टिटिलागढ़ सेक्शन में समपार सं. RV-34 पर पैदल यात्री एवं दो पहिया वाहनों के लिए 6 मीटर चौड़ाई युक्त रैंप के साथ फुट ओवर ब्रिज/ लाइट रोड ओवर ब्रिज के निर्माण से संबंधित इलेक्ट्रिकल कार्य।
कार्य का अनुमानित लागत : ₹ 3,89,192.21, EMD : ₹ 7,800/-
(2) निविदा सूचना सं.SBP-ELECT-2024-T-191
कार्य का नाम : सम्बलपुर मण्डल के आम्बोदला स्टेशन में 04 यूनिट टाइप-II स्टाफ क्वार्टर के निर्माण से संबंधित इलेक्ट्रिकल कार्य।
कार्य का अनुमानित लागत : ₹ 6,79,396.64, EMD : ₹ 13,600/-
(3) निविदा सूचना सं.SBP-ELECT-2024-T-192
कार्य का नाम : सम्बलपुर कोचिंग में LHB कोचों के रख-रखाव के लिए बुनियादी ढांचे के विकास से संबंधित इलेक्ट्रिकल कार्य।
कार्य का अनुमानित लागत : ₹ 3,91,860.70, EMD : ₹ 7,800/-
कार्य पूरा होने की अवधि : स्वीकृतिपत्र जारी होने कि तिथि से 6 (छ:) महीने (सभी क्रम सं. हेतु)।
निविदा बंद होने की तिथि व समय : 12.02.2024 को 1500 बजे (क्रम सं. 1 के लिए), 26.02.2024 को 1500 बजे (क्रम सं. 2 के लिए) एवं 19.02.2024 को 1500 बजे (क्रम सं. 3 के लिए)।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (सा) / सम्बलपुर
PR-982/O/23-24

# मुख्यमंत्री जवाब के लिए घर में बुलाते हैं और उनकी पार्टी के नेता इडी को धमकी भी दे रहे : प्रदीप वर्मा

## सुप्रियो सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी

**पश्चिम बंगाल से भी ज्यादा भयावह स्थिति उत्पन्न कर सकती है हेमंत सरकार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। वर्मा ने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 8वीं नोटिस के बाद इडी को पूछताछ के लिए अपने ही पास बुलाना चाहते हैं, दूसरी ओर उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य इडी को धमकी भी दे रहे।



कहा कि ऐसे में तो मुख्यमंत्री को कैबिनेट से यह भी निर्णय कर लेना चाहिए कि राज्य के किसी व्यक्ति को पूछताछ के लिए अधिकारी अपने ऑफिस में नही बुलायें। अधिकारी पूछताछ के लिए उनके घर जायें। क्योंकि कानून के नजर में सब बराबर हैं। जब अपराध के लिए सजा सबके लिए बराबर है तो फिर कानूनी प्रक्रिया भी बराबर होनी चाहिए।

कहा कि झामुमो के बयान से साफ झलक रहा है कि मुख्यमंत्री के पास इडी के सवालों का जवाब नहीं है।

कहा कि इडी ने बार-बार बताया है कि आखिर मुख्यमंत्री को वह क्यों बुला रही है लेकिन वावजूद इसके झामुमो जनता को दिग्भ्रमित करने में जुटा है। कहा कि पूछे जाने वाले सवालों के संबंध में जिस प्रकार से झामुमो ने माखौल उड़ाया है। यह झामुमो के दिवालियापन को दर्शाता है। झामुमो बौखलाहट में है।

कहा कि झामुमो को बताना चाहिए कि उनका सहयोगी दल कांग्रेस सत्ता में रहकर राजद सुप्रीमो पर किस राजनीतिक विद्वेष से कारवाई करवाती थी। लालू यादव पर सीबीआइ की कारवाई राजनीतिक था या कानूनी प्रक्रिया।

कहा कि झामुमो और उनके सहयोगी दलों को जनता का आक्रोश स्पष्ट दिखलायी पड़ रहा परंतु सत्ता के चश्मे में उन्हें यह नहीं दिखायी पड़ रहा कि यह उन्हीं के खिलाफ है।

कहा कि छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश विधानसभा के परिणाम झामुमो को डराने लगे हैं। इसीलिए वे बार-बार इसका उल्लेख कर रहे। लेकिन जनता उन्हें माफ नहीं करने वाली।

कहा कि कौन सी ऐसी पूछताछ होती है जिसमें पहले से प्रश्न बता दिये जाते हैं। कोई इंटरव्यू लेने के लिए इडी थोड़े बुला रही। उसके पास जमीन की लूट के साक्ष्य होंगे और पकड़े गये लोगों से कुछ कागजात मिले होंगे। तो फिर जो मुख्यमंत्री के स्तर की बात होगी वो तो उनके पार्टी के नेता नहीं न बता पायेंगे।

कहा कि झामुमो नेता के धमकी भरे बयानों से स्पष्ट हो रहा है कि ये इडी के अधिकारियों के साथ पश्चिम बंगाल में हुई वारदात से भी ज्यादा भयावह स्थिति उत्पन्न करने की कोशिश की जा रही है।

पूर्व मध्य रेल
निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा सूचना संख्या आरई– डीएनआर – 160kmph–डब्लूटी–02A दिनांक: 11.01.2024
उप मुख्य अभियंता, रेल परियोजना दानापुर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य की ई–निविदा अनुभवी, आर्थिक तथा तकनिकी रूप से सक्षम ठेकेदारों से आमतत्रित करते है, जो दिनांक 14.02.2024 को खोली जायेगी। 1. कार्य का नाम: पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल के प्रधानखता–मानपुर सेक्शन और पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मानपुर–पं. दीनदयाल उपाध्याय सेक्शन में गति सीमा को 160 कि.मी.प्र.धं तक बढ़ाने के सम्बन्ध में पं. दीनदयाला उपा. मंडल के सोननगर स्टेशन एवं करामनासा स्टेशन पर नियंत्रण भवन के साथ प्रवलित सीमेंट कंक्रीट का चारदीवारी एवं के प्रावधान के लिए अन्य कार्य करना।, 2. अनुमानित लागत : रू. 3,89,28,546.20/–, 3. बयाना राशि : रू. 3,44,700/–, (4) निविदा जमा करने की तिथि एवं खुलने का तिथि : जमा दिनांक 31.01.2024 से 14.02.24 को 14.00 बजे तक एवं दिनांक 14.02.2024 को 15.00 बजे खोला जाएगा।, 5. वेबसाईट विवरण, सूचना पट् का स्थान, जहाँ पर निविदा सुचना का पूर्ण विवरण देखा जा सके और कार्यालय पता जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सके: वेबसाइट http://www.ireps.gov.in/सूचना पट का स्थान और कार्यालय पता:– उप मुख्य अभियंता, रेल परियोजना दानापुर का कार्यालय, (जगजीवन स्टेडियम के पास), पोस्ट–खगौल, पटना–801105 (बिहार)
उप मुख्य अभियंता, रेल परियोजना, दानापुर
पीआर/02089/आरई/ईएनजीजी/टी/23–24/44

# रांची लोकसभा क्षेत्र में 5 लाख दीया और राम ध्वज का वितरण किया जायेगा : संजय सेठ

## सांसद संजय सेठ ने मंगलवार से कार्यक्रम की शुरुआत की

**22 जनवरी को लोगों से दीपावली मनाने की अपील**

**1000 लोगों के बीच दीया-बाती और राम ध्वज का वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने मंगलवार से दीया-बाती और रामध्वज के वितरण की अपने आवास से शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पूरे रांची लोकसभा में प्रत्येक पंचायत, वार्ड में 5 लाख दीया और रामध्वज का वितरण किया जायेगा।




संसद सेठ ने कहा कि 500 वर्षों के बाद भगवान श्री राम का मंदिर बनकर तैयार है। पूरा भारत ही नहीं पूरा विश्व 22 तारीख को राम मय होगा और पूरे देश में दीपावली रामनवमी मनायी जायेगी। 500 वर्षों के इंतजार के बाद यह शुभ घड़ी आयी है। हमारे कितने पूर्वजों के बलिदान के बाद हम लोग सौभाग्यशाली हैं कि हम लोगों के सामने भगवान राम विराजमान होंगे।

सांसद सेठ ने कहा 22 तारीख को स्लम एरिया के लोग भी प्रभु राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने घरों में रामध्वज और दीया जलायें। इसी उद्देश्य के साथ दीया -बाती और रामध्वज का वितरण किया जा रहा है।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष खूंटी के प्रभारी सत्यनारायण सिंह पूर्व पार्षद रोशनी खलखो, मंडल के अध्यक्ष सुबेश पांडेय, संजय पोद्दार, मंटू केसरी, सतीश सिंह, सुधीर सिंह, आलोक सिंह, सोनू श्रीवास्तव, पीयूष कुमार, राजकुमार साहू, देवेंद्र होता, अरुण साहू, माला कुमारी, सोनी कुमारी, कुमुद झा, राजेश प्रसाद, प्रदीप सिंह, अभय कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### न्यूक्लियस मॉल मामले में अपील दायर करने में क्यों हुई देरी : हाइकोर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ यूनियन ऑफ इंडिया की ओर से कैप्टन सुष्मिता बनर्जी की अपील की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। कोर्ट ने पूछा है कि अपील दायर करने में क्यों देरी हुई। प्रतिवादी चैलिश रियल स्टेट की ओर से अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया, अर्पण मिश्रा ने पक्ष रखा। मामले की अगली सुनवाई फरवरी माह के तीसरे सप्ताह में होगी। दरअसल, मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की एकल पीठ ने प्रार्थी सेना के अधिकारियों की याचिका को 5 अप्रैल 2023 को खारिज कर दिया था।

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA,
Hazaribagh Divisional Office, 'Jeevan Prakash',
Julu Park, Holy Cross Road, Hazaribagh-825301,
Jharkhand. Phone No: 06546-272534
Email: os.hazaribagh@licindia.com
NOTICE FOR EMPANELMENT
Life Insurance Corporation of India invites for empanelment of Firms/ Agencies for the under mentioned work through website-www.licindia.in

| Notice No. | LICI/HDO/4/2024-27 dated -12.01.2024 |
|---|---|
| Description of Works | Part-A-(1) Printing & Stationery, (2) Computer Items/ Computer Consumables (3) Courier Service, (4) Furniture (5) Note Counting Machine (6) Table & Office Stationery ( 7) Air Conditioner/ Water Cooler/ Air Cooler/RO/Aquaguard etc. (8) CCTV Camera (9) Gift Items & Sales Promotion Items Part-B:- Addition/Alteration and Repair & Maintenance work (1) Civil Works, (2) Electrical Works, (3) Repair & Maintenance of Outdoor Transformer, (4) Supply / Refilling of Fire Extinguishers, SITC of Fire Alarm/Fire Fighting/Fire Detection System & its AMC (5) AMC of Air Conditioner & water Cooler (6)ARC for Supply of SMF Battery. (7) Hiring of D.G set |
| Application Form available on the website/aforesaid address wef | 15.01.2024 |
| Application submission closing date & time | |

Note: Any addendum / corrigendum / sale date extension in respect of above tenders shall be issued on website: www.licindia.in. No separate notification shall be issued in the press. Bidders are therefore requested to regularly visit the said website to keep themselves updated.
Dated - 12.01.2024
SR. DIVISIONAL MANAGER

## ढोल बाजे के साथ पूजित अक्षत का वितरण



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत चेहाल पंचायत के विभिन्न गांवो में अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत और कलश का नगर भ्रमण करते हुए पूजित अक्षत, श्री राम मंदिर का चित्र घर-घर वितरण किया। सनातन धर्म के श्रद्धालुओं ने जय जय श्रीराम के घोष के साथ पंचायत के विभिन्न गांवों में भ्रमण किया। नगर भ्रमण में मुख्य रूप विश्व हिन्दू परिषद पंचायत अध्यक्ष किशोर यादव, सरयु शर्मा, अशोक कुमार रजक, सुजीत बर्मा, संतोष पंडित, आशीष राणा, लक्ष्मण राणा, दीपक रजक, सागर यादव, पंकज यादव, महेश यादव, कलावती देवी, बसमतिया देवी, दुलारी देवी, सोनिया देवी, सविता देवी सहित सनातन धर्म के महिला-पुरुष शामिल थे।

## पुस्तक मेला की तैयारी को लेकर बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय सभागार में उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में कोडरमा पुस्तक मेला आयोजन को लेकर बैठक हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने पुस्तक मेला हेतु प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी को आयोजन की तैयारी को लेकर जानकारी ली। उन्होंने अंचलाधिकारी कोडरमा और नगर परिषद् झुमरीतिलैया के कार्यपालक पदाधिकारी को ब्लॉक मैदान की साफ-सफाई, मैदान का समतलीकरण, टेंट, लाइट से संबंधित कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला में पार्किंग और वेंडिंग जोन का भी चिन्हित करे। पानी और शौचालय की व्यवस्था करने का निर्देश नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया। इच्छुक व्यक्ति, प्रकाशक, पुस्तक विक्रेता पुस्तकों का दान भी कर सकते है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि जिले में पहली बार वृहत रूप में दिनांक 20 और 21 जनवरी 2024 को ब्लॉक मैदान झुमरीतिलैया में पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है। पुस्तक मेला में दोनों दिन विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के गतिविधि का आयोजन किया गया है। इसके अतिरिक्त कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रेस क्लब द्वारा भी कुछ गतिविधि का अयोजन किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद झुमरीतिलैया और अन्य मौजूद रहे।

## प्रोजेक्ट रेल 3.0 के तहत प्री-बोर्ड परीक्षा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को प्रोजेक्ट रेल 3 .0 के तहत कोडरमा जिले के सभी विद्यालयों में प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजित हुआ। प्री-बोर्ड परीक्षा के तहत 10वीं के छात्र-छात्राओं का विज्ञान और 12वीं के छात्र-छात्राओं का विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय से अंग्रेजी विषय का परीक्षा लिया गया। प्रोजेक्ट रेल के तहत हो रहे इस प्री-बोर्ड परीक्षा में जिले के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल हुये। ज्ञात हो कि प्रश्नपत्र का पैंटर्न मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को ध्यान में रखकर शिक्षकों की गठित टीम द्वारा तैयार किया गया।

## 184 लाभार्थियों को मिला आयुष्मान कार्ड



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पीएम जनमन प्रोग्राम के तहत आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 184 लाभार्थी, जो कि आदिम जनजाति से तालुक रखते है, उनका आयुष्मान कार्ड राज्य से प्राप्त हुआ। जिसमें डोमचांच 44, कोडरमा 41 चंदवारा 2 सतगावां 20 जयनगर 17 तथा मरकच्चो ब्लॉक के 51 कार्ड शामिल हुए। सभी कार्ड को विभिन्न बिरहोर टोला में जा कर आयुष्मान मित्र द्वारा डिलीवर किया गया। पीएम जनमन प्रोग्राम के तहत सभी आदिम जन जाति का आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा बिल्कुल मुफ्त दिया जाता है, लाल पीला हरा राशन कार्ड के प्रत्येक सदस्य अपना आयुष्मान कार्ड बनवाकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके तहत किसी भी सरकारी या निजी सूचीबद्ध अस्पताल में आयुष्मान कार्ड के द्वारा 5 लाख तक का उपचार करवाया जा सकता है। इस योजना के तहत उपचार में आने वाले खर्च जैसे लैब टेस्ट दवाइयां सर्जरी सभी कुछ बिल्कुल मुफ्त दिया जाता है। इलाज के दौरान किसी भी प्रकार की नगद राशि का देय नहीं किया जाता है।

## डोमचांच में जननायक कॉमरेड महेंद्र सिंह का मना 19वां शहादत दिवस



**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** राइजिंग पब्लिक स्कूल, पुरनाडीह में मंगलवार को भाकपा माले प्रखंड कमेटी ने कॉमरेड महेंद्र सिंह का 19वां शहादत दिवस मनाया गया। शहादत दिवस पर कॉमरेड महेंद्र सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव राजेन्द्र मेहता और संचालन विनोद पांडेय ने किया। कार्यक्रम में जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। कॉमरेड महेंद्र सिंह को याद करते हुए जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि कॉमरेड महेंद्र सिंह ने गरीब-गुरबों और अन्याय के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक लड़ने वाले योद्धा के रूप में पहचान बनायी थी। कॉमरेड महेंद्र सिंह संयुक्त बिहार और झारखंड निर्माण के बाद खेतिहर मजदूर से लेकर आम अवाम के लिए संघर्ष का रास्ता प्रशस्त किया। लेकिन उनकी हत्या कर दी गयी, ताकि उनकी आवाज सदन में नही गूंज पाये। लेकिन बुलेट शरीर की हत्या कर सकता है, लेकिन विचारों को कभी नहीं मार सकती। उन्होंने कहा कि कॉमरेड महेंद्र सिंह की विचारधारा से झारखंड की तस्वीर बदलेगी। जिला सचिव राजेन्द्र मेहता ने कहा कि लाल झंडा का बुलन्द आवाज कॉमरेड महेंद्र सिंह ने विचारधारा से कोई समझौता नहीं किया। आम आदमी के रोजमर्रे से जुड़ी जरूरतों के लिए ना केवल संघर्ष किया, बल्कि सत्ता और शासन के खिलाफ चट्टान की तरह खड़े रहते थे। कॉमरेड महेंद्र सिंह जमीन से जुड़े नेता थे, जिन्हें झारखंड ही नही देश याद कर रहा। मौके पर जिला कमेटी सदस्य भागीरथ सिंह घटवार, कृष्ण कांत मेहता, प्रखंड कमेटी सदस्य राजेन्द्र साव, सेराज उद्दीन, सरोज मेहता, जगदीश यादव, लाल बिहारी मेहता, बबन मेहता, मोहम्मद अबदुल्ला, विनोद सिंह घटवार, प्रकाश पासवान, भुनेशवर ठाकुर, संजय तिवारी, सूरज कुमार रजक आदि उपस्थित हुए।

# ब्राउन शुगर के साथ पांच लोग गिरफ्तार

**25.03 ग्राम ब्राउन शुगर, चार मोबाइल, वेट मशीन के साथ 40, 160 रुपये किया जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने 25.03 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पांच कारोबारी को धर दबोचा है। एसपी अरविंद कुमार सिंह को सूचना मिली थी कि शहर के लक्ष्मी टाकिज के नजदीक से देवाशीष चंद्र और छोटन साव और बंशीलाल चौक के पास से सुषमा देवी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री कर रहे है। सूचना पर पुलिस एसपी ने सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति के नेतृत्व में छापमारी दल का गठन किया। छापामारी दल के द्वारा लक्ष्मी टॉकिज के पास देवाशीष चंद्र और छोटन साव जबकि बंशीलाल चौक के पास सुषमा देवी के पास से ब्राउन सुगर को जब्त किया गया। साथ ही ब्राउन सुगर के व्यापार में संलिप्त देवाशीष चंद्र पिता रामजी राम ग्राम हरीनगर थाना सदर जिला हजारीबाग, छोटन साव पिता स्व परमेश्वर साव ग्राम डाड़ थाना कटकमसांडी जिला हजारीबाग, सुषमा देवी पति स्व गोपाल विश्वकर्मा, संदीप विश्वकर्मा पिता स्व गोपाल विश्वकर्मा दोनो बंशीलाल चौक के पास थाना सदर जिला हजारीबाग और अशोक कुमार पिता जितेन्द्र राम केदला नगर थाना मांडू जिला रामगढ़ को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में सदर थाना कांड संख्या 16/24 दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।



**बरामदगी**

कुल 25.03 ग्राम ब्राउन सुगर, 04 मोबाईल, 40160 रुपये, वेट मशीन जिससे ब्राउन सुगर का वजन करने में प्रयोग किया जाता है, 10 रुपये का नोट को लपेट कर बिड़ीनुमा बनाया हुआ जिसके अंदर में एल्मुनियम फाइल जिसके एक तरफ जला हुआ, जिसे ब्राउन सुगर पीने में उपयोग किया जाता है।

**छापामारी दल**

सदर थाना, बड़ाबाजार ओपी और महिला थाना के पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**बरकट्ठा(आजाद सिपाही)।** गोरहर थाना के समीप जीटी रोड पर हुई सड़क दुर्गानंद में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जबकि एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। सोमवार 15 जनवरी की रात को ट्रक नंबर जेएच 11 एएम 6095 अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। हादसें में चालक ग्राम भाम थाना आती गया निवासी मोहम्मद तनवीर 34 वर्ष पिता मोहम्मद वली की मौके पर मौत हो गयी जबकी खलासी ग्राम रौशनचक बाराचट्टी गया निवासी अब्दुल्लाह खान 26 वर्ष पिता जफर खान गंभीर रूप से घायल हो गया।

## सड़क दुर्घटना में शिक्षक घायल

**बड़कागांव।** बड़कागांव-बादम रोड स्थित चिरैया नदी के समीप सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) अवध किशोर यादव सड़क मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गये। यादव अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रामगढ़ स्थित ससुराल से अपना आवास बड़कागांव प्रखंड के चेपाखुर्द गांव लौट रहे थे कि इसी बीच चिरैया नदी के पास मोटरसाइकिल भिड़ंत में घायल हो गये। पैर फ्रैक्चर हो जाने के बाद बड़कागांव अस्पताल में इलाज किया गया।

# अयोध्या से पूजित अक्षत वितरण में शामिल हुए आजसू नेता रोशनलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के नयाटांड पंचायत के विश्रामपुर गांव में अयोध्या से आये पूजित अक्षत वितरण का कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी शामिल होकर घर -घर घूम कर जनता के बीच अक्षत का वितरण किया। उन्होंने कहा की अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर के निर्माण और श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा की यह ऐतिहासिक घड़ी है। श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण हर घर पहुंचे ये कोशिश है। आगे उन्होंने लोगों से अपील की मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घरों में दीपोत्सव अवश्य करें। घर में भगवा ध्वज लगायें साथ हीं सुबह 11 से 2 बजे तक श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के समय अपने आस पास के मंदिरों में अवश्य पहुंचे। मौके पर आजसू पार्टी बड़कागांव प्रभारी रौशनलाल चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पूर्व मुखिया अशोक महतो, ग्राम अध्यक्ष जागेश्वर महतो शोभा यात्रा के संचालक दिनेश कुमार आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, आजसू किसान मोर्चा के प्रखंड सचिव सुरेश कुमार दांगी, प्रोफेसर लालदेव महतो, रामचरित्र प्रसाद, संतोष ठाकुर चिंतामणि महतो आजसू के अनुसूचित जाति के प्रखंड अध्यक्ष तुलेश्वर राम, पिंटू गुप्ता, रामचरित्र प्रसाद, संतोष ठाकुर, चिन्तामणी महतो, आजसू नेता उपेन्द्र प्रसाद, तुलसी कुमार, प्रमोद कुमार, तुलसी कुमार, प्रदीप कुमार, बालेश्वर महतो, शिवचरण कुमार, उपेंद्र प्रसाद, जगदीश कुमार, प्रमोद कुमार, तुलसी कुमार, नरेश राम, अखिलेश कुमार, भारत कुमार, नागेंद्र कुमार, अजय कुमार, प्रदीप कुमार, बालेश्वर महतो, उमेश कुमार, रामशिवचरण कुमार, मनोज कुमार, नारायण महतो, नंदलाल महतो, जमेंद्र महतो, संतोष कुमार, विजय कुमार, दीपक राम, सहित सैकड़ों की संख्या में राम भक्त उपस्थित थे।



## बीपीएल परिवार के 20 बच्चों का होगा निःशुल्क नामांकन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। विद्यालय निदेशक डॉ आई पी भारती प्राचार्या स्वाती की मौजूदगी में आगामी सत्र संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। बैठक में अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद, कमलेश कुमार नामांकन प्रभारी संजय कुमार यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

विद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए प्रथम वर्ग में 20 छात्र छात्राओं का नामांकन निःशुल्क करने का निर्णय लिया गया। नामांकन कराने के लिए बीपीएल परिवार के बच्चों को 31 जनवरी तक फार्म जमा करना होगा। नामांकन के लिए बच्चे का चार फोटो, जन्म प्रमाण पत्र, बीपीएल कार्ड की छाया प्रति, माता पिता का आधार कार्ड, बच्चे का आधार कार्ड होना अनिवार्य है। यह जानकारी विद्यालय प्राचार्या ने दिया।

वही विद्यालय निदेशक डॉ आई पी भारती ने कहा कि विद्यालय आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को सदैव मदद करता है ताकि उन्हें शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई न हो।



## जेएसएलपीएस के कर्मियों ने काली पट्टी लगाकर जताया विरोध



आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** प्रखंड में जेएसएलपीएस में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मी पीआरपी, बीएपी झारखंड राज्य आजीविका संघ के आह्वान पर एकजुट हुए और विरोध प्रदर्शन के आलोक में प्रखंड में कार्यरत पीआरपी, बीएपी 16 जनवरी से 17 जनवरी तक काला बिल्ला लगाकर अपनी चार सूत्री मांग पर आश्वासन के बावजूद सरकार द्वारा कोई पहल नही किये जाने पर आक्रोश व्यक्त किये। बता दें कि जेएसलपीएस में कार्यरत पीआरपी, बीएपी का 2014 से अब तक कोई मानदेय बढ़ोतरी नहीं हुआ हैं।

पहले मानदेय व्यक्तिगत खाते में दिया जाता था 2020 से संकुल संगठन के खाते में दिये जाने से बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। एकमुश्त मासिक मानदेय का भुगतान नहीं किया जाता है कार्यानुभव के आधार पर कभी पदोन्नति नहीं किया गया है। सरकार के द्वारा कोई ठोस निर्णय हमारी मांग पर नहीं लिया जाता है तो संघ जल्द ही ठोस निर्णय लेने के लिए बाध्य होगा।

## खरखार में दलितों पर हमला के दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

# दलित शोषण मुक्ति मंच ने दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** नवलशाही थाना अंतर्गत खरखार पासवान टोला में दबंगों के द्वारा दलित परिवार के महिला सहित अन्य लोगों के साथ मारपीट करने और जाति के नाम से गाली-गलौज करने की घटना के 15 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक गिरफ्तारी नहीं होने पर दलित संगठनों में रोष है। इस सवाल पर और हमलावर दबंगों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग पर जिला मुख्यालय में एसपी कार्यालय के समक्ष दलित शोषण मुक्ति मंच के बैनर तले मंगलवार को धरना दिया गया। धरना का नेतृत्व दलित शोषण मुक्ति मंच के जिलाध्यक्ष दिनेश रविदास और सचिव शम्भु पासवान ने किया। अध्यक्षता पासवान जनकल्याण समिति के जिलाध्यक्ष बाला लखेन्द्र पासवान और संचालन प्रेम प्रकाश पासवान ने किया। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड में दलितों पर अत्याचार लगातार बढ़ रहा है और प्रशासन की लापरवाही के कारण दबंगों का मनोबल बढ़ रहा है और पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। जिला पुलिस प्रशासन अपराधियों को संरक्षण देकर हेमंत सरकार को बदनाम करने पर तुली हुई है। एमपी एमएलए और जनप्रतिनिधियों के दबाव में पुलिस कार्रवाई करने से भाग रही है। एक तरफ संविधान पर हमला बढ़ रहा है, दूसरी तरफ एससी एसटी कानून को कमजोर किया जा रहा है। ऐसे में दलितों को अपने मान सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट संघर्ष ही रास्ता है। वक्ताओं ने कहा कि अगर जल्द ही अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन रोड जाम और आमरण अनशन करने के लिए बाध्य होगें। धरना के बाद पीड़िता के साथ सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से मिला और अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा। जिस पर एसपी अनुपदीप सिंह ने जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। धरना को सीटू नेता संजय पासवान, दशरथ पासवान, राजकुमार पासवान, संजय दास, अर्जुन पासवान, सुरेंद्र राम, प्रकाश रजक, सुरेश दयाल, खगेंद्र रजक, दुर्गा राम, दिलीप पासवान, भूवनेश्वर पासवान, मनोज सोनी, विजय पासवान, बिरजू पासवान आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में बिनोद दिवाना, भीम आर्मी के कृष्णा पासवान, रंजीत रजक, सहदेव पासवान, कैलास प्रसाद, विकास दास, संजय कुमार पासवान, नागेश्वर दास, नकुल पासवान, दीपन पासवान, रंजीत डोम, अशोक रजक, शिवपुजन पासवान, राजेन्द्र पासवान, पिड़ीता सुनीता देवी, रिंकी देवी सहित भारी संख्या में महिला पुरूष मौजूद थे।




## बरका खुर्द में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के द्वारा धान क्रय केंद्र का इचाक पूर्वी जिला परिषद सदस्य रेणु देवी, भाजपा वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, इचाक प्रखंड के पूर्व प्रमुख कौशल नाथ प्रसाद मेहता, पूर्व शिक्षक देवनाथ मेहता, सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता, युवा नेता गौतम कुमार, उप मुखिया विक्रम कुमार, हजारीबाग एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निर्देशक पंकज कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। हजारीबाग एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निर्देशक पंकज कुमार ने बताया कि किसानों का जो धान है वह प्रति क्विंटल 2300 भुगतान किया जायेगा। इस मौके पर प्रमोद कुमार, सुरेंद्र प्रसाद मेहता, चंद्रनाथ मेहता, मनोज मेहता, मथुरा महतो, लिलो महतो, बसंत मेहता, इंद्रनाथ मेहता, राजकुमार मेहता, उमेश मेहता, दिलीप मेहता, गौतम कुमार, राहुल राणा, अमित कुमार, सैम मेहता, आशीष कुमार, संदीप कुमार, शैलेंद्र कुमार, कर्मवीर कुमार, राम मेहता, दिपक मेहता आदि लोग उपस्थित थे।

## बहू ने निभाया बेटे का फर्ज, ससुर को मुखाग्नि देकर पेश की अनूठी मिसाल



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** ससुर की मौत के बाद उन्हें मुखाग्नि देकर बहू ने समाज में एक मिसाल पेश कर बेटे का फर्ज निभाया। टाटीझरिया प्रखंड के झरपो में टुकन साव उम्र (80 वर्ष) की मौत बिमारी के कारण 13 जनवरी को हो गयी थी। घर परिवार के कोई सदस्य इस दुख की घड़ी में आगे नहीं आये। मृतक के पुत्र की भी मौत 15 वर्ष पहले हो गई है। काफी विचार विमर्श के बाद मृतक की बहु मोसोमात सोहरी ने अपने ससुर मृतक टुकन साव का अंतिम संस्कार के लिए आगे आयी। उन्होने 14 जनवरी को बहु ने ससुर को मुखाग्नि देकर दुनिया में अनुठी मिशाल कायम की। मंगलवार को घाट में जाकर तृतीय गात्र श्राद्ध कार्यक्रम किया। बताते चले की मृतक के एक पूत्र और तीन पुत्रियां थे। जिसमें पुत्र सुरेश साव की 15 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। बहु मोसोमात सोहरी ने बताया की घर परिवार को ससुर के श्राद्ध कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया था। जिसमें कोई भी मुखाग्नि देने के लिए घर परिवार का सदस्य तैयार नही हुआ। मैं ससुर को अपने पिता की तरह मानती थी। जब घर के लोग आगे कोई सामने नही आया तो मैने इनका अंतिम संस्कार पुत्र की भांति किया। उनके अंतिम संस्कार में झरपो के कई लोग शामिल थे। बहु के द्वारा ससुर को मुखाग्नि देने के बाद क्षेत्र के चर्चाएं तेज हो गयी है।

## जिला महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला महिला कांग्रेस कमेटी हजारीबाग के तत्वावधान में जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला महिला कांग्रेस कमिटी हजारीबाग की अध्यक्ष बेबी देवी नें किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला के प्रभारी पिंकी सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की तानाशाही रवैया को देखते अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी ने सभी जिले में मैत्री महा सम्मेलन करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी मे 19 जनवरी को हजारीबाग में लोकसभा के चुनाव को लेकर मैत्री महासम्मेलन करना है। इसे युद्ध स्तर पर करने के लिए जिला महिला कांग्रेस तैयार रहेंगी। अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें कहा कि आगामी हजारीबाग में 19 जनवरी को जिला महिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर मैत्री महासम्मेलन करना है उसकी सफलता के लिए जिला कांग्रेस कमेटी जिला महिला कांग्रेस कमिटी के साथ खड़ी है। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव असगरी अंजूम तथा धन्यवाद ज्ञापन ओबीसी के प्रदेश सचिव रेणू कुमारी ने किया। मौके पर प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, जिला महासचिव डॉ. प्रकाश कुमार, पूर्व जिला महिला अध्यक्ष अन्नू विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष पूनम कुमारी, पूनम देवी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

## बड़कागांव में एनटीपीसी ने बांटे कंबल



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना द्वारा ओदरना में परियोजना प्रभावित ग्रामीणों के बीच 200 कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण कोल परियोजना महाप्रबंधक पंकज ध्यानी के दिशा निर्देश में किया गया। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता तुलसी प्रसाद कुशवाहा का सहयोग सराहनीय रहा। ग्रामीण जनता कंबल पाकर एनटीपीसी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एनटीपीसी सीएसआर के अधिकारी रजनीश के उपस्थिति में कंबल का वितरण किया गया।

## कौशल प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन




**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की पत्नी ललिता देवी ने किया। संचालक अमर सोनी ने जानकारी देते हुए कहा कि यह संस्थान झारखंड स्किल डेवलपमेंट के सक्षम योजना के तहत संचालित किया जा रहा है, संस्थान में झारखंड के बेरोजगार 18 -35 वर्ष की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। केंद्र में 520 सीट है। जिसमें फैशन डिजाइनिंग, जीडीए के तहत नर्स असिस्टेंट तथा ऑफिस असिस्टेंट की ट्रेंनिंग नि:शुल्क दी जायेगी। आवास और खाने की भी व्यवस्था है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ललिता देवी ने कहा कि आधी आबादी के कौशल विकास के लिए जो कदम उठाये जा रहे है, वो सराहनीय है। आधी आबादी जब सशक्त होगी, तो देश विकसित देश बनेगा। डॉ. ए. के सिंह ने कहा कि पूर्व की शिक्षा कौशल परक नही थी, परंतु अब की सरकारो ने इस पर विशेष ध्यान दिया है। मौके पर पूर्व जिप सदस्य सरस्वती देवी, मुखिया निर्मल कुमार, पंसस मुन्नी देवी, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, रविन्द्र कुमार बर्णवाल, नितिन रावत, आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 17 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## महेंद्र सिंह की मनाया 19वां शहादत दिवस




**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र बुध बाजार बरकाकाना में कामरेड महेंद्र सिंह की उन्नीसवीं शहादत दिवस मनायी गयी। कार्यक्रम के दौरान जनसंकल्प सभा के माध्यम से सर्वप्रथम झंडातोलन भाकपा-माले के पुराने महिला कामरेड मुन्नी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान कामरेड हीरा गोप, देवकीनंदन बेदिया सहित सैकड़ों सदस्यों ने महेंद्र सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दी। साथ ही एक मिनट का सामूहिक मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर पवन गोप, उमेश गोप, देवकी बेदिया, तृतियाल बेदिया, बृजनारायाण मुंडा, धनीराम प्रजापति, बाटेश्वर मुंडा, कैलाश, कुलदीप, रामकुमार करमाली, मोदी करमाली, सुरेंद्र मुंडा, सोहन बेदिया, रोजन महतो, चरकी देवी, पंचमी देवी, सुरती देवी, मीला देवी, संझोती देवी, शांति देवी, ललिता देवी, उपासी देवी, मोहगी देवी, धनमती देवी, मालती देवी, किरण देवी, खेदनी देवी, सुलोचनी देवी, मांजो देवी, सुनंदा देवी, फुलमनी देवी, रीना देवी, शीला देवी, सुनीता देवी, मंगरी देवी, प्राणपति देवी, चंद्र कला देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## फ्लैग एफओआइ ने शुरू किया हर दिन तिरंगा



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जाने-माने उद्योगपति नवीन जिंदल के नेतृत्व में देशभर में राष्ट्रभक्ति की अलख जगा रहे फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने शनिवार की देर शाम नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर हर दिन तिरंगा शपथ अभियान की शुरूआत की। बताया गया की इस अभियान में कोई भी भाग ले सकता है। इसके लिए फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर जाकर शपथ लेनी होगी। जिसके लिए खास प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा। मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर बताया गया की फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने 13 जनवरी 2024 को 'हर दिन तिरंगा' शपथ अभियान की शुरूआत की है। फाउंडेशन के सेक्रेटरी जनरल, मेजर जनरल (अवकाश प्राप्त) अशीम कोहली ने बताया कि दोपहर बाद करीब 1 बजे यह कार्यक्रम शुरू हुआ। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान कारगिल समेत अनेक युद्धों के अपने अनुभव लोगों के साथ साझा किये और देशवासियों का आह्वान किया कि वे रोज राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्र निर्माण में योगदान करने की प्रेरणा लें। इस अवसर पर तिरंगा से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। जिसमें विजयी 80 लोगों को फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान तिरंगे के रंग में रंगे दर्जनों युवकों ने गीत, संगीत, रैपिंग, कविता आदि के माध्यम से देश के प्रति अपने प्रेम को अभिव्यक्त किया। जाने-माने कवि रमेश शर्मा, दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त रॉबिन हिबू ने भी इस अवसर पर लोगों से रोज तिरंगा फहराने और तिरंगे के माध्यम से देशप्रेम का प्रदर्शन करने का आहवान किया।

## डीआरडीए निदेशक ने सुनी जनता की समस्या



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आये आमजनों की समस्याएं सुनी गयी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राशन कार्ड, अबुआ आवास, से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। डीआरडीए निदेशक ने एक एक कर मिलने आये सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदन का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## राजद की बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जनता दल द्वारा मंगलवार को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर हाईस्कूल के मैदान में एक बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव तथा संचालन राजद नेता सीतेश्वर यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव चंद्रिका यादव भी शामिल हुए। बैठक को कई वक्ताओं ने संबोधित किया तथा संगठन की मजबूती पर चर्चा किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अपनी-अपनी समस्याओं से लोगों को अवगत कराया। बैठक में उपस्थित अतिथियों में बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि देवलाल यादव, वकील खान, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, पंचायत समिति मुर्शीद आलम, राजदेव यादव, कपिल यादव, नरेश यादव, सर्जन यादव, शिवनंदन प्रजापति, भगवान यादव, महेंद्र यादव, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव, उपेंद्र प्रसाद यादव, विनय यादव, जयराम भारती शामिल थें।

## सांसद ने दिगवार उच्च विद्यालय में निर्मित हॉल का किया उद्घाटन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** दिगवार उच्च विद्यालय, दिगवार का 32वां स्थापना दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा शामिल रहे। वही, सांसद मद से निर्मित हॉल का नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। समारोह के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपने बेहतरीन गीत-संगीत, नृत्य, नाटक और भाषण से मौजूद लोगो ने आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक मनोज प्रसाद और संचालन शिक्षक निरंजन कुशवाहा ने किया। मौके पर प्रवीण मेहता, रंजीत सिन्हा, जगेश्वर प्रजापति, मनोज गिरी, छोटन सिंह, प्रकाश मिश्रा, राजू कुशवाहा, हरिनारायण कुशवाहा, अरुण कुमार कुशवाहा, मनोज महतो, रमण यादव, धनु महतो, दिवाकर गिरी, जगदीश महतो, कुलदीप कुशवाहा, राजकुमार गिरी, अर्जुन यादव, चितू महतो, द्वारिका प्रसाद भंडारी, राजेंद्र महतो, रामजतन महतो, दशरथ महतो, कुलदीप दादू, तरुण गिरी, अनुपम गिरी सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकेतर कर्मचारी मौजूद रहे।

# कोयला कारोबारी इजहार की फैक्ट्री में इडी की दबिश

**12 घंटे से कोल लिंकेज मामले में कर्मियों से की जारी है पूछताछ**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कुजू।** इडी के अधिकारियों ने 10 माह बाद दूसरी बार चर्चित कोयला व्यवसायी मो इजहार अंसारी के बोंगावार स्थित मेसर्स ओम कोक इंडस्ट्रीज फैक्ट्री पहुंचकर छापामारी की है। जानकारी के अनुसार, इडी के लगभग आधे दर्जन अधिकारी दो इनोवा कार संख्या जेएच01टी 4949 और जेएच01बी 6715 से पुलिस जवानो के साथ सोमवार की सुबह छह बजे फैक्ट्री पहुंचे। वही, फैक्ट्री प्रबंधक हरिनाथ महतो समेत तीन कर्मियों से पूछताछ करते हुए छापामारी प्रारंभ कर दिया। इस बीच करीब 13 घंटे से अधिक चले छापामारी के दौरान अधिकारियों ने फैक्ट्री के मुख्य गेट को बंद कर फैक्ट्री के हरिनाथ महतो से गहन पूछताछ करते हुए कोयला संबंधित अन्य कई आवश्यक कागजातों की जांच पड़ताल की। बताया जा रहा है कि इडी अधिकारी कोयला व्यवसायी मो इजहार अंसारी के कोल लिंकेज से संबंधित मामले में जांच पड़ताल करने में जुटी है।

बताते चले कि गत तीन मार्च 2023 को इडी के अधिकारियों ने कोयला व्यवसायी मो इजहार अंसारी के ही बोंगाबार स्थित ओला हार्डकोक फैक्ट्री में छापामारी की थी। क्षेत्र के चर्चा है कि इडी की छापामारी धमक कुजू क्षेत्र में दूसरी बार होने से अधिकारियों और सफेदपोश नेताओं सहित कई उद्योगपतियों में बेचैनी बढ़ गयी है।

# सांसद ने 10 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल और जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

**लक्ष्य सही हो तो साधन मिल जाते हैं, तभी जनहित के कार्य संभवः जयंत सिन्हा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** लक्ष्य सही हो तो साधन मिल जाते हैं, तभी जनहित का कार्य संभव हो पता है। हमारा लक्ष्य जनहित, देशहित और समाजहित है। उन्होंने महात्मा गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि जब आपका लक्ष्य सही है तो आपको हर साधन उपलब्ध होगा और आपको हमेशा सफलता मिलेगी। उक्त बातें मंगलवार को शहर के ब्लॉक कार्यालय स्थित एक समारोह को संबोधित करते हुए सांसद जयंत सिन्हा ने कही। सिन्हा ने कहा कि 10 वर्षों में लक्ष्य के साथ केंद्र सरकार देश की सेवा कर रही है, 2014 में जब आप लोगों ने मुझे पहली बार आशीर्वाद दिया था, उसे समय का नारा सबका साथ, सबका विकास था, इस नारे को एक बार फिर मजबूत करने के लिए आशीर्वाद आप लोगों का चाहिए। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि रंजीत पांडेय ने किया।

**जन जन की सेवा के लिए तत्पर है जयंतः प्रकाश मिश्राः** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा ने कहा कि सांसद जयंत सिन्हा हजारीबाग की जनता के उत्थान के लिए प्रयासरत है। वे लगातार जन जन की सेवा के लिए तत्पर है।

**इन दिव्यांगों को दिया गया ट्राई साइकिलः** सांसद जयंत सिन्हा ने 10 ट्राई साइकिल दिव्यांगों के बीच वितरण किया। जिसमें, घाटो से दुलारी देवी, मांडू से अमृत सिंह, गोला से विनोद चौधरी, बरलंगा से सुरेश महतो, रजरप्पा से अमन प्रसाद, पतरातू से खुर्शीद आलम, रामगढ़ केंट से रोशन कुमार मुंडा, अरगड्डा से पिंटू कुमार और बिरजू राम का शामिल है।

### बनकर तैयार हैं अक्षय पात्र, राज्यपाल करेंगे उद्घाटन

कार्यक्रम के दौरान सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि राज्य का पहला अक्षय पात्रा हजारीबाग में बनकर तैयार हो गया है। जिसका उद्घाटन 19 जनवरी को राज्यपाल के कर कमल से होगा। उन्होंने बताया कि इस अक्षय पत्र से जिले की एक लाख बच्चों को पोषण आहार मिलेगा। विद्यालयों में बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार 6. 20 रुपये राज्य सरकार को देती है। इसमें राज्य में काम कर रही अन्य कंपनियां 8 रुपए की सहयोग राशि जोड़ रही है। जिससे बच्चों को वह पोषण आहार मिलेगा जो बाजार में 40 से 50 रुपये में भी नहीं मिलता है।

### ये थे उपस्थित

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रंजीत पांडेय, भाजपा नेता रंजीत कुमार सिन्हा, नारायण चंद भौमिक, जिला महामंत्री रंजन फौजी, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, वरुण सिंह, नगर अध्यक्ष शिव कुमार महतो, तरुण साव, गणेश प्रसाद, अशोक कुमार, सुमन सिंह, रविन्द्र प्रसाद शर्मा, आलोक कुमार सिंह, विजय ओझा, संजय लाला, सुबोध सिंह, महेश चौधरी, जगदीश शर्मा, भोला कुशवाहा, देवेन्द्र सिंह, दिलीप सिंह, ऋषिकेश सिंह, शीतल सिंह, अजित गुप्ता, अभिषेक चौधरी, मिथिलेश मंडल, मणिशंकर ठाकुर, सत्यजीत सिंह, त्रिभुवन यादव, शिव कुमार गुप्ता, अर्जुन वर्मा सुरेन्द्र कुमार शर्मा, निरंजन कुमार, दिलीप प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# विकास मंच ने अन्नपूर्णा से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** मकर संक्रांति के अवसर पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी से उनके आवास कोडरमा में भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान गिरधारी गोप के नेतृत्व में मंच के प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री अन्नपूर्णा देवी को केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को पुनः भुरकुंडा क्षेत्र में ही स्थायी रूप से स्थापित करने से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा। साथ ही विद्यालय के गौरवमय इतिहास, क्षेत्र के जनभावना से अवगत कराया। मंच ने केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा के मामले में झारखंड उच्च न्यायालय से पारित आदेश की प्रति भी मंत्री को सौंपा। इस दौरान मंच के लोगों ने अभी तक किये गये प्रयासों तथा विद्यालय को भुरकुंडा क्षेत्र में भूमि आवंटन मामले में जिला प्रशासन के उदासीनता से भी मंत्री को अवगत कराया। मंच ने बताया कि भुरकुंडा क्षेत्र के आसपास ही कई राजस्व ग्राम है। जहां सरकारी भूमि उपलब्ध है। जिस पर विद्यालय का स्थाई निर्माण हो सकता। प्रतिनिधि मंडल ने सीसीएल प्रबंधन की क्षेत्र के प्रति नकारात्मक सोच और प्रवृत्ति की बारे में भी मंत्री को अवगत कराया। मंच के लोगों ने कहा की क्षेत्र में कई ऐसे निजी विद्यालय संचालन करने वाले शिक्षा माफिया हैं जो इस तरह के केंद्रीय शिक्षा संस्थान को स्थापित होने देना नहीं चाहते। जिससे उनकी हितों का नुकसान हो। मौके पर मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए मंच को आश्वस्त किया कि मैं केंद्रीय विद्यालय संगठन से जानकारी हासिल कर जनभावनाओं के अनुकूल प्रयास करूंगी। विद्यालय पुनः भुरकुंडा क्षेत्र में ही स्थापित हो इसके लिए हर सार्थक कदम उठाऊंगी। उन्होंने कहा की इस संबंध में अद्यतन जानकारी लेने के बाद मंच को अवगत कराया जायेगा। मंच ने मंत्री से कहा की आपका दिश-निर्देश प्राप्त करने के बाद हमसभी बैठक कर अगे की रणनीति व कार्यक्रम पर विचार करेंगे। बैठक में मामले पर क्षेत्र के आम-आवाम, सामाजिक-राजनीतिक संगठन के लोगों का विचार लिया जायेगा। ताकि क्षेत्र का गौरव और पहचान केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को बचाया जा सके। केवि भुरकुंडा को पुनः भुरकुंडा में स्थापित कराने के लिए भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच हर संभव प्रयास करेगी। ताकि इस क्षेत्र की पहचान केन्द्रीय विद्यालय यहीं स्थापित हो सके। मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधि मंडल में गिरधारी गोप, संतोष यादव, दर्शन गंझु, विनय कुमार सिंह, जानकी ठाकुर, रवि कुमार सोनी आदि मुख्य रूप से शामिल थें।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह का डीसी ने किया शुभारंभ

**वाहन चलाने के समय रखे सड़क सुरक्षा नियम का ध्यानः चंदन कुमार**

**जिला परिवहन कार्यालय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** संयुक्त परिवहन आयुक्त, सड़क सुरक्षा परिवहन विभाग झारखंड द्वारा 15 जनवरी 14 फरवरी 2024 तक सड़क सुरक्षा माह मनाये जाने की निर्देश के आलोक में मंगलवार को उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा जिला समाहरणालय परिसर से सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उपायुक्त ने जागरूकता वाहन के माध्यम से जिले के भिड़भाड़ वाले स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सड़क सुरक्षा माह के तहत तैयार किया किये गये कैलेंडर और माह के दौरान मनाये जाने वाले विभिन्न दिवसों और आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की भी जानकारी लेते हुए कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके साथ ही डीसी ने सभी जिले वासियों से वाहन का उपयोग करते वक्त सड़क सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने और सुरक्षित रहने की अपील की।

### प्रतियोगिता का आयोजन, विजेता पुरस्कृत

सड़क सुरक्षा माह के तहत मंगलवार को जिला परिवहन कार्यालय में सड़क सुरक्षा संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसके उपरांत मांडू प्रखंड अंतर्गत घाटों क्षेत्र की निवासी भूमि कुमारी और सारूबेड़ा क्षेत्र के निवासी पिंटू कुमार को प्रतियोगिता जीतने पर पुरस्कृत किया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर प्रसाद द्विवेदी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय संजीव कुमार मिश्रा, प्रधान सहायक मनीष कुमार सिंह, सड़क सुरक्षा प्रबंधक विक्की आनंद, सड़क अभियंता ऋषिकांत सड़क सुरक्षा की टीम, जिला परिवहन कार्यालय के कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## विस्थापित समिति ने प्रबंधन से कोयले की मांग को लेकर उत्पादन कार्य किया बाधित



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बरका सयाल श्रेत्र के बिरसा परियोजना उरीमारी में मंगलवार को विस्थापित समिति उरीमारी के द्वारा लोकल सेल में प्रतिदिन 50 (पच्चास) ट्रक कोयले की मांग को लेकर बिरसा परियोजना का उत्पादन कार्य सुबह 6 बजे से लेकर 9 बजे तक तीन घंटे के लिए बाधित किया गया। जिसका नेतृत्व विस्थापित नेता दसई मांझी ने किया। वहीं कोलियरी का उत्पादन कार्य बाधित देख सीसीएल प्रबंधन की ओर से खान प्रबंधक बिरसा रामेश्वर मुंडा की उपस्थिति में अपने पहल पर विस्थापित ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया कि लोकल सेल में प्रतिदिन अधिक से अधिक कोयले की आपूर्ति की जायेगी। खान प्रबंधक के आश्वासन के बाद परियोजना का उत्पादन कार्य सुचारू रूप से चालू कर दिया गया। वहीं विस्थापित नेता दसई मांझी ने कहा कि पूर्व में ही प्रबंधन से पत्र के माध्यम से प्रतिदिन 50 (पच्चास ) गाड़ी कोयले की मांग की गयी थी। परंतु प्रबंधन उक्त विषय पर गंभीरता पूर्वक कार्य नहीं किया। जिसके कारण बाध्य होकर बिरसा परियोजना का उत्पादन कार्य बाधित किया गया। आगे से इस तरह का लापरवाही न हो इसका प्रबंधन ख्याल रखें। मौके पर मुख्य रूप से विस्थापित नेता दसई मांझी, दिनेश करमाली, कार्तिक मांझी, सुखू मांझी, रैना मांझी, सुरेश मुर्मू, खेपन मांझी, जुगल करमाली, तुलसी उरांव,तालो हांसदा, शिकारी टुडू, मनोज सिंह, लालजी पावरिया, सुबितराम किस्कू, विनोद सोरेन, हेमलाल बेसरा, राजू पावरिया, फुलचंद बेदिया, धनलाल बेदिया, सतनारायण बेदिया, सहदेव टुडू, सुरेश प्रजापति, सुरेंद्र करमाली, बुधन करमाली, टुला करमाली, भादो करमाली, डहरु करमाली, मोहन पवरिया, चारो सोरेन, विदेश मांझी, भोला किस्कू, किशुन हांसदा, पंकज बास्के, बरियत किस्कू, सोमरा पावरिया, महावीर मांझी, विजय साव, अजय साव, बिरजू सोरेन, राजू टुडू सहित कई लोग मौजूद थे।

## प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति सेंटर का उद्घाटन




**गोला (आजाद सिपाही)।** सोसो खुर्द टोल प्लाजा के समीप मंगलवार को प्राकृतिक चिकित्सा पद्दति सेंटर का उद्घाटन किया गया। इसका विधिवत उद्घाटन गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और सोसो कलां मुखिया नीता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि वर्तमान समय में लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा पद्दति से जुड़ना चाहिए। आज का भाग दौड़ भरे जीवन में लोगों को खाने पीने में मिलावट ही मिलावट मिल रहा है। ऐसे में कुछ समय अपने शरीर के लिए निकले। यह अनमोल धन आपको और आपके परिवार के लोगों को खुशहाल करेगा। सेंटर के संचालक संजय कुमार महतो और दिनेश्वर महतो ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली चिकित्सा की एक रचनात्मक विधि है, जिसका लक्ष्य प्रकृति में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध तत्त्वों के उचित इस्तेमाल द्वारा रोग का मूल कारण समाप्त करना है। यह न केवल एक चिकित्सा पद्धति है बल्कि मानव शरीर में उपस्थित आंतरिक महत्त्वपूर्ण शक्तियों या प्राकृतिक तत्त्वों के अनुरूप एक जीवन-शैली है। यहां सभी प्रकार का इलाज के लिए संपर्क कर सकते है। शरीर का पूरा जांच निःशुल्क किया जाता है। मौके पर नव कुमार महतो, अंजू कुमारी, लक्ष्मण महतो, सुरेंद्र महतो, गोपाल महतो, त्रिभुवन महतो, सुभाष महतो, रेखा देवी, प्रमिला देवी, सुप्रिया देवी, राजेश कुमार महतो, प्रदीप महतो, आशा देवी, शांति देवी, उषा देवी आदि मौजूद थे।

## तीन अपराधी ने बसंती कुमारी को चाकू मार कर किया घायल, रिम्स रेफर

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कसियाडीह पंचायत क्षेत्र के शिवपुर साइडिंग घाघरा गांव बघौता टोला निवासी बुधन महतो के 20 वर्षीय पुत्री बसंती कुमारी को अज्ञात अपराधीयों तत्व के लोग ने चाकू मार कर भाग निकले। यह घटना सोमवार की संध्या 6:30 बजे की बताया गया है। अपने घर के सामने जानवर बांध रही बसंती कुमारी के पास अचानक हमलावर गर्दन पकड़ कर चाकू और ब्लेड से तीन चार वार कर दिया। जब बचाव बचाव की आवाज देने लगी तब परिजन को पहुंचने से पहले अपराधी अंधेरे के कारण भाग निकले। आनन-फानन में परिजन टंडवा सीएचसी इलाज के लिये लाये। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर रांची रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स में जख्मी बसंती कुमारी की इलाज चल रही है। रिम्स चिकित्सक के अनुसार बंसती को गले में ऑपरेशन की गयी है, वह ऑक्सीजन पर है। फिलहाल हालात खतरे में है। परिजन इस घटना को लेकर थाना में शिकायत नहीं किया है यह बात थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय सिंह ने कही। बताया की इस मामले की सुचना मिली है, पुलिस उस क्षेत्र में जांच पड़ताल कर रही है, धर पकड़ के लिये अभियान चला रही है। इधर इस घटना को लेकर आजसू कार्यवाहक जिला अध्यक्ष महेश महतो ने चतरा पुलिस कप्तान से इस घटना को संज्ञान में लेकर जांच कर अपराधी को कड़ी-कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।

## मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने की सड़क जाम



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटना मामले में ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर पतरातू रांची मुख सड़क जाम किया। दिन के 2:00 बजे पालू पंचायत के ग्रामीणों ने मृतक की मुआवजा की मांग को लेकर पतरातू मुख्य सड़क को जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि सड़क दुर्घटना में शामिल वाहन मालिक की ओर से न ही प्रशासन की और से पहल नहीं की गयी। ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए खैर मांझी द्वारा के समीप मृतक महेश महतो के शव को रखकर सड़क जाम कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने वाहन मालिक और प्रशासन के उपेक्षा को देखते हुए सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन भी किया। सड़क जाम की स्थिति में रांची रामगढ़ की और जाने वाले जगहों पर आवागमन घंटो बाधित रहा। ज्ञात हो की बीती रात पतरातू खलारी रोड में बिंजा पुल के समीप ट्रक के चपेट में आने से पालू पिपरी टोला निवासी महेश महतो की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी थी। करीब 4 घंटे सड़क जाम के बाद प्रशासन के पहल पर पतरातू थाना परिसर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ वार्ता हुई। वार्ता में कहा गया कि डाडीडीह स्कुल और ज्योति बाल विकास विद्यालय के पास ब्रेकटिंग लगाया जायेगा, ट्रक चालक और ट्रक पर प्राथमिकी दर्ज की जायेंगी। सरकारी प्रवधान के तहत जो मिलना है दिया जायेगा। वार्ता के दौरान पतरातू अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे, इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता, दुर्गा चरण प्रसाद, पूर्व मुखिया गंगाधर महतो, कामेश्वर महतो, अजय सिंह, उज्जवल सिंह, घनश्याम महतो, धनेश्वर महतो शामिल थे।

# ठंडे दिमाग से सोचे मालदीव

आखिर मालदीव ने भारत को साफ-साफ कह दिया कि वह 15 मार्च तक अपनी सेना वहां से वापस बुला ले। यह बात दोनों पक्षों के उच्चस्तरीय कोर ग्रुप की रविवार को हुई बैठक में बतायी गयी। कोर ग्रुप की यह बैठक मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के एक सप्ताह की चीन यात्रा से लौटने के ठीक बाद हुई। चीन से लौटने के बाद शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुद मुइज्जू ने ऐसा बयान दिया, जिसे कूटनीतिक हलकों में असामान्य रूप से कड़ा माना गया। उन्होंने कहा कि हम छोटे देश हो सकते हैं, लेकिन उस वजह से किसी को हमें धौंस दिखाने का लाइसेंस नहीं मिल जाता। भले ही उन्होंने भारत का नाम नहीं लिया, लेकिन यह स्पष्ट है कि उनका इशारा भारत की ओर था। कुछ ही समय पहले दोनों देशों के बीच एक अप्रिय विवाद हुआ था, जिसमें मुइज्जू सरकार के तीन मंत्रियों ने सोशल मीडिया एक्स (पुराना नाम ट्विटर) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में भद्दे कॉमेंट किये थे। इस पर स्वाभाविक ही न सिर्फ भारत सरकार की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आयी, बल्कि भारतीयों की भावनाएं भी आहत हुईं। हालांकि मालदीव सरकार ने तीनों मंत्रियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की, लेकिन सोशल मीडिया पर #बॉयकॉटमालदीव का ट्रेंड चल गया। फिर भी मालदीव सरकार के ताजा रुख को इस विवाद का परिणाम मानना गलत होगाा। वहां काफी समय से इसकी पृष्ठभूमि तैयार हो रही थी। पिछले साल हुए राष्ट्रपति चुनाव में भी मुइज्जू ने भारतीय फौज की वापसी को बड़ा मुद्दा बनाया था। ऐसे में अगर वह चीन की ओर झुकने वाली नीति अपनाने की कोशिश कर रहे हैं, तो आश्चर्य की बात नहीं है। हैरानी की बात यह है कि उन्होंने देश में भारत विरोधी माहौल बनाने वाला बयान दिया है। इससे लगता है कि उनका ध्यान वहां मार्च में होने वाले संसदीय चुनावों पर केंद्रित है। किसी देश की विदेश नीति घरेलू राजनीति से निर्देशित होने लगे तो यह खतरा पैदा हो जाता है कि वहां दीर्घकालिक राष्ट्रीय हित गौण पड़ने लगेंगे। जिस तरह से मुइज्जू तुर्किये से खाना और यूरोप व अमेरिका से दवाएं मंगाने की बात कर रहे हैं, उससे लगता है कि मालदीव की भू-राजनीतिक स्थिति की सच्चाइयों से उनका ध्यान या तो हट गया है या उन्होंने कुछ समय के लिए उस तरफ से आंखें बंद कर ली हैं। तसल्ली की बात यह है कि भारत ने अपना संयत रुख कायम रखा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर का यह कहना अर्थपूर्ण है कि राजनीति तो राजनीति है। साफ है, भारत जल्दबाजी में कदम उठाने से बचना चाहता है। वह मालदीव को वक्त देते हुए चलेगा, ताकि चुनावी जरूरतें पूरी होने के बाद ठंडे माहौल में इत्मीनान से संबंधों को ठीक करने की प्रक्रिया आगे बढ़ायी जा सके।

**चीन से लौटने के बाद शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुद मुइज्जू ने ऐसा बयान दिया, जिसे कूटनीतिक हलकों में असामान्य रूप से कड़ा माना गया। उन्होंने कहा कि हम छोटे देश हो सकते हैं, लेकिन उस वजह से किसी को हमें धौंस दिखाने का लाइसेंस नहीं मिल जाता।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**इंदिरा गांधी के दौर में इंदिरा इज इंडिया के नारे के साथ प्रधानमंत्री के आगे पूरा मंत्रिमंडल बौना और अर्थहीन हो गया। धीरे-धीरे इस मर्ज और कुप्रथा से सभी पार्टियां, राज्य की सरकारें और अफसरशाही ग्रस्त हो गयी। महाराष्ट्र के मामले से साफ है कि वहां पर शिवसेना के संविधान की बजाये ठाकरे परिवार की इच्छा ही नियम और कानून बन गयी थी। अधिकारों के केंद्रीयकरण की वजह से बकाया नेता, विधायक, सांसद और मंत्री दल-बदल की मंडी में नीलामी के लिए तैयार हो जाते हैं।**

# पार्टियों में तानाशाही और हाईकमान का सिस्टम खत्म हो

विराग गुप्ता



**महाराष्ट्र और दूसरे अन्य राज्यों के मामलों से साफ है कि दल-बदल कानून के तहत स्पीकरों के अधिकार और भूमिका को निर्धारित करने के लिए कानून में बदलाव की जरूरत है। स्पीकर के नहीं रहने पर डिप्टी स्पीकर का पद महत्वपूर्ण होता है, लेकिन महाराष्ट्र मामले में नेताओं की सियासी गुगली और सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश से डिप्टी स्पीकर की भूमिका अर्थहीन हो गयी।**

शिवसेना पार्टी में दलबदल के विवाद में स्पीकर ने शिंदे या ठाकरे किसी भी गुट के विधायक को अयोग्य घोषित नहीं किया है। पार्टी पर शिंदे गुट के कब्जे की मान्यता के बाद अब ठाकरे गुट के विधायकों को विधानसभा में सत्ता पक्ष की बैंच में बैठने की बात भी हो रही है। इस फैसले के बाद दलबदल विरोधी कानून अप्रासंगिक होने के साथ पूरी पार्टी को हाईजैक करने का रास्ता साफ हो गया है। इस पूरे विवाद में चुनाव आयोग, राज्यपाल, स्पीकर और सुप्रीम कोर्ट की भूमिकाओं के निर्धारण के साथ पार्टियों में घट रहे लोकतंत्र का आकलन जरूरी है। राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियां व्यक्ति और वंशवाद पर केंद्रित हैं। दूसरी तरफ विचारधारा के दम पर चलने वाली राष्ट्रीय पार्टियां भी हाईकमान और एकाधिकार के मर्ज से मुक्त नहीं हो पा रही हैं। आजादी के बाद नेहरू के समय से ही कैबिनेट प्रणाली को कमजोर करके प्रधानमंत्री के वर्चस्व की शुरुआत हो गयी थी।

इंदिरा गांधी के दौर में इंदिरा इज इंडिया के नारे के साथ प्रधानमंत्री के आगे पूरा मंत्रिमंडल बौना और अर्थहीन हो गया। धीरे-धीरे इस मर्ज और कुप्रथा से सभी पार्टियां, राज्य की सरकारें और अफसरशाही ग्रस्त हो गयी। महाराष्ट्र के मामले से साफ है कि वहां पर शिवसेना के संविधान की बजाये ठाकरे परिवार की इच्छा ही नियम और कानून बन गयी थी। अधिकारों के केंद्रीयकरण की वजह से बकाया नेता, विधायक, सांसद और मंत्री दल-बदल की मंडी में नीलामी के लिए तैयार हो जाते हैं।

**शिवसेना प्रकरण से सबक लेते हुए अजीत पवार ने विधायकों का गुट बनाने की बजाय पूरी एनसीपी पर ही अपना दावा ठोंक दिया।**

**पार्टियों के संगठन और सदस्यों का ब्योरा सार्वजनिक हो :** ठाकरे गुट के अनुसार चुनाव आयोग और स्पीकर ने 2018 के संशोधित संविधान को दरकिनार करके 1999 के पुराने संविधान के अनुसार गलत फैसला दिया। उनके अनुसार 2019 के चुनावों में शिवसेना पार्टी के नेता के तौर पर सर्वे-सर्वा उद्धव ठाकरे की भूमिका पर चुनाव आयोग ने आपत्ति नहीं जाहिर की थी, लेकिन ठाकरे गुट को भी दो जरुरी सवालों का जवाब देना चाहिए।

पहला-उन्होंने संशोधित संविधान को चुनाव आयोग को क्यों नहीं दिया? अगर दिया, तो उसके प्रमाण क्यों नहीं हैं? दूसरा-संशोधित संविधान में उद्धव ठाकरे ने अपने पास सर्वाधिकार क्यों सुरक्षित किये। शिंदे गुट के विधायक और मंत्री भी शिवसेना के 2018 के संविधान के हिस्सेदार थे, तो फिर उसके तहत ठाकरे को मिले एकाधिकार को कैसे इंकार कर सकते हैं। बगावत के बाद शिंदे गुट ने हमेशा एक अलग धड़े की मान्यता की मांग की थी। दो तिहाई विधायकों का गुट होने के बाद उन्हें किसी अन्य पार्टी में शामिल होने पर ही दल-बदल कानून के तहत अयोग्यता से मुक्ति मिल सकती थी। रिकॉर्ड में दर्ज तथ्यों को नजरअंदाज करके स्पीकर ने जो फैसला दिया है वह दल-बदल कानून के ताबूत में आखिरी कील जैसा ही है।

राजनीतिक हिंसा के शिकार लोगों के साथ जुड़ाव का सभी पार्टियां दावा करती हैं, लेकिन कार्यकत्रा या पदाधिकारी के अपराधों में लिप्त होने के भंडाफोड़ होने पर पार्टियां उनसे किनारा कर लेती हैं। दलबदल कानून के तहत पार्टियों में वर्चस्व के निर्धारण के लिए विधायक और सांसदों के साथ कार्यकर्ताओं का आकलन जरूरी है। इसके लिए सभी पार्टियों को संगठन और कार्यकर्ताओं का ब्योरा ऑनलाइन करने के साथ चुनाव आयोग के साथ साझा करने की जरूरत है। इससे पार्टियों में पारदर्शिता के साथ जवाबदेही बढ़ेगी, जिसकी भारत के लोकतंत्र को बहुत ज्यादा जरूरत है।

**दफन होता दल-बदल कानून :** स्पीकर ने अगर शिंदे गुट को शिवसेना माना है, तो फिर उस लिहाज से ठाकरे गुट के विधायकों को अयोग्य घोषित करना चाहिए था। संतुलन बनाये रखने के चक्कर में स्पीकर ने कानूनी प्रक्रिया का सही अर्थों में पालन नहीं किया। इस पूरे मामले का लब्बोलुआब यह है कि केंद्र सरकार का जिस गुट के ऊपर हाथ है, उसी को राज्यपाल सरकार बनाने के लिए बुलायेंगे। उसके अनुसार स्पीकर और अन्य संस्थानों की भूमिका भी निर्धारित होने से कानून के बौने होने का खतरा बढ़ गया है।

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के अनेक आदेश के बाद स्पीकर ने लंबा-चौड़ा फैसला सुनाया है। सॉलिसिटर जनरल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि इस मामले से जुड़े लगभग 2.7 लाख पेजों का अध्ययन करने के बाद स्पीकर को फैसला देना था। जिन मामलों को टालना होता है, उनमें इतनी लंबी-चौड़ी कार्रवाई हो जाती है कि उसका निपटारा कई पीढ़ियों की मुकदमेबाजी के बावजूद नहीं हो पाता।

महाराष्ट्र और दूसरे अन्य राज्यों के मामलों से साफ है कि दल-बदल कानून के तहत स्पीकरों के अधिकार और भूमिका को निर्धारित करने के लिए कानून में बदलाव की जरूरत है। स्पीकर के नहीं रहने पर डिप्टी स्पीकर का पद महत्वपूर्ण होता है, लेकिन महाराष्ट्र मामले में नेताओं की सियासी गुगली और सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश से डिप्टी स्पीकर की भूमिका अर्थहीन हो गयी। लोकसभा और विधानसभाओं में डिप्टी स्पीकर के पद को मुख्य विपक्षी दल को देने की स्वस्थ परम्परा की भी अनदेखी होने लगी है। ठाकरे गुट नये तरीके से फिर इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में ले जायेगा। इस साल 2024 में महाराष्ट्र में विधानसभा के चुनाव भी होंगे। एक देश एक चुनाव मामले पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की समिति जिस तेजी से आगे बढ़ रही है, उसके मसौदे को सफल बनाने के लिए लोकसभा के साथ महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव भी कराये जा सकते हैं। ऐसे में स्पीकर का फैसला और सुप्रीम कोर्ट में दायर अपील सिर्फ अकादमिक महत्व की रह जायेगी।

शिवसेना प्रकरण से सबक लेते हुए अजीत पवार ने विधायकों का गुट बनाने की बजाय पूरी एनसीपी पर ही अपना दावा ठोंक दिया। इसकी वजह से शरद पवार गुट के विधायकों और सांसदों पर अयोग्यता की तलवार लटकने लगी है, लेकिन चुनाव नजदीक आने की वजह से एनसीपी मामले में स्पीकर से ज्यादा जनता की अदालत का फैसला महत्वपूर्ण होगा।

**(लेखक : सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### अयोध्या धाम में श्री राम लला के दर्शन के लिए भाजपा ने तैयार किया मेगा प्लान

# टाटानगर स्टेशन से 29 जनवरी और 19 फरवरी को चलेगी स्पेशल ट्रेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां अब आखिरी चरण में पहुंच चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर श्रद्धालुओं के लिए भी खुल जाएगी। अयोध्या में राम मंदिर दर्शन के लिए भाजपा की तरफ से भी मेगा प्लान तैयार किया गया। इसके तहत रेलवे की ओर से लोगों की मांग को देखते हुए 29 जनवरी व 19 फरवरी को टाटानगर स्टेशन से दर्शन नगर आस्था स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया। यात्रा के तहत हजारों श्रद्धालुओं को राम मंदिर विधिवत दर्शन करवाने की तैयारी की जा रही है। मंगलवार को भाजपा के लोकसभा स्तरीय संयुक्त बैठक बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन के मानस सभागार में किया गया। मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सौरव चक्रवर्ती, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, विनय लाल, बब्बन गुप्ता, शशि भूषण भगत समेत पार्टी के तमाम वरीय नेताओं के संग विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में



जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत विभिन्न मंडलों के बूथों से हजारों कार्यकताओं को आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से टाटानगर स्टेशन से दर्शन नगर के लिए 29 जनवरी एवं 19 फरवरी को दर्शन के लिए निर्णय लिया गया। टाटानगर स्टेशन पर ट्रेन का समय सुबह 11:50 बजे है। जो अगले दिन सुबह 3:20 में दर्शन नगर पहुंचेगी। 20 बोगियों वाली इस आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को इसकी जिम्मेदारी दी गई। जिसमें पहले श्रद्धाजलुओं का आधार कार्ड व अन्य जरूरी कागजात के साथ पंजीयन होगा। इसके बाद चयनित यात्रियों को परिचय पत्र दिया जाएगा। यात्रियों को ट्रेन खुलने से 2 घंटे पहले स्टेशन आने व अपने साथ गर्म कपड़े, बिछावन साथ लाने का आह्वान किया गया। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या दर्शन के लिए आने-जाने का किराया 1300 रुपये रखी गयी है। इस किराया शुल्क में राम भक्तों के लिए ट्रेन पर चढ़ने से लेकर अयोध्या दर्शन कराकर वापसी तक भोजन-पानी, ठहरने का प्रबंध किया जाएगा। इसके अलावा वहां पर उनके रहने खाने व सभी व्यवस्थाओं का भी इंतजाम भाजपा की तरफ से किया जाएगा। सभी बोगियों में पार्टी की ओर से एक बोगी प्रमुख नियुक्त किये जाएंगे। बैठक के दौरान मंडल अध्यक्षों को यात्रा के निमित्त रामभक्त आरक्षण पर्ची दी गयी। सांसद विद्युत वरण महतो ने बताया यह हर्ष की बात है अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए रेलवे की ओर से संचालित होने वाले स्पेशल ट्रेन में पहला ट्रेन जमशेदपुर लोकसभा को दिया गया। बैठक में प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, विनय लाल, बब्बन गुप्ता, शशि भूषण भगत, देवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, राजकुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, कुसुम पूर्ति, देवयानी मुर्मू, नीरज सिंह, डॉ राजीव, राजन सिंह, मनोज कुमार सिंह, कल्याणी शरण, संजीव कुमार, सुधांशु ओझा संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, राकेश सिंह, अनिल मोदी, मंजीत सिंह मौजूद रहे।

# भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेसियों ने की तैयारी बैठक

**संगठनात्मक प्रगति की समीक्षा की गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बिस्टुपुर तिलक पुस्तकालय में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी शामिल हुए। इस अवसर पर संगठनात्मक प्रगति पर समीक्षा की गई। साथ ही भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का शहर आगमन पर तैयारी को लेकर चर्चा की गई। मौके पर भारत जोड़ो यात्रा में शामिल करने के लिए जिला कमिटी के द्वारा निमंत्रण पत्र देकर अधिकृत किया गया। इस अवसर पर सभी कम्पनी के युनियन अध्यक्ष कर्मचारी, सामाजिक संगठन, इंडिया गठबंधन के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता, सभी धार्मिक संस्था, सभी समाजवार संस्था,खेल संस्थान, सभी एसएचजी के पदाधिकारी व सदस्य, शैक्षणिक संस्थान, सभी ग्राम प्रधान, 231 मुखिया, जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, वरिष्ठ नागरिक समिति, कॉलेज के छात्र, छात्राओं के अलावा कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ जिला पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी अग्रणी संगठन व विभाग के सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी सहित कांग्रेस पार्टी के सदस्यगणों को बड़े पैमाने पर निमंत्रण करने का निर्णय लिया गया। बैठक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के स्वागत में जगह-जगह तोरणद्वार, बैनर, फ्लेक्स, चौक चौराहों के सजावट करने के अलावा यात्रा रूट पर बड़े पैमाने पर स्वागत संबंधित सभी संदेशों को लिखा जाएगा। सभी प्रखंड, मंडल, पंचायत व बूथ कमेटी के पदाधिकारी को दायित्व दिया गया।



जिला प्रभारी व जिला अध्यक्ष ने कहा संभवत राहुल गांधी का जनसभा का आयोजन जमशेदपुर में होगा। इसके लिए स्थान का चयन प्रदेश के दिशा निर्देश पर किया जायेगा। मौके पर जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी ने कहा झारखंड में कांग्रेस की मजबूती को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिले में कई टॉक्स नेता व कार्यकताओं को दिया गया था। उसी को लेकर समीक्षा बैठक की गई। उन्होंने बताया हम सभी के सौभाग्य की बात है नेता राहुल गांधी के न्याय यात्रा झारखंड में 8 दिन तक यात्रा करेगी। राहुल गांधी झारखंड में 804 किलोमीटर पैदल यात्रा तय करेंगे। उसमें पूर्वी सिंहभूम जिला भी शामिल है। इसको लेकर कांग्रेस के नेता व कार्यकताओं के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की जायेगी। साथ ही लोगों को जोड़कर राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने तैयारी की जा रही है। मौके पर जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने बताया हर मोहल्ले हर घर के नौजवान बेरोजगार है। महंगाई की मार से लोग त्राहिमाम हो रहे हैं। उन्होंने बताया देश के फौजी जो देश की रक्षा करते हैं उनको भी ठेका की तरह बनाने का काम हो रहा है। सरकारी काम करने वाले पदाधिकारी को भी न्याय नहीं मिल रहा है। वैसे नौजवानों को न्याय दिलाने के लिए हमारे नेता राहुल गांधी भारत छोड़ो यात्रा की शुरूआत की है। राहुल राहुल गांधी के नए यात्रा जमशेदपुर होकर गुजरेगी। उसके लिए ऐतिहासिक तैयारी की जारही है।

बैठक में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी, वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी, प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, मजदूर नेता राकेशेश्वर पांडे,देबू चटर्जी,बृजमोहन गुप्ता गुड्डू, के के शुक्ला, विधानसभा प्रभारी तापस चटर्जी, सुरेशधारी, कार्यकारीअध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, आनन्द मय पात्रा, राज किशोर यादव अवधेश सिंह,जोगेंद्र सिंह यादव, संजय सिंह आजाद, सफी अहमद खान, रामदास चौधरी, मौलाना अंसार खान, जितेंद्र सिंह, बबलू झा, मनोज झा, संजय तिवारी,अशोक कुमार सिंह, नलिनी सिन्हा, दिवेश राज, पवन कुमार बबलू, गीता सिंह, सुशील पांडे, राजा सिंह राजपूत, इंतेकाम बस्ती, उदय कुमार सिंह, कैलाश रजक, समीम गद्दी, अमित दुबे, चरणपाल सिंह,संजय शाह, लक्ष्मण चंद्र बाग,गुरदीप सिंह, विकास मुखी,अजय मिश्रा मानगो, राजेंद्र सिंह, खगेन चंद्र महतो, रियाजुद्दीन खान, रणजीत सिंह, बबन शुक्ला, प्रदीप कुमार, राजेश कुमार वर्मा राजू, शशि भूषण प्रसाद, गुलरेज रफ्तार अंसारी, मनोज कुमार सिंह, शेख मजर अली, सुरेंद्र शर्मा मौजूद थे।

## घोड़ा बाबा मंदिर के बाहर मेला में गैस सिलेंडर फटने से ऑटो चालक घायल



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** मकर संक्रांति के दूसरे दिन अखान जात्रा के दौरान ग्राम देवता के पूजा का विशेष महत्व होता है। मंगलवार को आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया स्थित घोड़ा बाबा मंदिर के बाहर भव्य मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य सड़क में हजारों हजार की संख्या में लोगो का भीड़ जुटी रही। वही मुख्य सड़क पर गुब्बारे में गैस भरने वाले गेस सिलेंडर अचानक ब्लास्ट करने पर भगदड़ मच गयी। बताया जा रहा है ब्लास्ट इतना जोरदार था कि मुख्य मार्ग पर खड़ा ऑटो टूट कर बिखर गया, जिसमें ऑटो चालक बुरी तरह से घायल होकर लहूलुहान हो गया। स्थानीय लोगों व मेला आयोजन समिति द्वारा घायल को उचित इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

## कांस्य पदक विजेता शहर की शोभा पाठक को दिनेश ने किया सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया कराटे डू फेडरेशन के तत्वावधान में पिछले दिनों राजधानी रांची के खेलगांव स्टेडियम में शहर के मानगो तुरियाबेड़ा निवासी शोभा कुमारी पाठक ने सीनियर लेवल ओपन टूनामेंट के 18+ आयु वर्ग में कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। मंगलवार को कराटे खिलाड़ी शोभा पाठक ने भाजपा नेता दिनेश कुमार से उनके टुइलाडुंगरी गाढ़ाबासा स्थित आवासीय कार्यालय में भेंट की। इस दौरान भाजपा नेता ने उनका अभिनंदन पुष्पगुच्छ, शॉल, भगवत गीता व धरती आबा बिरसा मुंडा की चित्र भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने शोभा पाठक की उपलब्धि को जमशेदपुर के लिए गर्व का विषय बताते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने आश्वस्त किया खिलाडियों को समुचित खेल माहौल मुहैया कराने की दिशा में वे अपने स्तर से आवश्यक पहल करते रहेंगे।

## भगवान को पहनाया गया गर्म कपड़ा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में श्री राम का आगमन 22 जनवरी को होने जा रही है। इस अवसर पर देश के कोने-कोने से लोग अयोध्या पहुंच रहे हैं। मौके पर लौहनगरी जमशेदपुर के सभी मंदिर में भी तैयारी जोरों पर है। भगवान श्रीराम के आगमन को लेकर ठंड से बचाने के लिए सभी मंदिरों में परम भक्त हनुमान,भगवान श्री राम के साथ लक्ष्मण व सीता माता, भगवान भोलेनाथ, मां पार्वती, मां दुर्गा को कंबल टोपी गर्म कपड़े पहना दिये गये हैं, ताकि जमशेदपुर के मंदिरों से भगवान को अयोध्या जाने के दौरान ठंड न लगे। साथ ही उन्हें अयोध्या जाने के दौरान किसी प्रकार की परेशानी ना हो। वंही मंदिर में पहुंचने वाले भक्तों का भी कहना जब हम इंसान को ठंड लगती है, तो हमारे देवी देवताओं को भी ठंड लगती होगी।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 17 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in
07

## कांग्रेस की न्याय यात्रा को लेकर बैठक

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा ज़िला कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को ज़िला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ई ओबैदुल्लाह हक अंसारी के अध्यक्षता में न्याय यात्रा को सफल बनाने को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव सह गढ़वा विधानसभा प्रभारी लक्ष्मीनारायण तिवारी उपस्थित थे। बैठक मौजूद सभी प्रखंड अध्यक्षों, ज़िला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों, २० सूत्री समिति के पदाधिकारियों प्रदेश प्रतिनिधियों से कार्यक्रम के सफलता के लिए राय मशवरा लिया गया। सभी लोगों ने तन मन धन से देश के सबसे सर्वाधिक लोकप्रिय नेता राहुल गांधी के यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर ज़िला उपाध्यक्ष राम करेश चौबे, ज़िला महासचिव सुशील चौबे, राजेश रजक, ज़िला सचिव दिवाकर चौबे, ज़िला प्रवक्ता राहुल दुबे, मझियांव प्रखंड अध्यक्ष अमीरुद्दीन शेख, खरौंधी प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर यादव, रमना अध्यक्ष मंसूर अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# विकास के पैमाने पर गढ़वा अभी भी बहुत पीछेः अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर प्रखंड के करुआ कला पंचायत भवन के परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता गढ़वा जिला के जाने-माने शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय शामिल हुए।

इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा उपस्थित सभी मंचासीन अतिथियों को बुके देकर और स्वागत गीत के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता पूर्व प्रत्याशी गढ़वा रंका विधानसभा अलखनाथ पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलायें जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबकों मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ सभी जाति धर्म के लोगों को समान भाव से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसमें ८0 करोड लोगों को मुफ्त का राशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के पैमाने पर गढ़वा अभी भी बहुत पीछे है। अलखनाथ पांडेय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा देश हित में किये गये कार्यों के बारे में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम के तहत सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना इत्यादि योजनाओं की समुचित जानकारी अलखनाथ पांडेय ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विस्तार रूप से दिया।



इस अवसर पर बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण, पंचायत सचिव चंद्र देव तिवारी मुखिया नारद तिवारी, बलराम पांडे, विनोद तिवारी, रामशरीख चंद्रा, शिवनारायण चंद्रा, विजय चौबे, मुरली श्याम तिवारी, बृजेश, अजय, कामेश्वर, रौशन दुबे सहित भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## मेराल पुलिस ने किराना दुकान से अवैध अंग्रेजी शराब के साथ संचालक को किया गिरफ्तार



मेराल (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने गोंदा मेन रोड स्थित एक किराना दुकान से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त किया है। पुलिस ने अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचते हुए दुकान संचालक सुजीत कुमार पिता प्रदीप साव को गिरफ्तार कर लिया। उसके दुकान से पुलिस ने विभिन्न कंपनी के 24 बोतल विदेशी शराब, 20 पीस केन बियर तथा 7 बोतल देसी शराब बरामद किया है। इसकी जानकारी मेराल थाना में पदस्थापित प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा की सोमवार की शाम में गुप्त सूचना मिली कि गोंदा स्थित एक किराना दुकान में अवैध रूप से देसी व विदेशी शराब की बिक्री की जा रही है। प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक नीतीश कुमार, सुरजीत चौधरी, सुमन कुमार शर्मा, संजय हेंब्रम, सअनि रामायण सिंह, हवलदार मनोज राम तथा रिजर्व गार्ड के आरक्षी जितेंद्र शामिल थे।

## पलामू प्रमंडल ने डाक मेला का आयोजन किया

भंडरिया (आजाद सिपाही)। स्थानीय पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को डाक निरीक्षक गढ़वा दक्षिणी पलामू प्रमंडल के द्वारा डाक मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी। गढ़वा दक्षिणी अनुमंडल इंस्पेक्टर अखिलेश राम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएसबी, सेविंग अकाउंट, वन इयर टीडी, एमआईएस, केबीपी, बच्चों का जीरो बैलेंस पर खाता का सुविधा, महिला सम्मान निधि योजना, सुकन्या समृद्धि योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दीं, साथ ही उन्होंने कहा कि आज भी लोग जानकारी के अभाव में सरकार के द्वारा डाक विभाग से संचालित कल्याणकारी योजनाओ का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। मौके पर कनीय अंभियता रवि रंजन पांडे, विवेक, सब इंस्पेक्टर जनार्दन सिंह, मुखिया बिनको टोप्पो, उप मुखिया रविंद्र सिंह, रवि शंकर, मनोज, गोविंद, हरेंद्र, आशीष, राकेश, मजरुल अंसारी सहित आदि डाक कर्मी उपस्थित थे।

## मुखिया ने वनभोज का किया आयोजन



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बलीगढ़ पंचायत अंतर्गत खोन्हर में पंडा नदी के तट पर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन कुमार गुप्ता के सौजन्य से वनभोज का आयोजन किया गया। जिसमे पंचायत क्षेत्र के अलावा दूसरे प्रखंड के लोग शामिल हुए। मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि वन भोज कार्यक्रम में शामिल होने में अलग ही आनंद मिलता है। इस मौके पर नगर उंटारी से सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, मनीष गुप्ता, उज्जवल गुप्ता भवनाथपुर, महेंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विधायक प्रतिनिधि ने हर घर अक्षत और निमंत्रण दिया



हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। कांडी प्रखंड के मझिगावां गांव स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में मंगलवार को अयोध्या राम मंदिर से आया शुभ कलश का पूरे विधि विधान से पंडित चंदन मिश्रा के द्वारा पूजा अर्चना करा कर गांव के सभी देवस्थलों में निमंत्रण के साथ कलश पहुंचाया गया। उसके साथ हरिहरपुर पंचायत में विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह ने अपनी पूरी टीम के साथ हर घर अक्षत और निमंत्रण दिया। श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर मझिगावां में 16 से 22 जनवरी तक का कार्यक्रमहोगय। कार्यक्रम में मंदिर के मुख्य महंत रामधारी चौबे, बजरंगदल संयोजक शशिरंजन दुबे,सत्राजित मिश्रा, अरुण, मिथिलेश, मुकेश, राजेश, युगेश, बलवंत, मुन्ना सहित कई लोग उपस्थित थे।

## शैक्षणिक भ्रमण से लौटे ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल के बच्चे



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बीरबल गांव स्थित ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल के बच्चों को सोनभद्र जिले के विभिन्न रमणीय स्थल के साथ धार्मिक स्थल का भ्रमण कराया गया। जिसमें सोनभद्र के मशहूर धार्मिक स्थल डाला स्थित वैष्णव मंदिर रेनुकूट के बिड़ला मंदिर हाथीनाला के तितली पार्क सहित अन्य स्थलों पर बच्चों को घुमाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के साथ मुख्य लोगों में विद्यालय के प्रधानाचार्य बेबी खातून योगेंद्र कुमार यादव, राजेंद्र, अजय , राम विनय, विकास ठाकुर, सुनील, वीरेंद्र, चांदनी सहित ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल के सभी छात्र छात्राओं और शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

## सांसद ने दो सड़कों का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सांसद विष्णु दयाल राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला के बरडीहा प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कों क्रमशः (1) मझिआंव बिशुनपुर एमडीआर से सलगा तक पथ निर्माण 13.55 किलोमीटर, कोल्हुआ से बभनी तक 9.01 किलोमीटर कुल लागत (21.47 करोड़ रुपये) के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही केंद्रीय अवसंरचना निधि से दो सड़कों (1) कैलान से बरडीहा होते हुए विशुनपुरा तक 45 किलोमीटर (2) कैलान कांडी विशुनपुरा वाया बरदाहा तक सड़कों की जल्द स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कराया जायेगा। उपरोक्त सड़कों के निर्माण से जनता को आवागमन सुगम होगी। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित विश्रामपुर विधायक और पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री भोला चंद्रवंशी, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, रामचंद्र यादव, विरेंद्र नाथ दुबे, सतीश यादव, मंडल अध्यक्ष संजय यादव, संजय कमलापुरी, ग्राम पंचायत बरडीहा मुखिया सरोज देवी, प्रदीप तिवारी, सत्येंद्र मृत्युंजय और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थी।




## विधायक ने ग्रामीणों से दो पथ निर्माण का कराया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** प्रखंड अंतर्गत दो पथ निर्माण का शिलान्यास विधायक भानु प्रताप शाही ने ग्रामीणों से कराया। जिसमें रमना मुख्यलाय स्थित गुलहरी बांध से सिलीदाग पंचायत भवन तक विशेष मरमती तीन किमी और रमना कर्णपुरा मुख्य पथ से झूरहा टोला तक 900 मीटर पीसीसी पथ सामिल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि जनता की चिरपरिचित सड़क की मांग थी, जिसे लेकर अथक प्रयास से उक्त सड़क का शिलान्यास किया गया है। कहा कि जल्द ही यह सड़क बन जाने से आम नागरिकों को काफी सहूलियत होगी। कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होना है, जिसमें आप सभी को अपने घरों में पूजा पाठ करते हुए शाम को दिवाली मनाने की अपील की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, प्रमुख करुणा सोनी, बीडीओ संजय, मुखिया अनिता देवी, अजित पांडेय ने कार्यक्रम भी संबोधित किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी, महामंत्री राजेश सिंह, रविंद्र, अमित प्रकाश सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।




## उपायुक्त ने बिरसा कृषि रथ को किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आत्मा, समेति सहाय अनुदान अंतर्गत 'बिरसा कृषि रथ' का परिचालन जिले के सभी प्रखंडों में पंचायतवार अगले 10 दिनों तक कराया जा रहा है। इसका परिचालन दिनांक- 16 जनवरी 2024 से 25 जनवरी 2024 तक कराया जाएगा। इसके निमित आज उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा बिरसा कृषि रथ के प्रचार वाहन को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, परियोजना उप निदेशक योगेंद्र सिंह आदि उपस्थित थें। उक्त प्रचार वाहन के द्वारा किसानों के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य, जैविक खेती, जल प्रबंधन, बीज उपचार, यांत्रिकरण, किसान क्रेडिट कार्ड, मछली पालन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण आदि की जानकारी उपलब्ध कराया जाना है।



## एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा द्वारा स्थानीय नामधारी महाविद्यालय में एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना का आयोजन किया गया। धरना का आयोजन महाविद्यालय प्रशासन के मनमाने रवैये और एनसीसी में हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध कैडेटों के आरोप पर कार्यवाही नहीं होने के खिलाफ किया गया। अभाविप कार्यकर्ताओं ने यह मांग किया कि 8 जनवरी को प्राचार्य द्वारा बनायी गयी 7 सदस्यीय जांच कमेटी द्वारा जब तक जांच जारी है और रिपोर्ट नहीं सौंप दी जाती है, तब तक के लिए केयरटेकर डॉ. शोभा कुमारी को तत्काल पद से हटाया जायें। साथ ही कमेटी 12 घंटे के अंदर अपना निर्णय महाविद्यालय प्रशासन को सौंपे, साथ ही यह भी मांग किया कि महाविद्यालय के किसी भी मामले में महाविद्यालय प्रशासन शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी और छात्र प्रतिनिधि के साथ समन्वय स्थापित कर निर्णय ले, इसमें किसी बाहरी संस्थाओं और इकाइयों को शामिल न करें। ज्ञात हो कि श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट लगातार कई दिनों से डॉ. शोभा कुमारी के द्वारा कैडेट के साथ किये गये दुर्व्यवहार और भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन कर रहे थे, जब महाविद्यालय प्रशासन ने उनके आंदोलन को नजर अंदाज करने का प्रयत्न किया तब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एनसीसी कैडेट को न्याय दिलाने व एनसीसी में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आंदोलन की शुरूआत की। मौके पर विभाग सह संयोजक शशांक चौबे, जिला सह संयोजक शुभम, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभेंद्र, पंकज, नगर सह मंत्री सुगंध बघेल, सचिन, शेखर, एनसीसी के सूरज, रोहित, मनु, सहित कई छात्र उपस्थित रहे।



## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

62वीं औपबंधिक सूची
जिलाः–खूँटी

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 24. | 1. आवेदन क्र0– N/06<br>2. आवेदक–मार्शल धान<br>3. पिता–बरनाबस धान<br>4. ग्राम–मेहा पोस्ट–कोने<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–38 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | नहीं | नहीं | कारणः– i. अभिप्रमाणित पार्टी बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>ii. आयोग के पूर्व सदस्य द्वय द्वारा स्थानीय जाँच में चिन्हित<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–52/23<br>2. आवेदक–सुरज गोप<br>3. पिता–महादेव गोप<br>4. ग्राम–रोलागुटु पोस्ट–छाता<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–खूँटी<br>6. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित पार्टी सदस्यता रसीद एवं पार्टी बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–51/23<br>2. आवेदक–विजय सिंह<br>3. पिता–स्व0 चैतु सिंह<br>4. ग्राम–धनामुजी पोस्ट–जलटण्डा<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–खूँटी<br>6. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–सीने के बाँये तरफ घाव का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित पार्टी बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–50/23<br>2. आवेदक–लिटा खोया<br>3. पिता–स्व0 केलो मुण्डा<br>4. ग्राम–राई पोस्ट–फुदी<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–खूँटी<br>6. लिंग–पुरूष आयु–62 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बाँये पैर में घाव का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित पार्टी बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–49/23<br>2. आवेदक–जोटी टुटी<br>3. पिता–स्व0 चमरा टुटी<br>4. ग्राम–कालामाटी तिरिल टोली पोस्ट–फुदी<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–खूँटी<br>6. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–छाती में दाग का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित पार्टी बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–53<br>2. आवेदक–लौरेन्स मुण्डा<br>3. पिता–पोढ़ा मुण्डा<br>4. ग्राम–घुनसुली पोस्ट–घुनसुली<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–खूँटी<br>6. लिंग–पुरूष आयु–60 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–पैर में घाव का निशान। | | | कारणः– i. अभिप्रमाणित 'झारखण्ड मांग दिवस' का बैज पार्टी बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>ii. आयोग के पूर्व सदस्य द्वय द्वारा स्थानीय जाँच में चिन्हित<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–48/23<br>2. आवेदक–सुनील मुण्डा<br>3. पिता–स्व0 सलुवा मुण्डा<br>4. ग्राम–राई पोस्ट–फुदी<br>5. थाना–खूँटी प्रखण्ड–खूँटी<br>6. लिंग–पुरूष आयु–45 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–पेट में काला दाग का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित पार्टी बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–47/23<br>2. आवेदक–बिलासी देवी<br>3. पति–सूरज गोप<br>4. ग्राम–रोलागुटु पोस्ट–छाता<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–महिला आयु–41 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित पार्टी बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–N/56<br>2. आवेदक–अमरूस होरो<br>3. पिता–स्व0 काण्डे होरो<br>4. ग्राम–लोटा पोस्ट–कोने<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–75 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के एड़ी में घाव का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः– i. आयोग के पूर्व सदस्य श्री सुनील फकीरा कच्छप द्वारा चिन्हित<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–62/23<br>2. आवेदक–बरनाबास तोपनो<br>3. पिता–स्व0 जुसाफ तोपनो<br>4. ग्राम–धनामुंजी पोस्ट–जलटण्डा<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–53 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बाँये हाथ में घाव का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित झारखण्ड पार्टी की सदस्यता रसीद।<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–63/23<br>2. आवेदक–सुशील पाहन संगा<br>3. पिता–स्व0 सुखु पाहन<br>4. ग्राम–दराकेल महुआ टोली पोस्ट–लोधमा<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–64 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बाँये गला में कटा का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित झारखण्ड पार्टी की सदस्यता रसीद।<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–64/23<br>2. आवेदक–फुलमनी हेरेंज<br>3. पति–मर्टीन हेरेंज<br>4. ग्राम–मालगो पोस्ट–बिनगाँव<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–महिला आयु–66 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में तिलक का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित झारखण्ड पार्टी का परिचय पत्र<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–65/23<br>2. आवेदक–एतवा लकड़ा<br>3. पिता–हिन्दुवा लकड़ा<br>4. ग्राम–दिगादोन पोस्ट–बिनगाँव<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–67 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–हाथ में तिलक का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित झामुमो0 पार्टी की सदस्यता रसीद।<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–66/23<br>2. आवेदक–जुलियानी मिंज<br>3. पति–स्व0 दानियल मिंज<br>4. ग्राम–मालगो पोस्ट–बिनगाँव<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–महिला आयु–48 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बाँये हाथ पर तिलक का चिन्ह। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित झारखण्ड पार्टी का परिचय पत्र<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–67/23<br>2. आवेदक–अरसल्यानी बरला<br>3. पति–प्रमोद बरला<br>4. ग्राम–रेहलगड़ा पोस्ट–गोविन्दपुर<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–महिला आयु–47 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने गाल पर तिल का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित झारखण्ड पार्टी का परिचय पत्र<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–68/23<br>2. आवेदक–नेलशन होरो<br>3. पिता–एतवा होरो<br>4. ग्राम–रंजू पोस्ट–तिलमी<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–57 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बाँये हाथ में तिलक घाव का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित झारखण्ड पार्टी का परिचय पत्र<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–69/23<br>2. आवेदक–प्रमोद कुमार बरला<br>3. पिता–लोहरा बरला<br>4. ग्राम–कुदा पोस्ट–कर्रा<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित पार्टी बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–70/23<br>2. आवेदक–आशीष होरो<br>3. पिता–सोमरा होरो<br>4. ग्राम–जलांगा बड़का टोली पोस्ट–गोविन्दपुर रोड<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–39 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बाँये हाथ में घाव का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित झारखण्ड पार्टी का परिचय पत्र<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–71/23<br>2. आवेदक–बिरसा मुण्डा<br>3. पिता–स्व0 सुखू मुण्डा<br>4. ग्राम–जलंगा भंडार टोली पोस्ट–गोविन्दपुर रोड<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बाँये पैर के घुटने में घाव का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित झारखण्ड पार्टी का परिचय पत्र<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–60/23<br>2. आवेदक–डेविड हेरेंज<br>3. पिता–इसराईल हेरेंज<br>4. ग्राम–मालगो पोस्ट–बिनगाँव<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बाँये घुटने में घाव का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित पार्टी सदस्यता पंजी में नाम अंकित।<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–59/23<br>2. आवेदक–पेत्रुस मिंज<br>3. पिता–लखवा मिंज<br>4. ग्राम–मालगो पोस्ट–बिनगाँव<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–56 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बाँये काँख के नीचे तिल का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित पार्टी सदस्यता पंजी में नाम अंकित।<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–N/18<br>2. आवेदक–करमा मुण्डा<br>3. पिता–गुड़वा मुण्डा<br>4. ग्राम–मेंहा पोस्ट–कोने<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–62 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बाँये हाथ में घाव का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित पार्टी सदस्यता पंजी में नाम अंकित।<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–04/24<br>2. आवेदक–जितवाहन बारला<br>3. पिता–स्व0 डिलका बारला<br>4. ग्राम–घासीबारी पोस्ट–घुनसुली<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–46 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बाँये पैर में तिल का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः– अभिप्रमाणित पार्टी सदस्यता पंजी एवं पार्टी सदस्यता प्राप्ति रसीद में नाम अंकित।<br>पार्टी का नाम–झा0पा0 | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।

2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | PR 316189 Home (23-24)_D | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 17 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in



# अलग-अलग सड़क हादसों में पांच घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा पुराना थाना के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो सड़क के किनारे जा गिरा जिससे सवार दो लोग घायल हो गये। घटना के उपरांत स्थानीय तबारक अंसारी घायलों को सहयोग करते हुए अस्पताल पहुंचाया। वही घायल युवक की पहचान सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवनाथपुर निवासी संतोष उरांव तथा संदीप उरांव के रूप में किया गया। बताया जाता है कि बाइक से चितरी घाघ मेला देख देर शाम को अपना घर लौट रहा था। इसी बीच सेन्हा पुराना थाना के समीप विपरीत दिशा से आ रही ट्रक के लाइट से मोटरसाइकिल चालक का आंख चकाचौंध हो गया। जिससे मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गिर गया। जबकि दूसरा घटना सेन्हा बांध टोली बगीचा के समीप का बताया जा रहा है ये



लोग भी चितरी घाघ मेला से लौट रहे थे कि बगीचा के समीप टेम्पू एवं मोटरसाइकिल में टक्कर हो गयी। जिसमें तीन युवक घायल हो गये। सभी का इलाज सेन्हा सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में कराया गया। घायलों की पहचान पारही बसार टोली निवासी 15 वर्षीय सुनील उरांव जो अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार हो घर लौट रहा था। टेम्पू पर सवार मुर्की निवासी गोलू मुंडा और रोहित उरांव को माथा में चोट आया है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि घटना दोनो वाहन चालक के लापरवाही के कारण हुई है।

# दो बाइक में हुई आमने-सामने की टक्कर, चार लोग घायल

**बेहतर इलाज के लिए सभी घायलों को रांची रिम्स रेफर किया गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुआडांड़।** महुआडांड़ मेदिनीनगर मुख्य पथ पर बोहटा नदी के समीप दो बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गयी जिसमें चार लोग बुरी तरह से जख्मी हो गये। जिसमें रॉबिन लकड़ा पिता निकोलस लकड़ा ग्राम सेमरबुढ़नी उम्र लगभग 35 वर्ष का पैर टूट गया है और चेहरे में भी चोट है। आर्यन मिंज पिता ज्योतिष मिंज ग्राम सेमरबुढ़नी उम्र लगभग 20 वर्ष का दाहिना हाथ दाहिना पैर टूट गया है और सर में भी चोट लगी है। वहीं वेस्ट बंगाल 24 परगना अशोकनगर कोलकाता से आए हुए टूरिस्ट सुवेंदु घोष 55 वर्ष को पैर में चोट है। वही उनके पुत्र सोमेतू घोष उम्र 26 का बाया पैर में एवं दाहिना हाथ एवं कमर में चोट लगा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार वेस्ट बंगाल 24 परगना अशोकनगर कोलकाता से आये हुए टूरिस्ट सुवेंदु घोष एवं उनके पुत्र सोमेतू घोष महुआडांड़ से अक्सी जा रहे थे। वहीं रॉबिन लकड़ा और आर्यन मिंज अपने गांव सेमरबुढ़नी से महुआडांड़ आ रहे थे। इसी क्रम में बोहटा नदी के समीप यह दुर्घटना हुई है।

दुर्घटना की सूचना ग्रामीणों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ को दिया गया। सूचना प्राप्त होने के उपरांत 108 एंबुलेंस घटना स्थल पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतू लाया गया। जहां सभी का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर के द्वारा किया गया और बेहतर उपचार हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। कहीं दूसरी ओर दुर्घटना की जानकारी पाकर महुआडांड़ थान पुलिस सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर कागजी कार्रवाई पूर्ण की। साथ ही महुआडांड़ थाना पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर वहां का जायजा लिया और दुर्घटना को लेकर ग्रामीणों से पूछताछ भी की।

# माले ने निकाला संकल्प मार्च, हुई सभा




**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह में भाकपा माले ने मंगलवार को कामरेड महेंद्र सिंह की श्रंद्धाजलि संकल्प मार्च निकाला गया। जिला सचिव बिरजू राम के नेतृत्व में माले संकल्प मार्च बस स्टैंड,बाजार आदि मुख्य मार्गो का भ्रमण किया। इस दौरान माले कार्यकर्ताओ ने भाजपा हटाओ देश बचाओ भाकपा माले जिंदाबाद सरीखे नारे लगा रहे थे। इसके बाद पुराना ब्लॉक परिसर में कॉमरेड महेंद्र सिंह की 19 वीं शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला सचिव बिरजू राम ने सभा मे कहा कि कॉमरेड महेंद्र सिंह की शहादत कभी बेकार नही जाएगी। उनके सपनों को भाकपा माले के कार्यकर्ता साकार करने के लिए चट्टानी एकता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होने कहा कि भाजपा ने आज देश को रसातल में मिलाने पर आमादा है। बड़े -बड़े पूंजी पतियों के हाथों देश को गिरवी रख दिया गया है। देश के बेरोजगारों को नौकरी नही मिल रही है। महंगाई से देश की जनता त्राहिमाम कर रही है। भाजपा के खिलाफ देश मे तेजी के साथ नाराजगी बढ़ रही है। माले नेता घनश्याम राम ने रोष जताते हुए कहा कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से जविप्र दुकानो से सभी गरीब कार्डधारियों को हर महीने कम राशन दिया जा रहा है। कार्डधारियों के हिस्से के सैकड़ो क्विंटल राशन का घपला किया जा रहा है। यदि इस पर रोक नही लगाई गई तो इसके खिलाफ जोरदार आंदोलन छेड़ा जाएगा। पूर्व प्रखण्ड सचिव राजेन्द्र सिंह आदि नेताओ ने भी सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया। सभा का संचालन रमेश कुमार ने किया।

# झारखंड मुख्यसचिव से मिले अविराम इंस्टीट्यूट के सचिव

**शिक्षा का दीप जलाकर अपने आप को धन्य महसूस करता हूं: इंद्रजीत कुमार**

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार अविराम संस्थान के सचिव इंद्रजीत कुमार ने झारखण्ड राज्य के मुख्य सचिव एल ख्यांगते से मिलकर क्षेत्र में चल रहे विकास योजनाओं की जानकारी दी। विदित हो कि एल ख्यांगते पूर्व में गृह एवं कल्याण विभाग के भी सचिव रह चुके हैं। वही अविराम संस्थान द्वारा संचालित बागवानी, मत्स्य, एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर आदि कार्यों का निरीक्षण लोहरदगा जिले के बराटपुर, माराडीह, टिको लातेहार जिले के हुसुंभढोढ़ीकोना, बसारटोली इत्यादि गांवों में जा चुके हैं और इसके उपरांत उन्होंने अविराम के कार्यों की सराहना भी की है। लोहरदगा और लातेहार



जिला के चंदवा प्रखण्ड के हुटाप गांव में एक बेहरत नर्सिंग कॉलेज लोहरदगा के कुडू प्रखण्ड में बीएड कॉलेज इस घने जंगल के बीच शिक्षा का दीप जलाया गया है। साथ ही संस्थान के सचिव इंद्रजीत कुमार ने शुभकामना देते हुए कहा कि जिस प्रकार से झारखण्ड के मुख्य सचिव सर ने क्षेत्र के विकास और योजनाओं के विषय में गहनता से बताया तो लग रहा मेरा क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर होगा, साथ ही अविराम संस्थान द्वारा किए जाने वाले कार्यों सहित अविराम कॉलेज के विषय में जानकारी ली। जिस प्रकार से ऐसे पिछड़े क्षेत्रों में बिना किसी सहयता के शिक्षा के लिए जो प्रयास किए जा रहे है, वह सराहनीय हैं। इन कार्यों के लिए अविराम संस्थान और विशेष रूप से संस्थान के सचिव इंद्रजीत कुमार का प्रयास और कार्य अत्यंत सराहनीय और प्रशंसनीय हैं। उनमें उल्लेखनीय कार्य करने के लिए अविराम संस्थान के सचिव द्वारा अथक परिश्रम किया गया है और उनके कठिन साधना का परिणाम धरातल पर दिखता है। वह सराहना, प्रशंसा और सम्मान के योग्य है। वही श्री कुमार ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चियां बहुत कम समय मे और कम खर्च में घर मे रह कर अपने माता पिता गांव के बीच रह अपने पैरों पर खड़े हो जाते है।

# भूमि अधिग्रहण को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत एन एच पथ से चितरी डांडू तक पथ निर्माण कार्य मे चौड़ी करण मे एक तरफा भूमि अधिग्रहण करने के मामले ग्रामीणों में आक्रोश है। वही सैकड़ो ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण को देते हुए पथ निर्माण कार्य मे सड़क के किनारे से दोनों तरफ भूमि अधिग्रहण का मांग किया है। जानकारी के अनुसार बताया गया की प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत के डांडू ग्राम में सड़क निर्माण के लिये आदिवासियों का जमीन को एक तरफा भूमि अभिग्रहण किया जा रहा है। जिस मामले में महादेव उरांव, सुशील उरांव, विश्राम उरांव, शामपती उरांव, सहित अन्य लोगों ने आवेदन दे कर डीसी से सड़क निर्माण कार्य मे दोनों तरफ से पथ चौड़ीकरण के लिये भूमि अधिग्रहण करने का मांग किया गया है।

# झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा ने सौंपा मांग पत्र




आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह के झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने मंगलवार को मार्च निकाल कर बीडीओ राकेश सहाय को मांग पत्र सौंपा। संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय सचिव अलीहसन अंसारी के नेतृत्व में कई आंदोलनकारी जुलूस की शक्ल में प्रखण्ड कार्यालय पहुंचे और अपनी मांगों को पूरी करने के लिए सरकार से मांग की। केंद्रीय सचिव अलीहसन अंसारी ने कहा कि झारखंड राज्य अलग कराने में आंदोलन छेड़ने वाले आंदोलनकारियों को अभी तक सरकार के द्वारा चिन्हित नही किया गया है। इससे उन्हें सरकारी लाभ से अभी तक वंचित होना पड़ा है। मांग करने के बावजूद सरकारी इन आंदोलनकारियों की हित के बारे में ध्यान नही दे रही है। आंदोलनकारियों ने झारखंड के राज्यपाल के नाम प्रेषित जिस मांगपत्र को बीडीओ राकेश सहाय सौंपा है, उसमे झारखंड आंदोलनकारी को अलग पहचान देने, ताउम्र प्रशस्ति पत्र देने, आंदोलनकारियों को राजकीय मान-सम्मान देने और सारे आंदोलनकारियों का नाम गजट में जल्द से जल्द प्रकाशित करने आदि मांग शामिल है।

# प्री-पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को प्री-मैट्रिक छात्रवृति एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृति का अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्री-मैट्रिक छात्रवृति योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के 10924 छात्र-छात्राओं का अनुमोदन, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 के 250 छात्र-छात्राओं का अनुमोदन, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवति योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 के 44 छात्र-छात्राओं का अनुमोदन और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृति योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 26 शिक्षण संस्थानों के नवीकरण एवं 01 नये शिक्षण संस्थान के निबंधन के अनुमोदन पर चर्चा हुई। साथ ही, सर्वसम्मति से प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया एवं आवश्यक निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी को दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुजाता कुजूर, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदााधिकारी, कोषागार पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक व अन्य उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रस्ताविक कुल 09 मामलों पर विभागवार चर्चा हुई और सर्वसम्मति से विभिन्न मामलों को अनुमोदित किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुजाता कुजूर, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, स्थापना उप समाहर्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमण्डल समेत अन्य उपस्थित थे।

# जागरूकता रथ को डीसी ने किया रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को रवाना किया गया। इस जागरूकता रथ के जरिये आम लोगों के बीच सड़क सुरक्षा अंतर्गत नियमित रूप से दोपहिया वाहन चालकों को हेल्मेट पहनने, बाईक पर तीन सवारियों को एक साथ लेकर नहीं चलने, शराब पीकर वाहन का परिचालन नहीं करने, हमेशा यातायात नियमों का पालन करने समेत अन्य बिंदुओं पर जागरूक किया जाएगा। यह रथ सभी प्रखण्डों में अगले सात दिन घूमेगा। पहले दिन सदर प्रखण्ड में इस रथ के जरिये प्रचार किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डीएसपी प्रमेश्वर प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद, जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य संजय बर्म्मन समेत अन्य उपस्थित थे।

# निर्वाचन कार्यों की समीक्षा बैठक हुई

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में निर्वाचन अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। इसमें जिला में कोषांगों के गठन, जिला स्तर, अनुमण्डल स्तर व बूथ स्तर पर चल रहे ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन का कार्य, सभी प्रकार के प्रशिक्षण की सूची तैयार किया जाना, सेक्टर व पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण, नोडल पदाधिकारियों का प्रशिक्षण समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई और आवश्यक निदेश उप निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा को दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुजाता कुजूर, उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, डीडीएमओ समेत अन्य उपस्थित थे।

# मनरेगा की जवाबदेही सिर्फ रोजगार सेवकों की नहीं है : राकेश सहाय

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह ।** मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के द्वारा देर शाम कार्यालय के सलाहकार संचालित सभी मनरेगा अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन समेत अन्य की योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गई । बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा मनरेगा योजना को लेकर सही तरीके से जवाबदेही नहीं निभाने वाले पंचायत सेवकों और अन्य लोगों को फटकार लगाते मनरेगा की जवाब देही से नहीं भागने की हिदायत दी गई उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा की जवाबदेही सिर्फ रोजगार सेवकों की नहीं है इसलिए इसमें किसी तरह से लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । वही समीक्षा बैठक के दौरान अबुआ आवाज को लेकर आ रही आपत्तियों के सत्यापन जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश प्रधानमंत्री आवास के समय दीपक कुमार को दिया गया । दूसरी ओर सभी पंचायत सेवक रोजगार सेवक को को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत सही लाभुकों को लाभ मिले इसको लेकर भी बेहतर तरीके से कार्य करने और लाभुकों के चयन में सहयोग करने का भी निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक के दौरान पंचायत स्तर पर संचालित सभी योजनाओं की साप्ताहिक निरीक्षण करने के साथ-साथ उसकी रिपोर्ट भी समय पर उपलब्ध कराने को कहा गया है । बैठक में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर प्रमोद कुमार आवास समन्वयक दीपक कुमार बीपीओ त्रिवेणी राम पंचायत सेवक विजय शंकर राम संजीव कुमार रोजगार सेवक मनोज कुमार, जितेंद्र रजक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की हुई समीक्षा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत प्रखण्ड स्तर से प्रस्तावित कुल सूची की समीक्षा की गई। इसमें कुल 41 मामलों की समीक्षा की गई जिसमें अल्पसंख्यक वर्ग के 36, अनुसूचित जनजाति के 04 और दिव्यांग वर्ग की ओर से 01 मामला प्रस्तावित था। प्रस्तावित मामलों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुजाता कुजूर, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र व अन्य उपस्थित थे।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा ऐतिहासिक होगी: शकील अहमद

आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो ।** कैरो प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद खान की अध्यक्षता में 14/ 1 /2024 से प्रारंभ माननीय राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की झारखंड दौरे कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने हेतु लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद साहब, जिला महासचिव सामुल अंसारी प्रखंड के पदाधिकारी गण सभी पंचायत अध्यक्ष सभी मोर्चा के अध्यक्ष एवं कार्यकताओं के बीच विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कार्यकारी



अध्यक्ष शकील अहमद अपने संबोधन में पदयात्रा पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा झारखंड के लिए यह ऐतिहासिक पल है। झारखंड में राहुल गांधी 8 दिनों तक रहेंगे सभी दिन एक सभा को भी संबोधित करेंगे। लोहरदगा कांग्रेस की भागीदारी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में ऐतिहासिक होगी इस यात्रा को बेहतर बनाने के लिए हमारे हर कार्यकर्ता पंचायत से बूथ स्तर तक बैठक कर जनसंपर्क चलायेंगे। लोगों को राहुल गांधी के न्याय यात्रा के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाएंगे। सामुल अंसारी ने कहा कि देश में नफरत और असुरक्षा को लेकर श्री राहुल गांधी ने नफरत तोड़ो भारत जोड़ो पद यात्रा लगभग 4000 किलोमीटर कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक यात्रा की इस बार भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड से होकर गुजरेगी इस यात्रा में हमारे कार्यकताओं को अपने नेता से अपने क्षेत्र में मिलने का अवसर प्राप्त होगा। इस मौके पर 50 असहाय, वृद्ध एवं गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। बैठक में मुर्शीद आलम, राम उरांव नईम अंसारी, बुधवा उरांव, मोजाहिर अंसारी, पंचायत अध्यक्ष सुमन उरांव, नारायण उरांव, विजय उरांव, मंजन उरांव, यूथ प्रदेश कोऑर्डिनेटर अल्ताफ अंसारी अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष रशीद अंसारी यूथ अध्यक्ष तिला उरांव और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खेल ही जीवन जीने की कला सिखाता है: सूर्या



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 19 में आजसू पार्टी नगर प्रधान सचिव कुमार अभिषेक उर्फ सूर्या सिन्हा ने बॉलीबॉल खिलाड़ियों के बीच बॉलीबॉल और नेट (किट) का वितरण किया। कहा की खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को निखारे और शहर और राज्य का नाम रौशन करे। बॉलीबॉल वितरण में कुमार अभिषेक के साथ नगर उपाध्यक्ष आयुष गोयल, प्रदीप नायक, हरसित अग्रवाल, सन्नी अग्रवाल, संदीप मेजर, शिव श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ध्वज पूजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ध्वज पूजन कार्यक्रम गुदरी बाजार संकट मोचन हनुमान मंदिर में किया गया। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप देव के नेतृत्व में यह कार्यक्रम किया गया। ध्वज पूजन करके प्राण प्रतिष्ठा को भव्य बनाने के लिए पतरा टोली से ध्वज लगाने का कार्यक्रम भी शुरू किया गया। जिसमें बजरंग दल के कार्यकर्ता लगे हुए हैं। विश्व हिंदू परिषद प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल गुप्ता ने कहा कि लोहरदगा जिला के सभी मंदिरों में साफ सफाई करके और मंदिर को सजाकर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जाना है। विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष अशोक कांस्यकार ने कहां की ध्वजा पूजन कार्यक्रम में माताएं बहाने और राम भक्त जो तैयारी में लगे हैं वह बहुत ही सौभाग्य है। अभियान संयोजक व बजरंग दल संयोजक सचिन कुमार साहू ने कहा कि अयोध्या में बने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरे विश्व में ऐतिहासिक होगा। हमारे जिला लोहरदगा में जगह-जगह पर साफ सफाई कर इस कार्यक्रम को भव्य बनाने में बजरंग दल के सभी कार्यकर्ता जोर-शोर से लगे हुए हैं। मौके पर उपस्थित दुर्गा वाहिनी की पूरी टीम ध्वजा पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम का उत्साह बढ़ाया। मौके पर बजरंग दल विद्यार्थी प्रमुख दीक्षांत आर्य अभियान कार्यालय प्रमुख सत्यम कुमार बजरंग दल सहसंयोजक लोकेश राजा समाजसेवी अमीर चंद्र अग्रवाल उमेश प्रियांशु कुमार सिद्धार्थ चीकू आशु चौहान पीयूष पांडे यशस्वी कुमार आर्यन कुमार रोहन पांडे सत्यम कुमार कसकर आदि राम भक्त उपस्थित थे।

# कर्ज में डूबे किसानों और महंगाई में पिस रहे लोगों के लिए है न्याय यात्राः शाहदेव

**उर्दू शिक्षकों के नियुक्ति का मामला विलोपित किये जाने को लेकर सरकार से होगी चर्चाः गीता श्री उरांव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के निमित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह गुमला जिला प्रभारी अजय नाथ शाहदेव ने मंगलवार को स्थानीय सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता की। अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा बेरोजगार युवाओं, कर्ज में डूबे किसानों और महंगाई की मार के बीच पढ़ाई, कमाई व दवाई के लिए संघर्ष करने वालें लोगों के लिए शुरू की गयी है। उन्होंने कहा कि पूरे देश रोजगार संकट से झूझ रहा है। स्थिति तो यह है कि इंजिनियरिंग कर युवा कुली व पीएचडी धारक चपरासी का काम कर रहे हैं।

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है। जिसको लेकर राहुल गांधी न्याय यात्रा कर रहे हैं। कर्ज में डूबे किसानों के लिए न्याय यात्रा है। मोदी सरकार के नीति के कारण अमीर और अमीर होते जा रहे हैं जबकि गरीब कर्ज के दलदल में समाते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा सामाजिक न्याय, राजनीतिक न्याय व आर्थिक न्याय के तर्ज पर आयोजित है। जिसमें हर वर्ग के लोगों के लिए संघर्ष किया जा रहा है। न्याय यात्रा गुमला जैसे क्षेत्र से भी गुजर सकती है। जिसको लेकर प्रदेश कमेटी तैयारी कर रही है। पूर्व शिक्षा मंत्री गीता श्री उरांव ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के अच्छा रिस्पांस मिलने पर राहुल गांधी ने न्याय यात्रा शुरू की है। न्याय यात्रा देश के उन लोगों के लिए शुरू की गयी है जो वर्तमान मोदी सरकार के कार्यकाल में अपने को ठगा महसूस कर रही है। वैसे लोगों को केंद्र की भाजपा सरकार में आर्थिक न्याय नहीं मिल रही है। केंद्र के मोदी सरकार के कार्यकाल में आदिवासियों की हितों की रक्षा नहीं हो पा रही है। डी-लिस्टिंग जैसे कार्य कर आदिवासियों से उनका हक सरकार छीन रही है। आदिवासियों को उनका कोड नहीं दिया जा रहा है। बिना कोड के उनका धर्म परिवर्तन का खेल खेला जा रहा है। वहीं मुस्लिम उर्दू शिक्षकों का पद विलोपित करने के झारखंड सरकार के निर्णय को लेके सवाल पूछे जाने पर कहा गया कि ये निर्णय गलत है। इसको लेकर सरकार से विचार- विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, अजीत गुडिया, रमेश कुमार, आशिक अंसारी, मुरली मनोहर प्रसाद, आजाद अंसारी, अमृता भगत, पुष्प लता दूबे, गुलाम सरवार सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# हाइवा और ट्रक की टक्कर, चालक घायल, स्थिति गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** नेशनल हाईवे पर हाइवा व ट्रक की भिड़ंत में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने ट्रक में फंसे चालक को निकालकर रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया। घायल ट्रक चालक का पैर टुट गया है साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोट लगी है। वहीं हाइवा चालक को हल्की चोट आई है।

घटना मंगलवार सुबह करीब सात बजे नेशनल हाईवे -43 के एक्सीडेंटल जोन भगत मोड़ की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निमार्णाधीन एन एच सड़क चौड़ीकरण कार्य में उड़ीसा से भराई मेटेरियल लेकर सिसई आ रहे आरकेडी कंट्रकशन कंपनी के हाइवा जेएच 01 एफ सी 2311 व रांची से गुमला की ओर मोबाइल टावर की सामग्री लेकर जा रही ट्रक जेएच 01 सी डब्ल्यू 1472 में आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई, जिसमें ट्रक चालक एसटेरिंग सीट में ही फस गया। आनन-फानन में उसे निकाला गया, घटना की सूचना मिलते ही थानेदार मीनकेतन कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक नींद में होने व उसके छपकी लगने से दुर्घटना घटी है। रोड़ के बीचों-बीच दुर्घटना होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस अधिकारियों व स्थानीय लोगों की तत्परता से आवागमन सुचारू रूप से चालू कराया गया। वहीं जेसीबी व हाइड्रा मशीन लगाकर से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया गया।

# महुआ शराब जब्त कर किया गया नष्ट



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह के निदेर्शानुसार मंगलवार को चैनपुर पुलिस ने पुलिस ने थाना क्षेत्र के जमगाई गांव छापामारी अभियान चलाकर सैकड़ों लीटर महुआ शराब जब्त कर नष्ट कर दिया। चैनपुर थाना के एएसआइ मदन शर्मा के नेतृत्व में चैनपुर थाना क्षेत्र के जमगाई गांव में छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान सैकड़ों लीटर महुआ शराब एवं जावा महुआ को भी जब्त की गई। महुआ शराब बेचने वाले लोगों की क्षमा याचना पर पुलिस ने उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया। मदन शर्मा ने कहा कि अवैध महुवा शराब का कारोबार को बिल्कुल बंद कर दे अगले बार शराब बनाते व बेचते हुए पकड़ने पर उनके ऊपर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गांव में शराब बिक्री करने से अधिकांश कम उम्र के युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं और शराब के आदि होते जा रहे हैं शराब समाज को खोखला कर रही है। शराब व नशे के कारण अपराध बढ़ रहा है। साथ ही, समाज विकास की धारा में तेजी के साथ आगे नहीं बढ़ पा रहा है। उन्होंने अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए लोगों से सहयोग करने की अपील की है। साथी लोगों से शराब नहीं पीने की भी अपील की है। मौके पर मुख्य रूप से एएसआई मदन शर्मा के साथ थाना के जवान उपस्थित थे।

# सोलर प्लेट के दो आरोपी गिरफ्तार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** धनगांव गाजा टोली निवासी महिला मंगिया देवी ने गुमला थाना को लिखित आवेदन देकर धनगांव महुआ टोली निवासी शंकर बिलुंग पिता हजारी बिलुंग और धनगांव गाजाटोली निवासी चंद्रपाल बाड़ा पिता बैजनाथ बाड़ा के विरुद्ध धनगांव डैम में सिंचाई हेतु लगे सोलर प्लेट को चोरी किए जाने का मामला गुमला थाना में दर्ज कराया था। घटना को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई हेतु दोनों अभियुक्त की गिरफ्तारी व चोरी हुए सोलर प्लेट की बरामदगी हेतु वरीय पदाधिकारी के आदेश अनुसार पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी गुमला के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। उक्त दोनों अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु छापामारी दल धनगांव गाजा टोली गांव पहुंची। जहां चंद्रपाल बाड़ा के घर का विधिवत छापामारी किया गया चंद्रपाल से पूछताछ के क्रम में उसने बताया शंकर बिलिंग धनगांव महुआ टोली निवासी के साथ मिलकर धनगांव डैम में लगे सोलर प्लेट का चोरी किया है। वही दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। छापामारी दल में थाना प्रभारी विनोद कुमार,पुलिस अवर निरीक्षक कुंदन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक धनंजय कुमार सिंह सहित थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# अलका लांबा आज करेंगी प्रेस कॉन्फ्रेस

**गुमला (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय महिला कॉन्ग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा अलका लांबा बुधवार को गुमला में पत्रकारों से मुखातिब होंगी। यह जानकारी झारखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस की वरीय उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रतिनिधि बॉबी भगत ने दी। उन्होने कहा कि 17 जनवरी को समय 12 बजे सर्किट हाउस में एक प्रेस कांफ्रेंस का अयोजन किया गया है। जो आगामी 5 फरवरी को लोहरदगा लोकसभा स्तरीय विशाल जनसभा का आयोजन संबंधित है। इसी कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी गुमला पहुंच रहे हैं। बॉबी भगत ने कहा कि इस प्रेस वार्ता में आगामी लोकसभा चुनाव से संबंधित भी बातें होंगी।

# झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने सीओ को सौंपा ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशनपुर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा बिशुनपुर के द्वारा मंगलवार को राज्यपाल के नाम पर अंचल अधिकारी को ज्ञापन सौपा गया। इस मौके पर सोपे गए ज्ञापन में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के लोगों ने कहा है कि अलग राज बनने के बाद झारखंड आंदोलनकारी की स्थिति हास्य पर चला गया है हमलोग संवैधानिक अधिकारों से लोग वंचित हैं। उन्होंने कहा कि अलग-झारखंड राज्य के संवैधानिक मूल्य अधूरे हैं। जिस कारण झारखंड आंदोलनकारी के अस्तित्व अस्मिता एवं पहचान खतरे में पड़ गया है। इस मौके पर लोगों के द्वारा राजपाल के नाम पर 12 सूत्री मांग का ज्ञापन सौपा गया है। जिसमें झारखंड आंदोलनकारी के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने, आंदोलनकारी की अलग पहचान बनाने, आंदोलनकारी को राजकीय सम्मान देने एवं मासिक मानदेय देने सहित अन्य मांगे शामिल है। इस मौके पर रोजलीन तिर्की, स्टीफन किंडो, महेंद्र मिंज, सिकंदर उरांव, नीमू प्रकाश डहंगा, मार्शल लकड़ा, पतरस उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

**विधायक ने बेहतर संचालन को लेकर बुलायी बैठक, प्रबंधन समिति ने बैठक का किया विरोध**

# संचालन को लेकर विधायक व प्रबंधन समिति के बीच तनातनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** देवाकी स्थित जय सरना लूरखुरिया विद्यालय में मंगलवार को प्रबंधन समिति और विधायक चमरा लिंडा के बीच खूब हो हंगामा हुआ। बतातें चलें कि मंगलवार को विधायक चमरा लिंडा अपनी समर्थको के साथ विद्यालय प्रांगण में बैठक कर रहे थे, जिसकी जानकारी प्रबंधन समिति को लगी और वे बैठक में पहुंच चल रहे बैठक का विरोध किया। इस क्रम में दोनों पक्ष अपनी-अपनी बातों को रख रहे थे, जहां कई बार की चर्चा, झगड़ा में बदलते प्रतीत हो रही थी।

इस बैठक में हंगामा को देखते हुए घाघरा थाना को भी सूचित किया गया जिसके बाद थाना के एसआई निर्मल कुमार अपने दलबल के साथ बैठक में शामिल होकर हो रहे हंगामा को शांत कराया। दोनों पक्षों की सहमति से बैठक को आगामी 30 जनवरी को पुनः आहूत करने का निर्णय लिया गया।

**निगरानी समिति के सदस्य बुधमन उरांव ने कहाः** निगरानी समिति के सदस्य बुधमन उरांव ने कहा कि यह विद्यालय आदिवासी समाज के बच्चों को अपनी परंपरा व सांस्कृति की शिक्षा देने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। यह विद्यालय की जो भवन है वह झखरा कुंबा योजना के अंतर्गत निर्माण कराया गया है। यह भवन का निर्माण झारखंड सरकार के विधायक मद से फंडिंग हुआ है। बावजूद विधायक राजनीतिक षड्यंत्र से इसे अपनी निजी संपत्ति समझने लगे हैं। ऐसे षड्यंत्र को हम ग्रामीण और प्रबंधन समिति कभी सफल नहीं होने नहीं देंगे। आगे बुधन उरांव ने विधायक द्वारा आदिवासी भाइयों को बरगलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक चमरा लिंडा हमारे भोले भाले आदिवासी भाइयों को अपने राजनीतिक चंगुल में फंसा कर इस पूरे प्रकरण में उनसे समर्थन लेने की कोशिश में है। जिसकी सच्चाई को सामने लाकर विधायक की यह षड्यंत्रकारी रणनीति को कभी भी सफल नहीं होने देंगे और आने वाले चुनाव में भी इसका खामियाजा विधायक चमरा लिंडा को भुगतना पड़ेगा।

**विधायक ने कहाः** जय सरना लूरखुरिया विद्यालय देवाकी की संचालन को बेहतर करना है। जिसके लिए हम एक बैठक आयोजित कर बेहतर प्रपोजल सभी के सामने रखा गया जिसमें कुछ लोगों का विरोध दिख रहा है आगामी 30 जनवरी को होने वाले बैठक में इसका निराकरण भी निकाल लिया जाएगा।

# हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित



**भरनो (आजाद सिपाही)।** हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत मंगलवार को तुरिआंबा पंचायत सचिवालय परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव,प्रमुख पारस नाथ उरांव, बीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीओ अभिनाश कुजुर मण्डल कार्यकारणी अध्यक्ष संतोष कुमार पांडा, सांसद प्रतिनिधि रामनन्दन शाही और तुरिआम्बा पंचायत के मुखिया बिनीता एक्का के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और ग्रामीणों के साथ सामूहिक रूप से संकल्प लिया गया। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव, प्रमुख पारस नाथ उरांव और बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने संबोधित कर केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। इस मौके पर नेशार खान,हरी शंकर शाही, मुरारी केशरी, बिट्टू गुप्ता, नीलम गुप्ता, भूतनाथ लोहरा, विनय उरांव, शम्भू केशरी, गोपाल अग्रवाल, गोबिंद लोहरा, महेला दास गोस्वामी, महादेव कुजूर, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने डीएससी से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नव माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारीयों ने मगंलवार को गुमला के जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनील शेखर मिंज से औपचारिक मुलाकात की। संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें नए संघ के गठन की सूचना दी।

संघ के सचिव जयन्त कुमार पाण्डेय की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल ने डीएससी के हाथों भविष्य में जिला के किसी भी कार्य एवं बैठक में संघ की सक्रिय सहभागिता के लिए ज्ञापन भी सौंपा। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने संघ को हर यथोचित सम्मान एवं सहायता प्रदान करने की बात कही। साथ ही सभी नवचयनित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में संघ के साथ मिलकर कार्य करने के लिए आश्वासन भी दिया। यह भी कहा कि अब संघ युवा हाथों में है और निश्चित रूप से अब शिक्षा एवं शिक्षकों का कल्याण होगा। इस मौके पर संघ के संरक्षक वरीय शिक्षक प्रवीण ओहदार, उत्तम मुखर्जी, रविंद्र साहु, संघ के सचिव जयन्त कुमार पाण्डेय,अध्यक्ष विनीत कुमार नंद, कोषाध्यक्ष ललन कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष अनुराग प्रसाद गुंजन, निशा रानी टोप्पो, सहसचिव सुधीर देवघरिया, कांता कुमारी संयोजक फैजयाब आलम, प्रवक्ता गौतम नारायण देवघरिया, कोर कमेटी के सदस्य सुप्रिया कुमारी, राशि लाल, गोपाल ओहदार, साजिद, अनुपा कुमारी, अमरेश पांडेय, रविंद्र ओहदार, माधुरी, मंदीप सिंह, कविता कुमारी, पुनित मिंज, द्वैत प्रकाश, सतपाल बगड़िया, उज्वल टोप्पो, सुनील सिंह, जगतपाल उरांव, सहित संघ के कई सदस्य शिक्षक सम्मिलित थे।

# आधार कार्ड और ठेपा निशान लगवा कर लाखों रुपये की ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला ।** सदर थाना क्षेत्र के कतरी गांव निवासी बेबी बीबी, अलीमा बीबी, सरीमा बीबी, रफ्त बीबी, अखेरून बीबी व रबाना बीबी व सुही बीबी ने थाना में लिखित आवेदन देकर 9 लाख 18 हजार रुपया ठगी की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।सभी ने कहा है कि कतरी गांव की सईदा बीबी ऊकत राशि को लोन भर देने की बात कहकर आधार कार्ड व ठेपा निशान लगवाकर भारत, सेटिंग व आर बी एल नामक प्राइवेट बैंक से निकासी कर ली है।इसके अलावा सईदा द्वारा गांव के करीब अन्य लोगो से भी लाखों रुपये की ठगी कर ली है।पीड़ित महिलाओं ने बताया कि सईदा गांव में महिलाओं का लीडर शीप करती है। वे लोग आठ वर्षों से उपरोक्त प्राइवेट बैंक से लोन लेकर व्यापार करते थे। मगर पिछले दो साल से सईदा हमलोगों को गांव में संचालित प्रज्ञा केंद्र ले जाकर आधार कार्ड मांगते हुए ठेपा निशान ले लेती थी। साथ ही वह हमारे नाम से लोन निकाल लेती थी। फिर वह लोन भरती भी नही थी। तभी हाल के दिनों में उपरोक्त बैंक के पदाधिकारियों का जब उनके घर पर दस्तक हुआ तब उन्हें सईदा द्वारा लोन की राशि नहीं भरने का पता चला वही सूद का रुपया बढ़कर बहुत ज्यादा हो गया है। इसके बाद जब वे लोग सईदा के घर पहुचकर लोन की राशि मांगने पहुंचे तब वह उन्हें डराने धमकाने लगी। साथ ही केश करने पर पार्टी से उठवा लेने की धमकी देने लगी। अब बैंक के पदाधिकारी उन्हें लोन भरने के लिए दवाब बना रहे है। पीड़ित महिलाओं ने कहा कि वे लोग काफी गरीब है। इस ठगी के बाद उनका जीना मुहाल हो गया है। महिलाओं ने थाना प्रभारी से कार्रवाई की मांग की है।

# सम्मेलन में अधिक से अधिक युवाओं को बुलायेंः दुर्गेश कुमार सिंह



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की बैठक मंगलवार भाजपा कार्यालय घाघरा में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से बिहार राज्य के भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश कुमार सिंह, झांरखण्ड के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, दक्षिणी छोटा नागपुर के प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह शामिल हुये। बैठक में आगामी 25 जनवरी को बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय नव मतदाता सम्मेलन की तैयारी को लेकर की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भारतीय जनता युवा मोर्चा बिहार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा मिले दायित्व को हम सभी को ईमानदारी पूर्वक करने की जरूरत है। सम्मेलन में अधिक से अधिक युवाओं को बुलायें ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके, जिसे लेकर आप सभी ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक करें और युवाओं को आने का न्योता दें। मौके पर उपस्थित लोगों में भाजपा नेता भिखारी भगत, तिम्बू उरांव, अशोक उरांव, नितेश कुमार, पप्पू गुप्ता, श्याम किशोर पाठक, गौतम जायसवाल, तेजू महतो, गोपाल गोप, सुदीप कुमार साहू, मुरली मनोहर सिंह, देव मोहन भगत, विजय कुमार साहू, परमेश्वर गुप्ता, अमित ठाकुर, सुशीत गोस्वामी, पवन उरांव, अमित ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

# भाकपा माले ने मनाया कॉमरेड महेंद्र सिंह का शहादत दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भाकपा माले जिला कमेटी गुमला व जन संगठन के अगुवा कार्यकर्त्ता द्वारा शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह का 19 वां सहदत दिवस मनाया गया। कामरेड गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। शहादा दिवस कार्यक्रम में महेंद्र सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। उनके संघर्षों की विरासत को रेखांकित किया गया। महेंद्र सिंह अमर रहे, महेंद्र सिंह के जन संघर्ष को आगे बढ़ाओ, महेंद्र सिंह तुम जिंदा हो खेतों में खलियानों में संघर्ष के मैदाने में, भाकपा माले जिंदाबाद, आदि नारे लगाये गये ।

कार्यक्रम में झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन के नेता महेंद्र जंक्शन उरांव, झमस के नेता बिरजानंद उरांव, ऐपवा नेत्री सुषमा देवी, मजदूर नेता बिष्णु माझी, दर्शन उरांव, बांध उरांव, सुखदेव राव राम बड़ाईक, चेंगरे उरांव, शांति बिलुग, संतोषी कुमारी, सुचिता लकड़ा, कमला देवी, बिहार देवी जगरानी खलखो, मानती उरांव, नीलम कुमारी भगत, जॉनी उराव आदि दर्जनों नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नियम विरुद्ध किया गया ग्राम पंचायत मोबिलाइजर का चयन

**ग्राम पंचायतों में एक एक ग्राम सभा मोबिलाइजर का प्रावधान आरजीएसए की वार्षिक कार्य योजना में किया गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड के कलिगा पंचायत में ग्राम सभा मोबिलाइजर और फेसिलिटेटर का चयन नियम विरुद्ध जाकर बिना ग्राम सभा किये ही कर लिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार कलिगा पंचायत में मोबिलाइजर का चयन बिना ग्राम सभा किये नियम विरुद्ध केवल मुखिया मरियम बेक और पंचायत सेवक अनुभव सौरभ टोप्पो के द्वारा कर लिया गया। इस संबंध में कलिगा के पंचायत सेवक अनुभव सौरभ टोप्पो ने ग्राम सभा नहीं करने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि मैंने मुखिया और वार्ड सदस्यों के कहे अनुसार गॉडविन लकड़ा का चयन कर लिया। उन्होंने साथ ही कहा कि मोबिलाइजर के चुनाव के लिए जरूरी ग्राम सभा हेतु पांच हजार लोगो को नही बुलाया जा सकता है। सबसे हैरानी की बात यह रही कि पंचायत सेवक ने खुद को ग्राम पंचायत मोबिलाइजर चयन से सम्बंधित नियमावली से भी अभिज्ञता जतायी।

इस संबंध में कलिगा के मुखिया मरियम बेक को कॉल कर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आवाज नही आ रही है और मैं बिजी हु बाद में बात करूंगी कहकर कॉल काट दिया गया।लोगो ने कहा कि गॉडविन लकड़ा सिमडेगा जिले में रहकर बिजली विभाग में ऑपरेटर का काम करता है और इस स्थिति में उसका चयन करना गलत है। वही चयनित गॉडविन ने कहा कि वो बिजली विभाग में बिना वेतन के कार्यरत है ओर अनुबंध समाप्त हो गया है।

इस संबंध में प्रखंड के बीडीओ सुप्रिया भगत ने वे इस संबंध में पंचायत सेवक से बात करेगी और नियमविरुद्ध चयन होने पर दुबारा चयन किया जाएगा।

ग्राम पंचायत मोबिलाइजर के चयन के संबंध में झांरखण्ड पंचायत राज के निर्देशक द्वारा स्पष्ट निर्देश जिला के उपायुक्तों को भेजी गई है जिसमे कहा गया है कि ग्राम पंचायतों में एक एक ग्राम सभा मोबिलाइजर का प्रावधान आरजीएसए की वार्षिक कार्य योजना में किया गया है एवं अनुसूचित क्षेत्र अंतर्गत कुल 2066 ग्राम पंचायतों में पूर्व से कार्यरत पंचायत स्वयंसेवको में से एक स्वयंसेवक से ग्राम मोबिलाइजर का कार्य लिए जाने का निर्णय लिया गया है। ग्राम सभा मोबिलाइजर का चयन सम्बंधित ग्राम पंचायत में ग्राम सभा के माध्यम से पूर्व से कार्यरत पंचायत स्वयंसेवको में से किया जायेगा।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 17 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# हनुमान को रावण भी नहीं रोक सके : अरुणा शंकर

**बागेश्वर सरकार के कार्यक्रम को सुरक्षा क्यों नहीं : उच्च न्यायालय**

**मुख्य सचिव और डीजीपी कल कोर्ट में हो हाजिर**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू में बागेश्वर सरकार कार्यक्रम की अनुमति पलामू जिला प्रशासन द्वारा नहीं दिये जाने की सुनवाई करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने गंभीर संज्ञान लेते हुए कल मुख्य सचिव और डीजीपी को स्वयं उपस्थित होने का निर्देश दिया। प्रथम महापौर और हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर ने बताया जिला प्रशासन ने पुनः एक बार विधि व्यवस्था नहीं संभालने का हवाला देते हुए बागेश्वर सरकार को पलामू आने की अनुमति को रद्द कर दिया है। जब इस बात की जानकारी उच्च न्यायालय को दी गयी, तो न्यायाधीश ने बहस को सुनते हुए कहा, जब धार्मिक कार्यक्रम की विधि व्यवस्था यह नहीं संभाल सकते, तो क्या यह राजनीतिक रैलीयों की सुरक्षा ही यह कर पायेंगे। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया, हम सबों को न्यायालय पर भरोसा है। जब श्री हनुमान को रावण नहीं बाध सका, तो उन्हें कौन रोक सकता है निश्चित वह आयेंगे।

# हिंदुओं के महापर्व 22 जनवरी को ना बेचें मांस : प्रथम महापौर

**22 को रेस्टोरेंट ठेला से भी मांस न बेचने की अपील**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सभी मीट, मछली, मुर्गा बेचने वाले भाइयों से अनुरोध किया है कि 22 जनवरी को राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हम हिंदुओं की भावनाओं का कद्र करते हुए सभी तरह के मांस की बिक्री 22 जनवरी को बंद रखी जायें। साथी ही सभी रेस्टोरेंट, ठेला चाहे वह हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई किसी का भी हो अपने प्रतिष्ठान से रामजन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा के दिन मांसाहारी व्यंजनों का बिक्री ना करें। प्रथम महापौर ने कहा कि हमारा शहर हिंदू मुस्लिम, सिख, इसाई एकता का प्रतीक है, और हम सारे पर्व एक दूसरों के साथ मिलकर मनाते आयें हैं जो एकता का मिसाल है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप मांस काटकर बेचने वाले भाइयों, मांसाहारी व्यंजन परोसने वाले रेस्टोरेंट, मांसाहारी व्यंजन का ठेला लगाकर बेचने वाले भाइयों का यह सहयोग हम हिंदुओं के सबसे बड़े त्यौहार में एक मिसाल बनेगा। मुझे पूर्ण विश्वास है मांस बेचने वाले सभी भाई हम हिंदुओं की प्रार्थना को जरूर स्वीकार करेंगे।

# मेला का उद्घाटन करना सौभाग्य की बात: सांसद



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सोमवार को पलामू संसदीय क्षेत्र के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पूर्वडीहा में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले विख्यात मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने फीता काट कर किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विभाकर नारायण पांडे प्रफुल्ल कुमार सिंह जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह सांसद के निजी सचिव अलख दुबे पूर्वडीहा के मुखिया संतोष दुबे एवं मेला संचालन समिति के सदस्य मौजूद रहे। मौके पर सांसद ने कहा कि मकर संक्रांति काफी शुभ दिन है और इस दिन मेले का उद्घाटन करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मेले का स्वरूप में काफी बदलाव हुआ है, आगे चलकर या और विकसित होगा या मुझे पूर्ण विश्वास है। मेला देखने दूर दराज के लोग पहुंचते हैं सभी को इस अवसर पर बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आगामी 22 जनवरी को माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा राम मंदिर का उद्घाटन किया जायेगा। इस अवसर पर सभी लोग अपने-अपने घरों और आसपास के मंदिरों में दीपोत्सव मनायें।

# 49 करोड़ की लागत से बनेगी 15 किलोमीटर सड़क: विधायक

**हुसैनाबाद की सबसे महत्वपूर्ण- जपला नबीनगर पथ का हुआ शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद की सबसे महत्वपूर्ण जपला-नबीनगर पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि काफी प्रयास के बाद झारखंड सरकार ने जपला नबीनगर मुख्य पथ के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण को स्वीकृति दी है। 15 किलोमीटर सड़क का निर्माण 49 करोड़ रूपये की लागत से किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद की करीब सभी महत्वपूर्ण सड़को को दुरुस्त कर दिया गया है। कुछ ग्रामीण सड़कों की निविदा निकल चुकी है। वर्ष 2024 में सभी सड़कों को दुरुस्त कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पथ की चौड़ाई 5.50 मीटर होगा। जबकि सड़क निर्माण कार्य 18 महीना में पूरा करने का लक्ष्य है।

विधायक ने इशारे-इशारे में विरोधियों पर प्रहार करते हुए कहा कि अब भी जिन्हे विकास नहीं दिख रहा है, वह अपनी आंखों का ऑपरेशन करा लें। उपस्थित लोगों ने सड़क निर्माण के लिए विधायक का आभार जताया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, प्रखंड बिससुत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, एनसीपी के युवा अनुमंडलीय अध्यक्ष अभिषेक सिंह उर्फ हरि, पप्पू सिंह, बिनय पासवान, अब्बास अंसारी, पवन अग्रवाल समेत पथ निर्माण विभाग के कई पदाधिकारी के अलावा एनसीपी कार्यकर्ता और काफी संख्या में जनता उपस्थित थे।

# खेल के साथ पर्यावरण धर्म से भी जुड़ें खिलाड़ी: कौशल

**पर्यावरणविद ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ आम का पौधा देकर किया उत्साहवर्द्धन**

**खेल में अनुशासित रहने वाला खिलाड़ी को कभी नहीं देखना पड़ता है हार का मुंहः कौशल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के चराई-पंचायत में कोस्को क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित फाइनल क्रिकेट मैच में बतौर मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ चेक व पौधा देकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें देश व समाज के कल्याण के लिए पर्यावरण धर्म से भी जुड़ने का आह्वान किया। पर्यावरणविद ने कहा कि जीवन में खेल केवल मनोरंजन का हिस्सा ही नहीं बल्कि इससे युवा अपने सुनहरे भविष्य को भी संवार सकते हैं। इतना ही नहीं खेल में अनुशासित रहने वाले खिलाड़ियों को कभी भी उन्हें हार का सामना नहीं करना पड़ता बशर्ते कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठापूर्वक करें। मैच आयोजन कर्ता उपेंद्र सिंह खरवार अध्यक्ष संदीप कुमार यादव, सचिव गुड्डू पाल उप कोषाध्यक्ष चंचल सिंह खरवार ने बताया कि उक्त क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग लिया था। जिसमें सिलदाग व चिरु की टीमें फाइनल मुकाबला में पहुंची। फाइनल मैच में सिलदाग की टीम ने बेहतर प्रदर्शन कर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। मुख्य अतिथि पर्यावरणविद ने विजेता टीम को सात हजार रुपये का चेक व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया वहीं उपविजेता टीम को मैच के आयोजन कर्ता उपेंद्र सिंह,पूर्व प्रमुख जगनारायण सिंह और समाजसेवी सुभाष कुमार बॉस ने पांच हजार का चेक व ट्राफी प्रदान कर उनका हौसला अफजाई की। पर्यावरणविद् ने ट्राफी प्रदान करते हुए कहा कि खेल और पर्यावरण जीवन के अंग होते हैं। इस अवसर पर राजेन्द्र कुमार, मिथिलेश सिंह, योगेंद्र सिंह खरवार, दरोगा सिंह खरवार, मंटू सिंह, सरोज सिंह, विजय सिंह (अंपायर), धर्मेंद्र (अंपायर), नंदू और मिडिया प्रभारी संदीप कुमार सिंह, डीके सरकार, यमुना यादव, उपेंद्र सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# 22 जनवरी को उत्सव के साथ हर घर में दीप जलायें : विनोद



**भाजपा नेता ने किया हुसैनाबाद के 22 पंचायतो में राम मंदिर का अक्षत वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** भाजपा नेता विनोद सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हुसैनाबाद प्रखंड के 22 पंचायतों का भ्रमण कर राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की पूजित अक्षत वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आने वाला 22 जनवरी भारत वासियों के लिए ऐतिहासिक दिन के साथ साथ समस्त हिन्दू धर्मावलंबियों के लिए उत्सव मनाने का दिन है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि जैसे भगवान राम वनवास के 14 वर्ष बाद अयोध्या आये थे, उस दिन दिप जलाकर पूरे भारत वंशी ने उनका स्वागत किया था, उसी तरह आने वाले 22 जनवरी को आपलोग अपने अपने घर और मंदिरों में दीप जलाकर उत्सव मनायें। कार्यक्रम की शुरूआत ऋद्धि सिद्धि होटल से किया गया। जिसमें सैकडों वाहन पर कार्यकर्ताओं ने ढोल बाजा के साथ जपला नगर का भ्रमण करते हुए दंगवार, नावाडीह ,सबानों, पथरा, महूदंड समेत सभी पंचायतो का भ्रमण किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र राम भक्तों के जयश्रीराम जयघोष से गूंजता रहा। मौके पर संतोष सिंह, उदय विश्कर्मा, राजेश कर्ण, अजित अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद, शशि, नागेंद्र, पवन, लड्डू सिंह, राजीव सिंह समेत काफी संख्या में रामभक्त मौजुद थे।

## जल जीवन मिशन योजना के तहत मुखिया और जल सहिया ने की बैठक



**मनातू(पलामू)(आजाद सिपाही)।** मनातू प्रखंड के पदमा और नवडीहा के पंचायत सचिवालय में को जल जीवन मिशन योजना को कार्यान्वित करने के लिए बैठक आहूत की गयी। बैठक में दो पंचायतों के जल सहिया और मुखिया उपस्थित हुए। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर को नल से जल आपूर्ति में आ रही अड़चनों को कैसे दूर किया जाये, उस पर विशेष रूप से चर्चा कर कार्य योजना तैयार की गयी। मौके पर प्रखंड समन्वयक यसदुल्ला अंसारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के संबंधित एफटीके किट से शुद्ध पेयजल की जांच, हर घर में नल से जल संबंधित, प्रत्येक गावों में वॉटर रिसोर्स मैपिंग और स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रत्येक गांवों में एक नाडेप, दो सोख्ता गड्ढा और कचरा प्रबंधन कराने को लेकर चर्चा की गयी।

## रेहला मेसर्स ने जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मेसर्स संटेक प्लास्टिसाइजर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी रेहला के द्वारा मंगलवार को नगर परिषद के वार्ड नौ डंडीला खुर्द मे 101 लोगों के बीच कंबल वितरित किया गया। वितरण समारोह की अध्यक्षता वार्ड पार्षद दिनेश शुक्ला व संचालन पंडित विजय शुक्ला ने किया। जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कंपनी के प्रतिनिधि नरेश यादव, अशोक यादव, प्रो.नंदलाल शुक्ला और लालबाबू शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। नरेश यादव ने कहा कि मेसर्स संटेक कंपनी सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करती है। इसी के तहत प्रत्येक वर्ष जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित करती है। मौके पर राज कुमार, चंदन, उमेश कांत मिश्रा, बिगन शुक्ला, नीरज शुक्ला, पवन शुक्ला, हेमेंद्र शुक्ला, बुल्लू, अरुण शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे।

## राधे कृष्ण क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता बना एलेवन स्टार



**हरिहरगंज(पलामू) (आजाद सिपाही)।** मोतिराज महिला कालेज स्थित मैदान में मंगलवार को राधा कृष्ण टूर्नामेंट मैच का फाइनल मुकाबला 11 (इलेवन) स्टार और अररुआ के बीच खेला गया। जिसका मुख्यातिथि समाजिक कार्यकर्ता सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने फीता काटकर शुभारंभ की। इस दौरान 11 स्टार हरिहरगंज ने टॉस जीतकर पहले बल्ले बाजी करने का निर्णय लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए 168 रनों का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी में अररुआ ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 158 रनों पर सिमट गयी। इस दौरान बतौर मुख्यातिथि श्री रंजन के हांथों विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने खिलाडियों को उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल में एक को हराना तय है। इससे निराश होने की जरुरत नहीं, आप अपना बेहतर प्रदर्शन करते रहे कामयाबी हासिल होगी। मौके पर संजय जयसवाल, दिनेश, विजय प्रजापति, शंभू यादव, मृत्युंजय सिंह, विनोद सहित सैकड़ो क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

## मुखिया ने चना दाल वितरण योजना की शुरुआत की



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरि पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी ने पंचायत क्षेत्र के अहमदनगर में जनवितरण प्रणाली के दुकानदार चंद्रेश मेहता के दुकान पर झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा के तहत राशन कार्डधारकों को एक रुपये की दर से मिलने वाले चना दाल वितरण की शुरूआत की। मौके पर मुखिया सरिता कुमारी ने कहा कि सरकार द्वारा जनवितरण प्रणाली के माध्यम से लोगों को चना दाल मुहैया कराना सराहनीय प्रयास है। मौके पर वार्ड सदस्य बिंदेश्वरी मेहता, डीलर चंद्रेश मेहता, कार्ड धारी सरजू मेहता, श्रवण मेहता, अशोक सिंह समेत कई अन्य लाभार्थी मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



एक रोमांचक मुकाबले में, फुजैरा ओड़िया उत्कल चैलेंजर्स के खिलाफ 108 रनों का लक्ष्य रखते हुए विजयी हुए। समीर मथान के शानदार प्रदर्शन, 28 गेंदों में 30 रन और अभिषेक महापात्र द्वारा 11 गेंदों में 20 रनों की शक्तिशाली पारी ने फुजैराह ओड़िया के प्रभावशाली कुल में योगदान दिया।

# ओड़िशा कप 2023 शानदार अंदाज में संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** संयुक्त अरब अमीरात का ओड़िशा कप खेल संघ गर्व से ओड़िशा कप के भव्य 10वें संस्करण के सफल समापन की घोषणा करता है, जो दुनिया का सबसे बड़ा प्रवासी ओडिया क्रिकेट टूर्नामेंट है। यह मील का पत्थर आयोजन संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में ऑस्ट्रेलियाई अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय क्रिकेट स्थल पर हुआ और 14 जनवरी, 2024 को समाप्त हुआ। इस वर्ष के ओड़िशा कप में सभी अमीरात की 14 टीमों की अभूतपूर्व भागीदारी देखी गयी, जिससे यह 2014 में अपनी स्थापना के बाद से सबसे बड़ा संस्करण बन गया। 8 अक्टूबर, 2023 को शुरू हुआ टूर्नामेंट उत्कल चैलेंजर टीम और फुजैराह ओडिया टीम के बीच एक रोमांचक फाइनल मैच के साथ अपने चरम पर पहुंच गया।

एक रोमांचक मुकाबले में, फुजैरा ओड़िया उत्कल चैलेंजर्स के खिलाफ 108 रनों का लक्ष्य रखते हुए विजयी हुए। समीर मथान के शानदार प्रदर्शन, 28 गेंदों में 30 रन और अभिषेक महापात्र द्वारा 11 गेंदों में 20 रनों की शक्तिशाली पारी ने फुजैराह ओड़िया के प्रभावशाली कुल में योगदान दिया। इसके जवाब में उत्कल चैलेंजर्स अक्षय कुमार साहू और समीर मथान की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 103 रन ही बना सकी। समीर मथान को उनकी शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल मैच उत्साही भीड़ के सामने खेला गया, जिसमें मुख्य रूप से उड़िया लोग शामिल थे, जो अपने परिवारों को क्रिकेट के इस महाकुंभ को देखने के लिए लेकर आये थे। कार्यक्रम में उड़िया व्यंजनों की एक श्रृंखला पेश की गयी, जो खिलाड़ियों और दर्शकों के समग्र अनुभव को बढ़ाती है। प्रसिद्ध भारतीय निर्देशक, अभिनेता और ओड़िशा के राजनेता प्रशांत नंद ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और देश के बाहर इस तरह के महत्वपूर्ण कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि भारत के वाणिज्य दूत (वीजा और सामुदायिक मामले) उत्तम चंद ने ओडिशा कप के निरंतर विकास की आशा करते हुए प्रतिभागियों और आयोजकों की सराहना की। सैलाज दास टर्बो पावर इंजीनियरिंग के वरिष्ठ सलाहकार और प्रबंध निदेशक जो एक प्रमुख अनिवासी ओडिया और टूर्नामेंट के शीर्षक प्रायोजक ने खिलाड़ियों और आयोजकों दोनों के समर्पण को स्वीकार करते हुए अपनी खुशी व्यक्त की।

# डीसी ने शिक्षा विभाग के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने मंगलवार को शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों और कर्मियों संग बैठक कर जिले में जिले में शिक्षा विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने छात्रों का खाता खोलने, छात्रवृत्ति, पोशाक, पाठ्य पुस्तक मध्यान भोजन आदि की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये।

**ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर बच्चों और शिक्षकों का अटेंडेंस अनिवार्य रूप से बनवाना सुनिश्चित करें: डीसी**



बैठक में ई-विद्यावाहिनी पर शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति का डीसी ने प्रखंड वार समीक्षा की। डीसी ने ई विद्या वाहिनी पर छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को लेकर पदाधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए हैं। इस दौरान नवाबाजार, मनातू, पड़वा, छतरपुर और मोहम्मदगंज को विशेष रूप से सुधार लाने की बात कही। इस दौरान कुछ बीपीओ ने ई विद्या वाहिनी पर एंट्री नहीं दिखाई देने की बात कही इस पर डीसी ने एमआईएस को-ऑर्डिनेटर को तकनीकी खामी को दूर करने की बात कही। इसके अलावा विद्यालय विकास अनुदान के उपयोग और विद्यालय के रंग-रोगन की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इस पर ध्यान देकर कार्य कराने का निर्देश दिया।

## सीआइएसएफ ने हांथुडीह में छापेमारी कर 100 टन अवैध कोयला जब्त किया

# अवैध खनन के पीछे बीसीसीएल और पुलिस के अधिकारी हैं शामिल : ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** थाना क्षेत्र के हांथुडीह में अवैध कोयले के विरुद्ध सीआईएसएफ ने छापेमारी कर झाड़ियों में रखी करीब 100 टन अवैध कोयलो से भरी बोरियों को जप्त किया हैं। छापेमारी के दौरान सीआईएसएफ के अलावा बीसीसीएल व स्थानीय पुलिस मौजूद थे। मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व जांच में आये सीआईएसएफ अधिकारीयों द्वारा अवैध कोयला खनन वाले हॉट-स्पॉट स्थलों का निरिक्षण ड्रोन कैमरे के माध्यम से किया गया था। उसी दरमियान कैमरे में उक्त स्थल पर भारी मात्रा में अवैध कोयले से





भरी बोरियां दिखाई पड़ी। ततपश्चात मंगलवार को दोपहर में सीआईएसएफ ने बीसीसीएल व स्थानीय पुलिस संग संयुक्त रूप से हंथुडीह पोखरिया में संचालित अवैध खनन स्थल पर छापेमारी करने पहुंचे जहां उन्हें भारी मात्रा में अवैध कोयले से भरी बोरिया मिली। सीआईएसएफ ने तमाम खनन कर रखी बोरियों में भरी कोयले को हायवा में पेलोडर से लोड कर बीसीसीएल को सौंप दिया। ज्ञात हो की इससे पूर्व में भी सीआईएसएफ द्वारा उक्त स्थल से भारी मात्रा में अवैध कोयला छापेमारी कर जप्त किये गये थे, किंतु छापेमारी के दौरान अवैध मुहनो की भराई सिर्फ दिखावे के लीये कर छोड़ दिया गया था। जिससे अवैध खनन से जुड़े कोयला तस्कर मुहनो को दोबारा आसानी से पुनः खोद लेते हैं। सूत्र बताते हैं, कि छापेमारी की तमाम सुचना ड्राइवर व बीसीसीएल के कुछ भ्रस्ट अधिकारीयों द्वारा कोयला तस्करो को दे दी जाती हैं। जिससे कोयला तस्कर वहां मौजूद होकर छापेमारी की तमाम गतिविधियों को देखते हैं, और मुहनो को पूरी तरह बंद नहीं करने के लीये कहते हैं। ग्रामीणों की चर्चाओं के अनुसार इस अवैध खनन भीम नामक एक बीसीसीएल कर्मी द्वारा ही संचालित किया जा रहा हैं।

तभी छापेमारी के कुछ दिन बाद दौबारा उक्त स्थल पर खनन चालू कर दिया जाता हैं। जबकि पुलिस सहित तमाम संबंधित विभाग को इसकी जानकारी होती हैं की किन क्षेत्रों में अवैध खनन किया जाता हैं, किंतु करवाई के नाम पर सभी एक दूसरे पर ही ठीकरहा फोड़ते दीखते हैं।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील सिटी के मुख्य चौराहों पर सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के द्वारा जनमानस के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता का विशेष अभियान चलाया गया। बोकारो स्टील सिटी के चार प्रमुख चौराहों बी जी एच, गांधी चौक, पत्थर कट्टा तथा राम मंदिर चौराहे पर एनसीसी के लगभग 60 बच्चों के द्वारा दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों के माथे पर तिलक लगा कर और टॉफी देकर वहां चालकों से सड़क सुरक्षा समबधिंत नियमों का पालन करने का अनुरोध किया। इस मौके पर बच्चों के साथ एन सी सी ऑफिसर जेपी पांडेय, एस एस यादव, सुरक्षा अभियंत्रण विभाग, बीएस एल सिक्योरिटी विभाग के अधिकारीगण तथा कर्मचारी मौजूद थे। सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के महा प्रबंधक श्री विकास गुप्ता, वरीय प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में बोकारो नगर में सड़क सुरक्षा रथ का परिचालन भी किया।

## संकल्प महिला समिति ने चूड़ा, गुड़, तिलकुट बांटा



**कतरास (आजाद सिपाही)।** क्लब के संकल्प महिला समिति एरिया के मकर संक्रांति पर मंगलवार को सामाजिक दायित्व के तहत 30 गरीब बच्चों के बीच चूड़ा, गुड, तिलकुट, लाई, चॉकलेट और लेस का वितरण किया। मौके पर संकल्प महिला समिति, कतरास क्षेत्र की उपाध्यक्षा पूनम सिंह, रेखा कुमार, पिंकी गुप्ता, आशा सांडिल्य, नीलू सिंह, रेणु सिंह, कंचन सिंह उपस्थित थीं।

## बाल संरक्षण आयोग ने पोक्सो एक्ट से प्रताड़ित पीड़िता से मिलकर लिया संज्ञान



**कतरास (आजाद सिपाही)।** पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज कांड संख्या–17/23 की जांच के लिए झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य सुनील कुमार वर्मा पीड़िता ममता बदला हुआ काल्पनिक नाम के घर पहुंचकर घटना की जानकारी ली, जहां पीड़िता ने आयोग के सदस्य के समक्ष थाना प्रभारी दीपक कुमार झा तथा केस जांचकर्ता रमेश सिंह पर आरोपियों के संरक्षण देने का आरोप लगाया और कहा कि इन दोनों अधिकारियों ने फर्जी आरोप लगाकर मुझे मेरे मर्जी के विरुद्ध एनजीओ भेज दिया। जिसके कारण मेरी पढ़ाई बाधित हुई,बच्ची ने केस जांचकर्ता तथा थाना प्रभारी पर 164 के बयान के वक्त धमकी देने का भी आरोप लगाया। वही बाल संरक्षण आयोग के अधिकारी ने अभी कुछ भी बताने से किया इनकार किया।

## अभिभावकों और शिक्षकों के बीच होगी बैठक : डीएसई

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय के अभिभावकों एवं शिक्षक की बैठक के लिए दिशा निर्देश दिया गया है। जिला शिक्षा अधीक्षक- सह- जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने जिले के सभी सरकारी कोटे के प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय उच्च विद्यालय एवं प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य, प्रधानाध्यापक, वार्डन एवं विद्यालय में अभिभावक शिक्षक बैठक के आयोजन को लेकर आदेश दिया है।

# पुलिस ने चोरी किये गये सामानों के साथ दो अपराधी को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** राजगंज रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में 14 जनवरी की रात 4 लाख रुपयों की चोरी हो गयी थी। पुलिस ने दो अपराधी को 24 घंटे के अंदर सामान के साथ बरामद कर लिया है। पुलिस ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पूरे मामले की जानकारी दी। गिरफ्तार दोनों अपराधियों को कतरास पुलिस ने जेल भेज दिया है। थाना के सब इंस्पेक्टर विक्की कुमार ने बताया कि 14 जनवरी की रात जैन मंदिर में अमलाबाद, चंदनक्यारी के रहने वाले चिरंजीत मांझी जो पिछले तीन वर्षों से दिगंबर जैन मंदिर में कार्यरत थे। जैनियों के बीच वह काफी विश्वास पात्र थे। पुलिस ने चंदन कियारी के रहने वाले गौतम दत्त के आवास में छापामारी कर चोरी गये सभी सामानों को बरामद कर लिया है।

छापामारी दल में रामकनाली के थानेदार जितेंद्र कुमार, कतरास थाना में पदस्थापित इंद्रजीत कुमार राणा, दिलीप टुडू शामिल थे।

# विधायक ने सफाई अभियान किया शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो विधायक बिरंची नारायण सेक्टर 1 शिव मंदिर में मंदिर स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई कीए। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले देशभर के मंदिरों, महापरुषो मूर्ति और तीर्थस्थलों में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस द्वारा 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाया रहा हैं। इसके तहत आज बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने अभियान शुरू किए। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 दिसंबर को अयोध्या से आह्वान किया था कि स्वच्छ मोहल्ला, स्वच्छ ग्राम, आयोध्या धाम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं इस अभियान की शुरूआत पंचवटी से की थी, जहां भगवान राम अपने वनवास के दौरान सबसे लंबे समय तक रहे थे। कार्यक्रम में जिला संयोजक शशिभूषण ओझा, भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी, अमित सिंह, विकास कुमार, उमेश शर्मा, अभय कुमार गोलू, अजय कुमार, नीरज पांडेय, सुनील मोहन ठाकुर, अजित बाउरी, अरुण सिंह, अशोक शर्मा उपस्थित थे।

# अभिनेत्रा और गायन का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 के फाइनल राउंड का चयन डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग, रांची में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए हुए 34 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया। जिसमें 16 बाल वैज्ञानिकों का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ। बोकारो जिले से कुल पांच बाल वैज्ञानिक चयनित हुए। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 की नवम कक्षा की छात्रा अभिनेत्रा व गायन का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ। इस प्रोजेक्ट में सौम्या भारद्वाज पूर्ण सहयोग मिला` इन बाल वैज्ञानिकों ने गन्ने की खोई से कागज का उत्पादन किया। इनके द्वारा बनाये प्रोजेक्ट की सराहना सभी उपस्थित लोगो ने की। अभिनेत्रा द्वारा बनाये गये अनुपयोगी ईख की खोई से कागज निर्मित किया जा सकता है। जो पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता के मार्ग को प्रशस्त किया जा सकता है। विद्यालय के प्रचार्य बृज मोहन लाल दास के कुशल मार्गदर्शन व दिशा निर्देशन में विद्यालय उन्नति के शिखर पर अग्रसर हो रहा है। विद्यालय के सामाजिक विज्ञान के शिक्षक स्वरूप नाथ व मनीषा अश्विनी सहाय के पूर्ण सहयोग से इन दोनों छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई।

## उपायुक्त ने किया नये समाहरणालय भवन में अपने कार्यालय का शुभारंभ

# समस्या का समाधान करने में सुविधा होगी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज नये समाहरणालय भवन में अपने कार्यालय का शुभारंभ फिता काटकर किया। साथ-साथ उन्होंने उप विकास आयुक्त के कार्यालय का भी शुभारंभ फिता काटकर किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि पहले सभी विभागों के ऑफिस अलग-अलग स्थान पर थे। अब एक ही भवन में सभी विभाग के कार्यालय होने से विभागीय सामंजस्य आसान होगा। एक ही जगह पर सारे विभाग होने से आम जनता की समस्या का समाधान भी एक ही स्थान पर किया जायेगा। नये समाहरणालय भवन में उपायुक्त, एसएसपी, उप विकास आयुक्त, रेवेन्यू, अपर समाहर्ता, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, शिक्षा, समाज कल्याण आदि के कार्यालय है। वहीं हर फ्लोर में एक एटीएम, पलाश मार्ट इत्यादि भी लगाया जायेगा। इस अवसर पर उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, वरीय पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) राजेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, भू अर्जन पदाधिकारी मुजाहिद अंसारी, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, कार्यपालक दंडाधिकारी अंशु पांडेय, प्रदीप, आइटी मैनेजर रुपेश मिश्रा, डीडीएमए के संजय झा, नाजिर आनंद सभी कार्यालय प्रधान व कर्मी मौजूद थे।


**जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(जिला खेल शाखा)**

दूरभाष : ..............................Email ID : dsoramgarh48@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No-315813 एवं कार्यालय ज्ञापांक 12/जि0खे0 दिनांक 11.01.2024 द्वारा GeM Portal पर निविदा संख्या–GEM/2024/B/4470635 मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप (पुरूष एवं महिला) प्रतियोगिता–2023–24 हेतु प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पंचायत के खिलाड़ियों को खेल किट (यथा जर्सी–शॉट्स, बुट, मोजा, सिनगार्ड, गोलकीपर ग्लब्स, एवं टी–शर्ट) आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया था जिसे निविदा खोलने की तिथि दिनांक 22.01.2024 अप0 12.00 बजे निर्धारित की गई थी जिसे अपरिहार्य कारणवश दिनांक 24.01.2024 को अप0 12.00 बजे तक विस्तारित किया गया है।

अतः दिनांक 24.01.2024 को पूर्वा0 11.00 बजे GeM Portal पर Upload किये गये सभी दस्तावेजों (Index के साथ) तकनीकी बीड मुहर बंद लिफाफा एवं सैम्पल जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा साथ ही निविदा दिनांक 24.01.2024 को अपराहन 12.00 बजे, समाहरणालय सभा कक्ष ब्लॉक "ए" (छत्तरमाण्डू, रामगढ़) में खोला जायेगा।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
रामगढ़।

PR.NO.316220 District(23-24):D


## डीसी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत नये समाहरणालय भवन से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ को रवाना करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि 15 जनवरी से 24 फरवरी 2024 तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जायेगा। इसी के तहत जागरूकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करेगा। इस अवसर पर उपायुक्त वरुण रंजन, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, वरीय पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) राजेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, सड़क सुरक्षा समिति के सुनील कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।


**पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा का कार्यालय, सिमडेगा।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाए कि संलग्न सूची में अंकित वाहनों को वाहन मालिक यदि उपलब्ध है तो वाहन से संबंधित कागजात लेकर संबंधित थाना प्रभारी से सम्पर्क कर दिनांक–02.02.2024 तक अपना वाहन प्राप्त कर लें।

| क0सं0 | वाहन का प्रकार | रजिस्ट्रेषन नं0 | इंजन नं0 | चेसिस नं0 |
|---|---|---|---|---|
| **सिमडेगा थाना** | | | | |
| 1 | हरा रंग का कावासाकी न0 | जे0एच0 01बी0 3875 | | |
| 2 | राजदूत मोटर साईकिल W/N | – | 1926382 | 0201926382 |
| 3 | टी0भी0एस0 स्टर स्पोंट | | C5SE81099503 | MD 625 MF 5381537772 |
| 4 | यामाहा मोटर साईकिल | जे0ए0 01 सी 8515 | 5 U soo 5845 | 02 H 5 US 005345 |
| 5 | रायल इन्फील्ड मोटर साईकिल | – | 256008 | |
| 6 | कैनेटिक भेलोसिटी | जे0एच0 01 जी 9245 | FB 68005061 | FB 68005384 |
| 7 | टी0भी0एस0 फलैम | | 0F 6 N 81067680 | MD 625 BF 628 1N 67107 |
| 8 | स्पैलण्डर | जे0एच0 07 ए 4848 | 03 C1 8E 47136 | 03 C 20 F 42400 |
| 9 | स्पैलण्डर | – | 05 D 15 E22990 | - |
| 10 | पैषन प्लस | – | 04 008 M 43188 | 04 H09C14244 |
| 11 | सी0डी0 100 एस0एस0 | – | 03 B13E05197 | - |
| 12 | बजाज बॉक्सर | जे0एच0 07 ए 9746 | DUM BLC 45909 | DFFBLC 31052 |
| 13 | स्पैलण्डर | बी0आर0 17 एफ 2189 | 00 E18E09284 | 00E20F10496 |
| 14 | टी0भी0एस0 जीवे | जे0एच0 20 ए 6113 | 0V1FA1043157 | MD 625AV 1XA1 F4 2988 |
| 15 | यामाहा आर एक्स 100 | डब्लू0बी0 4706 | 1 L2017417 | 9601 L201741 |
| 16 | टी0भी0एस0 एक्सल हैभी डियूटी | जे0एच0 07 ए 1000 | - | MD621 BD 1X 71 F89805 |
| 17 | यामाहा लैब्रो | | 5 TS 4018165 | 05 J 5T S 4 018165 |
| 18 | काबासाकी बॉक्सर | जे0एच0 07 6161 | DDMBGB 15371 | |
| 19 | टी0भी0एस0 स्टर स्पोंट | – | CF5A91190090 | MD625 MF5191A99368 |
| 20 | टी0भी0एस0 विक्टर | – | N 3305 M5400101 | N 3305F537647 |
| 21 | यामाहा | – | 5TSB004032 | ME 15TS 0B 682004035 |
| 22 | टी0भी0एस0 स्टर स्पोंट | – | CF 5K81150070 | MD625 MF 5981K72573 |
| 23 | कावासाकी क्लेभर | – | MBHK 74978 | ODFB 6B6 5405 |
| 24 | यामाहा आर0एक्स 100 | | 1L1520687 | - |
| 25 | टी0भी0एस0 सेन्ट्रा | जे0एच0 07 ए 7862 | N 5010010 | MD 624 AH1742D 48027 |
| 26 | टी0भी0एस0 हैवी डियूटी | जे0एच0 20 ए 7590 | – | MD 621BD17B1B44206 |
| 27 | पैषन प्रो | – | HA10EC9GF1793 8 | MBLHA10EN9GF13009 |
| 28 | टी0भी0एस0 | – | OF 6D81029948 | MD 625B5618E290 |
| 29 | हीरो होण्डा सी0डी0 | MP 26 KA 0684 | OOK 13 E 13935 | - |
| 30 | स्कूटी | बी0आर0 14 बी 1035 | -- | - |
| 31 | हीरो होण्डा सी0बी0जेड | जे0एच0 07 ए 5668 | KC12EVAGG0784 9 | MBLKC12ECAGG07590 |
| 32 | हीरो होण्डा स्पैलण्डर प्लस | | 03K15M07110 | 03K16C23491 |
| 33 | हीरो होण्डा स्पैलण्डर | सी0जी0 04 सी0ए0 7166 | 02J18E21808 | 02J20F22597 |
| 34 | यामाहा | – | 5TSA000338 | ME 15TS0A482000255 |
| **टी0टांगर थाना** | | | | |
| 35 | पुराना स्कूटर | ओ0आर0 ई0 866 | OSE195623 | – |
| 36 | पुराना स्कूटर | | E93301655 | – |
| 37 | पुराना स्कूटर | बी0आर0 14 बी | E08PM004581 | – |
| 38 | एचडी0 मोटर साईकिल | ओर0आर0 2235 | IJD250012699 | – |
| 39 | पुराना एचडी मोटर साईकिल | | IJB250017750 | – |
| 40 | राजदूत मोटर साईकिल | बी0आर0 14 एस 0511 | – | – |
| 41 | राजदूत मोटर साईकिल | बी0आर0 41 1453 | – | – |
| 42 | यामाहा लिब्रो | जें0एच0 01 ए 3163 | – | – |
| 43 | हीरो होण्डा स्पैलण्डर | जे0एच0 01 बी 7149 | QBA18F29771 | – |
| 44 | टी0भी0एस0 मोटर साईकिल | – | OPSL61305893 | MD265 4F5061C80779 |
| 45 | हीरो होण्डा पैषन प्रो | – | HAIOENDHE796 | MBLAIOAWD76501 |
| 46 | हीरो होण्डा स्पलैण्डर प्लस | – | 03M15M36045 | 03M16CB9798 |
| 47 | हीरो होण्डा सुंपर स्लैण्डर | – | 06MAC1291 | 06MACF13076 |
| 48 | हीरो होण्डा ग्लैमर | सी0जी0 14 सी 2263 | JA06EJBGE1129 | |
| 49 | हीरो होण्डा सुपर | ओर0आर0 14 पी 7019 | 06CALED6698 | 06CACFD7053 |
| **कुरडेग थाना** | | | | |
| 50 | हीरो होण्डा सी0डी0 डिलक्स | ओ0आर0 16 डी 5893 | – | – |
| 51 | बजाज पल्सर मोटर साईकिल | ओ0डी0 16 1339 | – | – |
| **बोलवा थाना** | | | | |
| 52 | सी0बी0जेड0 एक्सट्रीम | ओर0आर0 14 आर 6419 | – | – |
| जलडेगा | | | | |
| 53 | टी0भी0एस0 मैक्स 100 | ओ0डी0 14 ए 8854 | – | – |
| 54 | हीरो होण्डा ग्लैमर | जे0एच0 01 वाई 4972 | – | – |
| 55 | होण्डा मोटर साईकिल | जे0एच0 20 ए 7535 | – | – |
| 56 | टी0भी0एस0 स्टार सिटी | बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर | – | – |
| **ओड़गा ओ0पी** | | | | |
| 57 | हीरो एचएफ डिलक्स मोटर साईकिल | | HA11EGD9E1753 0 | MBLHA11EVD16250 |
| 58 | हीरो होण्डा सी0बी0जेड मोटर साईकिल | जे0एच0 01 ए0जे0 8714 | KC12EBBGB1409 2 | MBLKC12ECB14068 |
| 59 | लाल रंग हीरो पैषन प्रो | जे0एच0 20 ए 3526 | – | MVLHA10EWCGA1288 6 |
| 60 | ब्लू रंग पैशन प्रो | जे0एच0 20 बी 3569 | – | MBLHA10EUB9C |
| 61 | काला रंग का पैशन प्रो | | – | MBLHA10AWOFH5723 6 |
| 62 | नीला रंग का पैषन एक्स प्रो | जे0एच0 20 बी 2910 | – | ABLJA12ACEBCD2326 |
| 63 | काला रंग का पैषन प्रो | | – | MBLHA10BJEHH11768 |
| 64 | काला रंग का पैषन प्रो | जे0एच0 20 बी 7324 | – | MBLHA10EWBGL 25565 |
| 65 | बजाज पल्सर | ओर0आर0 14 एस 2336 | – | – |
| **बानो (गिरदा) ओ0पी0** | | | | |
| 66 | हीरो होण्डा स्पलैण्डर | बी0आर0 14 के 0040 | – | – |
| **मुफसिल थाना** | | | | |
| 67 | टी0भी0एस0 अपाची आरटीआर 160 | जे0एच0 20 सी 0553 | – | – |
| **केरसई थाना** | | | | |
| 68 | पैषन प्रो मोटर साईकिल | जे0एच0 01 ए0एल0 6928 | – | – |
| 69 | हीरो होण्डा स्पलैण्डर | ओर0आर0 14 यू0 9432 | – | – |
| 70 | बॉक्सर कावासाकी मोटर साईकिल | सी0जी0 04 ए 0891 | – | – |
| 71 | यामाहा मोटर साईकिल | बिना नम्बर, इंजन चेसिस मिटा हुआ | – | – |

PR 316146 Simdega(23-24)D

पुलिस अधीक्षक,सिमडेगा।

# 150 कर्मियों को जिंदल स्टेनलेस ने इसॉप्स दिये

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत की सबसे बड़े स्टेनलेस स्टील निमार्ता जिंदल स्टेनलेस ने अपनी वरिष्ठ टीम के लगभग 150 कर्मचारियों के लिए कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना (इसॉप) की घोषणा की है। कंपनी ने जिंदल स्टेनलेस कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना 2023 के तहत पात्र कर्मचारियों को इसॉप और सीमित स्टॉक इकाइयों (आरएसयू) को मिला-जुला कर समान रूप से उपयोग करने के लिए 15,68,266 स्टॉक विकल्प प्रदान किए हैं। इसॉप, प्रदर्शन की शर्तों के साथ चार साल की अवधि के लिए होंगे। इसॉप शुरू करने का प्राथमिक उद्देश्य प्रतिभाशाली कर्मचारियों को आकर्षित एवं प्रोत्साहित करना, उनके बीच स्वामित्व की साझा भावना को बढ़ावा देना और कर्मचारियों के हितों को कंपनी के हितों के साथ जोड़ना है। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, इसॉप कार्यान्वयन हमारे लोगों को कंपनी की प्रगति में सच्चा भागीदार बनाने के हमारे इरादे का प्रमाण है। इसके अलावा इससे हमारी दीर्घकालिक विकास योजनाओं को हमारी वरिष्ठ टीम के हितों के अनुरूप बनाने में मदद मिलती है। हमारी सफलता में कर्मचारियों को भागीदार बनने की पेशकश करके, हम सहयोग और साझा उपलब्धि की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति कंपनी की विकास यात्रा में योगदान दे और उससे लाभ हासिल करे।

जिंदल स्टेनलेस के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सुशील बावेजा ने कहा कि म इसॉप पेश करके उत्साहित महसूस कर रहे हैं, जो हमारे प्रमुख प्रतिभाशाली व्यक्तियों को धन अर्जित करने का एक और अवसर प्रदान करता है। इस पहल का उद्देश्य न केवल प्रतिभाशाली व्यक्तियों को आकर्षित करना और बनाए रखना है, बल्कि हमारे कर्मचारियों के बीच स्वामित्व की गहरी भावना को विकसित करना, उनके हितों को कारोबार की सफलता के साथ जोड़ना भी है। हमें विश्वास है कि यह हमें अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने और कंपनी व कर्मचारियों दोनों के भविष्य में निरंतर विकास के लिए प्रेरित करेगा।

## कितना सुंदर है पूरी जगन्नाथ धाम



परिक्रमा परियोजना के उद्घाटन के लिए श्रीमंदिर को बड़े ही खूबसूरत ढंग से सजाया गया है।

# पांच एटीएम लुटेरों को बालेश्वर पुलिस ने पकड़ा, पिस्तल-कारतूस के साथ कैश ट्रे जब्त



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बालेश्वर पुलिस ने पांच एटीएम लुटेरे को पकड़ा है। 10 जनवरी को बालेश्वर जिले के खइरा और सोरो थाना क्षेत्र से दो एटीएम लूट लिये गये थे। पुलिस ने इसका पर्दाफाश कर दिया है। हरियाणा के 5 युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 6 लाख 13 हजार 700 रुपये बरामद किये गये। इसके अलावा एक पिस्तल, 4 कारतूस, कटर, स्क्रू ड्राइवर, एटीएम का टूटा हुआ मनी ट्रे आदि जब्त किया गया है। उस दिन दो एटीएम से 10 लाख 71 हजार 9 सौ रुपये चोरी हो गये थे और लूट के बाद वे मारुति ब्रेजा कार छोड़ कर भाग गये थे। बालेश्वर एसपी सागरिका नाथ ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह सर्वे पर लगी रोक

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हिंदू पक्ष की मांग स्पष्ट नहीं
- हाइकोर्ट ने कमिश्नर सर्वे का दिया था आदेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर का सर्वे के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। मंगलवार को मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्णय लिया। कोर्ट ने हिंदू पक्ष की ओर से हाईकोर्ट में दाखिल अस्पष्ट आवेदन पर भी सवाल उठाये हैं। कोर्ट ने हिंदू पक्ष से कहा कि सर्वे कमिश्नर की नियुक्ति के लिए एक अस्पष्ट आवेदन दायर नहीं कर सकते हैं। इसका मकसद स्पष्ट होना चाहिए। पीठ ने कहा कि वह हिंदू संस्थाओं को नोटिस जारी कर रही है और उनका जवाब मांगा है। साथ ही पीठ ने यह स्पष्ट किया कि इस विवाद में उच्च न्यायालय के समक्ष कार्यवाही जारी रहेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने शाही ईदगाह के सर्वेक्षण पर हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर हिंदू संगठन, भगवान श्रीकृष्ण विराजमन और अन्य से जवाब मांगा है। बता दें कि इस मामले में अगली सुनवाई 23 जनवरी को होगी। मस्जिद समिति ने अपनी याचिका में कहा है कि हाई कोर्ट को मुकदमे में निर्णय लेने से पहले वादी की अस्वीकृति के लिए उसकी याचिका पर विचार करना चाहिए था।

# आजकल पूरा देश राममय : मोदी

## आंध्र प्रदेश के लेपाक्षी में वीरभद्र मंदिर में पूजा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**अमरावती।** अयोध्या में प्राणप्रतिष्ठा से ठीक 6 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के आंध्र प्रदेश-केरल दौरे पर हैं। मंगलवार को उन्होंने लेपाक्षी पहुंचकर 486 साल पुराने वीरभद्र मंदिर में पूजा की। मंदिर परिसर में बैठकर पीएम मोदी ने राम भजन भी किया और रंगनाथ रामायण पर आधारित कठपुतलियों के जरिए प्रदर्शित रामकथा भी देखी।


इसके बाद पीएम मोदी सत्यसाई जिले के पलासमुद्रम पहुंचे, जहां उन्होंने नेशनल एके-डमी ऑफ कस्टम, इनडायरेक्ट टैक्स एंड नार्कोटिक्स इंस्टीट्यूट का इनॉगरेशन किया। यहां मोदी ने कहा कि आज पूरा देश राममय है। खुद महात्मा गांधी भी देश में राम राज्य की बात करते थे। उन्होंने कहा था- राम राज्य का विचार ही सच्चे लोकतंत्र का विचार है। आंध्रप्रदेश के बाद पीएम मोदी 17 जनवरी की सुबह केरल के गुरुवयूर मंदिर में पूजा और दर्शन करेंगे। शाम 7:15 बजे केरल के कोच्चि में रोड शो भी करेंगे।

## ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# जहां शिवलिंग का दावा, उस पानी टंकी की होगी सफाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को काशी के ज्ञानवापी मामले में बड़ा फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद परिसर में मौजूद पानी की टंकी (वुजुखाना) की सफाई कराने की अनुमति दे दी है। गौरतलब है कि इसी वुजुखाने में हिंदू पक्ष ने शिवलिंग होने का दावा किया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने एक महिला की याचिका पर यह निर्देश दिया। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मस्जिद परिसर में भगवान की पूजा करने की अनुमति मांगी गई थी। साथ ही पानी के टैंक की सफाई की मांग की गई थी क्योंकि उस टैंक में मछलियां मरी पड़ीं थी। याचिका का मस्जिद मैनेजमेंट कमेटी द्वारा



विरोध नहीं किया गया।

### डीएम की देखरेख में होगी सफाई

सुप्रीम कोर्ट ने पीठ ने अपने आदेश में कहा कि टैंक की सफाई वाराणसी के जिला कलेक्टर की देखरेख में कराई जाए। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल माधवी दीवान सुनवाई में पेश हुईं। उन्होंने भी सरकार की तरफ से टैंक (वुजुखाने) की सफाई की मांग की थी। वहीं मस्जिद कमेटी की तरफ से वरिष्ठ वकील हुजैफा अहमदी पेश हुए। सुप्रीम कोर्ट ने नोट किया कि मस्जिद की अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी ने भी वाराणसी की ट्रायल कोर्ट में भी वुजुखाने की सफाई की मांग को लेकर याचिका दायर की थी।

बता दें कि मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद के वुजुखाना में शिवलिंग पाए जाने के दावे के बाद वुजुखाने को सील करने का आदेश दिया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को नमाज जारी रखने की छूट दी। बीते साल सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष की मांग पर पुरातत्व विभाग को मस्जिद परिसर का सर्वे करने की मंजूरी दी थी। इसी सर्वे में मस्जिद परिसर के वुजुखाने में शिवलिंग जैसी आकृति मिली थी। हिंदू पक्ष ने इसके शिवलिंग होने का दावा किया था।

# डीपीआइआइटी राज्य स्टार्टअप रैंकिंग 2022 में ओड़िशा प्रभावशाली

- शीर्ष प्रदर्शनकारी स्थान हासिल किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** एक संपन्न स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए ओड़िशा की अटूट प्रतिबद्धता डीपीआइआइटी राज्य स्टार्टअप रैंकिंग 2022 में शीर्ष कलाकार के रूप में इसकी प्रभावशाली उपलब्धि से रेखांकित होती है। इस पुरस्कार का अनावरण केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने किया। 16 जनवरी, 2024 को नयी दिल्ली में आयोजित एक विशिष्ट सम्मान समारोह के दौरान उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण और कपड़ा। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआइआइटी) द्वारा आयोजित राज्य स्टार्टअप रैंकिंग के चौथे संस्करण का उद्देश्य व्यापक और जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) के सहयोगात्मक प्रयासों को मजबूत करना है। राज्य स्टार्टअप रैंकिंग फ्रेमवर्क 2022 को एक मजबूत और परिणाम-संचालित पहल के रूप में सावधानीपूर्वक तैयार किया गया था, जिसका उद्देश्य प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश में महत्वपूर्ण प्रगति को उत्प्रेरित करना था। मूल्यांकन प्रक्रिया में विभिन्न मापदंडों पर प्रतिक्रियाओं का गहन मूल्यांकन शामिल था।

इस ढांचे ने 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्टार्टअप के विस्तार के लिए नियमों को कम करने और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के लिए समर्थन को मजबूत करने की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। 2018 में शुरू किये गये इस अभ्यास ने 2019 में स्टार्टअप इकोसिस्टम को समर्थन देने के लिए ओड़िशा को टॉप परफॉर्मर होने का पुरस्कार दिया और राज्य स्टार्टअप रैंकिंग-2021 में, ओड़िशा ने एक बार फिर छलांग लगायी और समावेशी स्थापित करने के लिए टॉप परफॉर्मर का स्थान हासिल किया और राज्य के हर कोने में उद्यमियों को विकसित करने के लिए समग्र नीतियां और योजनाएं। अब 2022 में ओडिशा ने 'टॉप परफॉर्मर्स' की अपनी स्थिति बरकरार रखी है, जो उद्यमी बनने की इच्छा रखने वाली युवा प्रतिभाओं को सशक्त बनाने के लिए राज्य की प्रगतिशील पहल का एक प्रमाण है।

स्टार्टअप ओडिशा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ ओंकार राय ने कहा कि डीपीआइआइटी राज्य स्टार्टअप रैंकिंग 2022 में ओड़िशा का 'टॉप परफॉर्मर' का दर्जा बरकरार रहना हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

सीएम नवीन पटनायक के दूरदर्शी मार्गदर्शन के तहत, हम अपने स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की क्षमताओं को न केवल बनाये रखने, बल्कि बढ़ाने के लिए प्रेरित हैं। ओडिशा एक नयी स्टार्टअप नीति के साथ एक अनुकूल माहौल बनाने के लिए पूरी तरह से समर्पित है, जो विचाराधीन है। वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ सरेंखित है, इएसजी कारकों पर ध्यान केंद्रित कर रही है और महिला उद्यमिता को बढ़ावा दे रही है। हमारा लक्ष्य बढ़ती संख्या में उद्यमियों को उनकी यात्रा में प्रेरित करना और उनका समर्थन करना है। स्टार्टअप ओड़िशा ने एग्रीटेक, आइटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हेल्थकेयर, फिनटेक और बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्रों में 1,800 से अधिक स्टार्ट-अप को बढ़ावा दिया है, जिनमें से 42% महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप हैं। स्टार्टअप ओड़िशा 2025 तक कम से कम 5,000 स्टार्टअप को बढ़ावा देने की राह पर है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# दसपल्ला रेलवे स्टेशन पर यूटीएस पीआरएस टिकट काउंटर खुला



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** रेल मंत्री के वायदे को ध्यान में रखते हुए दसपल्ला रेलवे स्टेशन पर यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) सहित अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) के लिए एक टिकट काउंटर खोला गया है। अब यात्री इस काउंटर से किसी भी स्टेशन से किसी भी स्टेशन तक सभी ट्रेनों में आरक्षित टिकटों के साथ-साथ अनारक्षित टिकट भी बुक कर सकते हैं। बीते 6 जनवरी को दसपल्ला रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के दौरान, जनता से प्राप्त मांग के अनुसार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) टिकट काउंटर खोलने का आश्वासन दिया था और उनके वायदे के 10 दिनों के भीतर दसपल्ला रेलवे स्टेशन पर एक यूटीएस सह पीआरएस काउंटर खोला गया। अब दसपल्ला रेलवे स्टेशन में यूटीएस सह पीआरएस टिकट काउंटर है। आरक्षित टिकट सुविधा रविवार के अलावा अन्य सभी कार्य दिवसों में सुबह 8 बजे से दोपहर 15 बजे तक उपलब्ध रहेगी, जबकि अनारक्षित टिकट की सुविधा चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**